4 रायपुर संभाग
कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने विकास कार्यों के लिए दी...

6 अभिमत
विविधता में फलता-फूलता राष्ट्रवाद

09 विविध
माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर करणी सेना ने की खारुन...

10 छत्तीसगढ़
दुर्ग पुलिस ने 8 घंटे के भीतर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ | RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 26 फरवरी 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-185 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### राष्ट्रपति भवन में 'पर्पल उत्सव' का आयोजन



**नयी दिल्ली।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में एक दिवसीय 'पर्पल उत्सव' का आयोजन कर रहा है। विभाग ने आठ से 13 जनवरी तक गोवा में 'इंटरनेशनल पर्पल उत्सव, 2024' का सफलतापूर्वक आयोजन किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 'पर्पल उत्सव' कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सचिव उपस्थित रहेंगे। इस भव्य स्थल पर 10 हजार से अधिक दिव्यांगजन भी अपने अनुरक्षकों के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कांग्रेस ने मैदान छोड़ा, प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें जीतेगी भाजपा : यादव



**खजुराहो।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खजुराहो आगमन की धमक से ही कांग्रेस ने खजुराहो लोकसभा का मैदान छोड़ दिया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का पूरे प्रदेश में यही हश्र होने वाला है। शाह अपने एकदिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान खजुराहो में बूथ कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन को डॉ यादव ने भी संबोधित किया।

### आनंदीबेन ने किया पद्मभूषण राम नाईक का सम्मान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक को 'पद्म भूषण' हेतु मनोनीत होने पर समारोहपूर्वक सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल का अभिनंदन करते हुए उन्होंने नाईक को बेबाक नेता, कर्मठ समाजसेवी बताया तथा वरिष्ठ राजनीतिक कार्यकर्ता की भूमिका हेतु उनकी सराहना की। कुष्ठ रोगियों के उद्धार हेतु किए जाने वाले कार्य तथा समर्पित समाज सेवक के रूप में उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नाईक का जीवन ''चरैवेति-चरैवेति'' का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# एसीबी और ईओडब्ल्यू ने पूर्व आईएएस समेत 13 शराब कारोबारियों के ठिकानों पर मारा छापा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने बहुचर्चित शराब घोटाले को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। दोनों एजेंसियों के संयुक्त टीम ने प्रदेश के 13 शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी है। टीम ने एक साथ बिलासपुर, रायपुर व दुर्ग जिले में छापा मारा है। दोनों एजेंसियों के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। ईओडब्ल्यू ने जिन लोगों के ठिकानों पर दबिश दी है इनमें पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढाँड, पूर्व आईएएस निरंजन दास, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, सरकारी शराब कंपनी के पूर्व एमडी अरुण पति त्रिपाठी, आबकारी अधिकारी सौरभ बख्शी, अशोक सिंह, अरविंद सिंह, सिद्धार्थ सिंघानिया, अनवर ढ़ेबर और नोएडा में विदु गुप्ता शामिल हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के तीनों बड़े डिस्टिलरी केडिया, वेलकम और भाटिया ग्रुप के ठिकानों पर भी ईओडब्लू की टीम पहुँची है। अरुण पति चूंकि जेल से निकलने के बाद से गायब हैं। सो ईओडब्लू की टीम उनके घर के बाहर बैठी है। ईओडब्लू के अफसरों ने बताया कि 150 अफसरों की टीम इस छापे के लिए लगाई गई है। इससे पहले विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा की कोर्ट से ईओडब्लू ने सर्च वारंट लिया और तड़के 13 ठिकानों पर धमक गई। बता दे, ईड़ी के प्रतिवेदन पर ईओडब्लू ने केस दर्ज किया था, उसी मामले में कार्रवाई हुई है। एसीबी- ईओडब्ल्यू की टीम ने होलोग्राम सप्लाई करने वाली मेसर्स प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के ठिकानों पर भी दबिश दी है।



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तेलंगाना में भद्राचलम स्थित सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। साय ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना भगवान श्रीराम से की। उल्लेखनीय है कि श्रीसीतारामचंद्र स्वामी मंदिर भद्राचलम में गोदावरी नदी के किनारे स्थित सिद्ध मंदिर है।

## मोदी मित्रों के हैं किसानों के नहीं : राहुल गांधी

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह मित्रों के लिए सब कुछ कर सकते हैं लेकिन किसानों के हित के लिए कोई कदम उठाने को तैयार नहीं है। गांधी ने ट्वीट कर कहा क्या मोदी मित्रों का कर्ज़ा माफहुआ, हां। क्या मोदी मित्रों को कॉर्पोरेट टैक्स में छूट मिली, हां। क्या मोदी मित्रों को सस्ती ज़मीनें दी गई, हां। उन्होंने कहा कि मोदी अपने मित्रों के हित में हर कदम उठाने को तैयार है लेकिन किसानों की उन्हें कोई फिक्र नहीं है और जो वादे किसानों से किए थे वह पूरे नहीं हुए हैं। गांधी ने कहा पर क्या किसानों की आय दोगुनी हुई,नहीं- क्या किसानों का कर्ज़ा माफ हुआ, नहीं- हिंदुस्तान के संसाधनों को 1 प्रतिशत खास लोगों में लुटा देने की 'मित्र नीति' भारत बनाने वालों के साथ मोदी का विश्वासघात है। किसानों हितों के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए गांधी ने कहा कांग्रेस प्रतिबद्ध है, हर किसान, हर मज़दूर और अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब के लिए न्यायपूर्ण नीतियां बनाने के प्रति।

## राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 मार्च तक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 15 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम नागरिक की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिए थे। ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन प्राथमिकता से कर सकें। इसी कड़ी में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयाल दास बघेल ने ऑनलाईन नवीनीकरण के आवेदन के लिए तारीख आगामी 15 मार्च 2024 तक बढ़ाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

## सर्चिंग के दौरान पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 3 नक्सलियों को मार गिराने की पुलिस ने की पुष्टि

**मुठभेड़ स्थल से बंदूक व दैनिक उपयोगी सामग्री भी जब्त**

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



ओ.पी.पाल प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, के.एल. ध्रुव पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर, हरिन्दर पाल सिंह सोही उप महानिरीक्षक बीएसएफ सेक्टर सिंगारभाट कांकेर के मार्गदर्शन,आई.के.एलेसेला पुलिस अधीक्षक कांकेर, रमेश राम सेनानी 30वीं वाहिनी बीएसएफ मुख्यालय कोयलीबेड़ा, अभिषेक आनंद सेनानी 33 वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय केंवटी के निर्देशन में जिले में नक्सल उन्मूलन के तहत नक्सलियों के विरूद्ध लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमरा, हुरतराई, मिच्चेबेड़ा व उसके आसपास क्षेत्र में नक्सल कंपनी नंबर-05 के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर 25 फरवरी को रात्रि 30 वीं वाहिनी बीएसएफ डीआरजी की संयुक्त टीम संयुक्त नक्सल अभियान में थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमरा, हुरतराई, मिच्चेबेड़ा की ओर रवाना हुये थे। नक्सल गस्त/सर्चिंग के दौरान, 25 फरवरी के प्रातः लगभग 8 बजे थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमरा-हुरतराई के मध्य जंगल पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुआ। नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख जंगल/पहाड़ का आड़ लेकर भाग गये। पुलिस पार्टी द्वारा घटना स्थल का बारीकी से सर्चिंग करने पर घटना स्थल से 3 पुरूष नक्सलियों का शव, तीन नग भरमार बंदूक एवं दैनिक उपयोगी नक्सली सामग्री बरामद किया गया। मृत नक्सलियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है जिसके लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## अगले पांच साल महान भारत की नींव डालने के, कोई बूथ ऐसा ना हो, जहां भाजपा की जीत ना हो : अमित शाह

एजेंसी < खजुराहो
www.dailypioneer.com



आगामी लोकसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को विजय का संकल्प दिलाते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगले पांच साल महान भारत की नींव डालने के हैं और लोकसभा चुनाव में कोई ऐसा बूथ ना हो, जहां भाजपा की जीत ना हो। शाह अपने एकदिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान खजुराहो में बूथ कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं स्थानीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि वे क्लस्टर के 23 हजार बूथ कार्यकर्ताओं से बातचीत के लिए और उन्हें विजय संकल्प दिलाने आए हैं। उन्होंने कहा कि बाकी पार्टियां अनेक कारणों से जीततीं हैं, पर भाजपा बूथ कार्यकर्ता की बदौलत ही जीतती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का लक्ष्य बूथ कार्यकर्ताओ के बिना नहीं हो सकता। मध्यप्रदेश संगठन की भूमि है। कोई बूथ ऐसा ना हो, जहां भाजपा की जीत ना हो। गृह मंत्री ने कहा कि हर बूथ कार्यकर्ता अपने बूथ पर 'नरेंद्र मोदी' बन कर खड़ा रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से 27 और 2019 में 29 में से 28 सीटें भाजपा की झोली में आई थीं। इस बार शेष बची एक सीट को भी कार्यकर्ता भाजपा के पक्ष में लाकर प्रधानमंत्री की झोली भर दें। गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ने 10 साल में हर वादा पूरा किया है। भाजपा ने राममंदिर बनाने का कहा था। इसी क्रम में उन्होंने वर्ष 2019 का संदर्भ देते हुए कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि अध्यक्ष रहते हुए वे शाह और भाजपा का मजाक उड़ाते थे और कहते थे कि राम मंदिर की भाजपा तिथि नहीं बताएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 की तारीख 10 सहस्त्र साल के इतिहास में दर्ज हुई है।

## बसपा सांसद रितेश पांडे भाजपा में शामिल



एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी सांसद रितेश पांडे दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। उत्तर प्रदेश की अंबेडकर नगर संसदीय सीट से सांसद पांडे ने रविवार को बसपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। भाजपा में शामिल होने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए पांडे ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण से प्रेरित हैं और इस लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। दिन की शुरुआत में, पांडे ने एक्स पर अपना इस्तीफा पत्र साझा किया, जो उन्होंने बसपा प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को भेजा है। पत्र में उन्हें लोकसभा में पार्टी का प्रतिनिधित्व करने का अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया गया है। उन्होंने पत्र में कहा, बसपा के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करते ही मुझे आपका मार्गदर्शन मिला।

**छत्तीसगढ़ शासन लोगों को गुणवत्ता पूर्ण सुरक्षित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने है प्रतिबद्ध : स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल**

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से रायपुर में छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का किया शुभारंभ

### राजधानी रायपुर में 4.33 करोड़ रुपए की लागत से बनी है अत्याधुनिक प्रयोगशाला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजकोट से राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी में स्थित छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ही समय में देश के विभिन्न शहरों में अनेक लोकार्पण और शिलान्यास कर नई परंपरा की शुरूआत की। मोदी ने कहा कि ऐसे ही तेज गति से कार्य कर विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम प्रत्येक नागरिक को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। बेहतर स्वास्थ्य की संकल्पना पूरी हो सके इसके लिए यह लैब खाद्य सुरक्षा के लिए एक कवच का काम करेगी। कार्यक्रम में विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य रेणु जी. पिल्ले, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक सोनी, एमडी एनएचएम डॉ. जगदीश सोनकर, आयुक्त नगर निगम अबिनाश मिश्रा, उप सचिव भारत सरकार पुलकेश, एफएसएसएआई के अधिकारी शरद राव तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। दिसंबर 2006 से कालीबाड़ी रायपुर स्थित नवीन भवन में खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसमें आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा माइक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात दी गई। यह प्रयोगशाला खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की अतिरिक्त वित्तीय सहायता 4 करोड़ 33 लाख रूपए से तैयार की गई है। यह प्रदेश की प्रथम खाद्य माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला है। खाद्य पदार्थों एवं पेयजल को हानिकारक सूक्ष्म-जीवाणुओं द्वारा दूषित कर दिया जाता है, जिससे जन-सामान्य को कई तरह की बीमारियां होने की संभावना रहती है। खाद्य जनित बीमारियॉ जैसे उल्टी, डायरिया, टाईफाईड, बुखार, हैजा, त्वचा संबंधित बीमारियां आदि होती है। पूर्व में प्रयोगशाला में रासायनिक परीक्षण, हैवी मैटल, पेस्टीसाईड, विटामिन्स की परीक्षण होती थी, परन्तु माईक्रोबायोलॉजिकल मानकों की जॉच नहीं होती थी।

### प्रधानमंत्री आज भारत टेक्स का उद्घाटन करेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यहां देश के अब तक के सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक 'भारत टेक्स 2024' का उद्घाटन करेंगे। भारत टेक्स 2024 का आयोजन 26 से 29 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के '5 एफविजन' से प्रेरणा लेते हुए इस कार्यक्रम में फाइबर, फैब्रिक और फैशन फोकस के माध्यम से विदेशों में एक एकीकृत फार्म है, जो संपूर्ण कपड़ा मूल्य श्रृंखला को कवर करता है। यह कपड़ा क्षेत्र में भारत की शक्ति को प्रदर्शित करेगा और वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में भारत की स्थिति की पुष्टि करेगा। भारत टेक्स 2024 का आयोजन देश के 11 कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषदों के एक संघ द्वारा किया जा रहा है और सरकार द्वारा समर्थित, व्यापार और निवेश के दोहरे स्तंभों पर बनाया गया है। चार दिवसीय कार्यक्रम में 65 से अधिक सत्र होंगे जिसमें 100 से अधिक वैश्विक पैनलिस्ट इस क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसमें स्थिरता और परिपत्रता पर समर्पित मंडप, एक 'इंडी हाट', भारतीय कपड़ा विरासत, स्थिरता और वैश्विक डिजाइन जैसे विविध विषयों पर फैशन प्रस्तुतियां, साथ ही इंटरैक्टिव फैब्रिक परीक्षण क्षेत्र और उत्पाद प्रदर्शन भी होंगे।

### 'परमार्थ परमो धर्मः' के मार्ग पर चलने वाले लोग सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परमार्थ परमो धर्मः' के मार्ग पर चलने वाले, स्थानीय संस्कृति के संरक्षण में लगे लोगों तथा तकनीक की मदद से बदलाव के वाहक बनने वाले लोगों को सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण ताकत करार दिया है और ऐसे लोगों को सामने लाने का आह्वान किया है। मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम मन की बात के 110वें एपिसोड में रविवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की सीख है - 'परमार्थ परमो धर्मः' यानि दूसरों की मदद करना ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। इसी भावना पर चलते हुए हमारे देश में अनगिनत लोग निःस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करने में अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। बिहार में भोजपुर के भीम सिंह भवेश के कार्यों की अपने क्षेत्र के एक अत्यंत गरीब एवं वंचित समुदाय मुसहर जाति के लोगों के बीच खूब चर्चा है। भीम सिंह भवेश जी ने इस समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर अपना फोकस किया है।

## दिल्ली में 13वां 'साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब महोत्सव' संपन्न

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

संस्कृति मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से राजधानी में आयोजित '13वां साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब कला, संस्कृति एवम साहित्य महोत्सव' रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस वार्षिक सांस्कृतिक समारोह में पद्म भूषण पंडित साजन मिश्रा और पं. स्वरांश मिश्रा, पद्मश्री रंजना गौहर (शास्त्रीय नृत्यांगना), पद्मश्री उस्ताद गुलफाम अहमद खान (रबाब वादक), और ग्रैमी नॉमिनी उस्ताद शुजात खान (सितार वादक) जैसे उत्कृष्ट कलाकारों ने भाग लिया। इसके अलावा, सोनम कालरा, राजीव सिंह, डॉ. ममता जोशी, कव्वाल मुनव्वर मासू और फरहीद हसन खान और महबूब हुसैन खान की मधुर आवाज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि तथा शायर जैसे पद्मश्री प्रो. अशोक चक्रधर, वसीम बरेलवी, फरहत एहसास, कुँवर रंजीत चौहान, शकील आज़मी, रामायण धर द्विवेदी, अनस फैजी, जावेद मुशिरी और शाकिर देहलवी भी शामिल हुये। इस मौके पर ओटीटी और फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता विनय पाठक, प्रकाश बेलावादी, फैज़ल मलिक, दुर्गेश कुमार, चंदन रॉय, श्रीकांत वर्मा ने आकर्षक पैनल चर्चा में वार्ता की। अनिल शर्मा (एनएसडी) द्वारा निर्देशित और डॉ. दानिश इकबाल द्वारा लिखित प्रसिद्ध हास्य नाटक एंटी नेशनल गालिब ने दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। प्रदर्शनों में किस्साकर मनु सिकंदर ढींगरा की किस्सागोई 'हीर वसीर शाह' (मूल कहानी), दास्तान-ए-मीर तकी एमआई, दास्तान-ए-राम और जानकी बैंड ऑफवूमेन आदि कार्यक्रम शामिल थे।

# किसानों के विरोध प्रदर्शन के कारण अमृतसर एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि, आठ गुणा बढ़ा किराया


एजेंसी ‹ अमृतसर
www.dailypioneer.com



पंजाब और हरियाणा सीमा पर चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान, दिल्ली के लिए सड़क यातायात बाधित होने के कारण पंजाबियों ने अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का रुख किया है जिसके कारण पंजाब के सबसे बड़े और व्यस्ततम श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे अमृतसर में यात्रियों की संख्य में भारी वृद्धि हुई है। दिल्ली के लिए यात्रियों की संख्या के कारण कई उड़ानों की कीमतें लगभग 3200 रुपये से बढ़कर 25,000 रुपये से अधिक हो गईं और कई सीधी उड़ानों की टिकटें बिक गईं। प्रवासी पंजाबियों और पंजाब से आने-जाने वाले अन्य यात्रियों के लिए थोड़ी राहत भरी खबर है कि इंडिगो एयरलाइंस ने 29 फरवरी 2024 तक दिल्ली-अमृतसर के बीच एक और फ्लाइट शुरू कर दी है। एयरलाइन पहले इस मार्ग पर चार दैनिक उड़ानें संचालित करती थी। इस नई उड़ान की शुरुआत के बावजूद, किसानों की चल रही हड़ताल के कारण दिल्ली और अमृतसर के बीच उड़ानों की मांग और किराया अभी भी अधिक है। हजारों पंजाबी दैनिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से दिल्ली आते हैं और सड़क मार्ग से बसों, कारों या टैक्सियों के माध्यम से पंजाब पहुंचते हैं। लेकिन अब वे हड़ताल के कारण रास्ते में किसी भी व्यवधान से बचने के लिए अमृतसर से दिल्ली के लिए उड़ान लेना पसंद कर रहे हैं। फ्लाई अमृतसर इनिशिएटिव के वैश्विक संयोजक, अमेरिका निवासी समीप सिंह गुमटाला ने कहा कि इंडिगो की यह नई उड़ान, दिल्ली हवाई अड्डे से दोपहर 12:45 बजे प्रस्थान करती है और दोपहर 2:00 बजे अमृतसर पहुंचती है। वापसी उड़ान, दोपहर 2:45 बजे अमृतसर से प्रस्थान करती है और शाम 4:00 बजे दिल्ली पहुंचती है। इस फ्लाइट के लिए बुकिंग इंडिगो की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हवाई अड्डे पर भारी यातायात को देखते हुए, गुमटाला ने यात्रियों को कम से कम चार घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुंचने की सलाह दी, खासकर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों वाले यात्रियों को। सामान की जाँच, चेक-इन और आव्रजन प्रक्रियाओं के दौरान अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को घरेलू यात्रियों की तुलना में अधिक समय लगता है। कुछ दिनों के लिए उड़ान की शुरुआत का स्वागत करते हुए, गुमटाला ने कहा, 29 फरवरी तक इस उड़ान के शुरू होने के साथ, दिल्ली और अमृतसर के बीच सीधी दैनिक उड़ानों की कुल संख्या 11 हो गई है, जिसमें इंडिगो की पांच, एयर इंडिया की पांच उड़ानें शामिल हैं। .तीन उड़ानें थ्री और विस्तारा द्वारा संचालित की जाती हैं। हमें उम्मीद है कि एयर इंडिया समेत अन्य भारतीय एयरलाइंस जल्द ही और उड़ानें जोड़ेंगी जिससे किराए में भी कमी आएगी। सोशल मीडिया पर एयरपोर्ट पर भीड़ का वीडियो शेयर कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और कहा जा रहा है कि एयरपोर्ट में प्रवेश करने के लिए गेट पर 7 घंटे लगते हैं। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए गुमटाला ने कहा कि पिछले दिनों इटली से मिलान और अन्य अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों ने हमें मुख्य हवाई अड्डे के गेट में प्रवेश करने के लिए लगभग एक घंटे तक लाइन में इंतजार करने के बारे में बताया था। गुमटाला ने एयरपोर्ट अधिकारियों से भी प्रवेश द्वार पर भीड़ कम करने की अपील की है।

# पीएम मोदी ने जगत मंदिर में की पूजा-अर्चना

वार्ता ‹ देव भूमिद्वारका
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के द्वारका में भगवान द्वारकाधीश के जगत मंदिर में पूजा-अर्चना की। मोदी का स्वागत करने के लिए जगत मंदिर को फूलों से सजाया गया था। उन्होंने द्वारकाधीश मंदिर में भगवान द्वारकाधीश के चरणों में शीश नवाया और मंदिर में दर्शानार्थियों-श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। मंदिर के पुजारी ने शास्त्रोक्त विधि पूर्वक उन्हें पादुका पूजन कराया। प्रधानमंत्री शारदा पीठ भी गए और शारदा पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां उनका स्वागत किया गया। बाद में वह पवित्र गोमती नदी के घाट पर पहुंचे और वहां उन्होंने सुदामा सेतु का भी दौरा किया। मोदी के मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी.आर. पाटिल, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, मुख्य सचिव राज कुमार, जिला पंचायत के नर्थु चावड़ा, जगा चावड़ा, लूणाभा सुमणिया, जेके हाथिया, वनराजभा माणेक, संजय नकुम, प्रतापभाई पिंडारिया, राजू सरसिया, करशन जोड, धीरुभाई और मेघ पिपरोतर आदि गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया।

# ट्रक के खाई में गिरने से दो लोगों की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया, जिससे ट्रक के चालक और क्लीनर की मृत्यु हो गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मझगवां से भियामऊ जा रहा ट्रक बरौंधा थाना क्षेत्र की खोही घाटी में अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना में ट्रक चालक पंकज पाल और क्लीनर रामभरोसे की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गैस गीजर में बनी जहरीली गैस से नव विवाहिता की मौत

एजेंसी ‹ औरैया
www.dailypioneer.com




उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के दिबियापुर थाना क्षेत्र की चौकी व गांव कंचौसी में रविवार की सुबह नहाते समय बाथरूम में गैस गीजर से बनी जहरीली गैस के कारण नवविवाहिता की मौत हो गयी। युवती की हाल ही में 14 फरवरी को शादी हुई थी। आधिकारिक सूत्रों ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि कंचौसी गांव निवासी अश्वनी गुप्ता की कानपुर निवासी चित्रा के साथ पिछली 14 फरवरी को शादी हुई थी। चित्रा रविवार को दिन में करीब नौ बजे नहाने के लिए बाथरूम में गयी थी। वह काफी देर तक बाथरूम से बाहर नहीं निकली तो परिजनों को चिंता हुई, जिन्होंने बाथरूम के पास जाकर चित्रा को आवाज लगाई पर अंदर से कोई जवाब नहीं आया। इस दौरान आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए, जिसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया और देखा कि बाथरूम के अंदर चित्रा बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़ी है। परिजन तत्काल उसे निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने चित्रा को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने नव विवाहिता की मौत की खबर कानपुर में मायका पक्ष को दी। बताया गया कि चित्रा का विवाह बीते 14 फरवरी को हिंदू रीति रिवाज से कंचौसी गांव थाना दिबियापुर निवासी अश्वनी गुप्ता के साथ हुआ था। घटना के समय अश्वनी अपने दूसरे मकान में गया था। अश्वनी की मिठाई की दुकान है। इस संबध में चौकी प्रभारी ज्ञानेद्र कुमार ने बताया पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि जिन घरों के बाथरूम में उचित वेंटिलेशन नहीं होता है ऐसे बाथरूम में गैस गीजर के इस्तेमाल से कार्बन मोनो ऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी बेहद हानिकारक गैसों का रिसाव होता है।

# भारत-जापान संयुक्त अभ्यास 'धर्मा गार्डियन' राजस्थान में हुआ शुरू

वार्ता ‹ जयपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय सेना और जापानी ग्राउंड सेल्फ डिफेन्स फोर्सेस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्मा गार्डियन' का पांचवां संस्करण राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। यह अभ्यास 25 फरवरी से नौ मार्च तक आयोजित किया जाएगा। 'धर्मा गार्डियन' एक वार्षिक अभ्यास है जो भारत और जापान में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है। दोनों पक्षों के दल में 40 सैन्यकर्मी शामिल हैं। जापानी दल का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट के सैनिकों द्वारा किया जा रहा है और भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र प्राधिकार के अध्याय आठ के तहत अर्द्ध-शहरी वातावरण में संयुक्त संचालन को अंजाम देने के लिए सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजनाओं और विशेष हथियार कौशल की मूल बातों पर केंद्रित होगा। इस अभ्यास के दौरान अस्थायी ऑपरेटिंग बेस की स्थापना, खुफ़िया जानकारी की तैयारी, निगरानी और पूर्व-परीक्षण की तैयारी, मोबाइल वाहन चेक पोस्ट स्थापित करना, एक शत्रुतापूर्ण गांव में कॉर्डन और खोज संचालन निष्पादित करना, हेलीबोर्न संचालन और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल शामिल होंगे। इस दौरान'आत्मनिर्भर भारत' के तहत देश की बढ़ती रक्षा और औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करते हुए हथियार और उपकरण का प्रदर्शन भी आयोजित किया जाएगा। जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेन्स फोर्स की पूर्वी सेना के कमांडिंग जनरल ऑफिसर, लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी यूची भी 'धर्मा गार्डियन' अभ्यास के दौरान भारत का दौरा करने वाले हैं। लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी यूची आगामी तीन मार्च को महाजन फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा करेंगे और कॉम्बैट शूटिंग, विशेष हेलीबोर्न ऑपरेशन और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल देखेंगे। 'धर्मा गार्डियन' अभ्यास से दोनों पक्षों में स्ट्रेटेजिक संचालन की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम होंगे। यह अभ्यास दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच अंतर-संचालन, मेल-मिलाप विकसित करने की सुविधा भी प्रदान करेगा। इससे रक्षा सहयोग का स्तर बढ़ेगा और दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।

# उत्तराखंड में तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**रुद्रपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर की पंतनगर पुलिस ने चोरी की आठ मोटरसाइकिल के साथ तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार किया है। पंतनगर पुलिस की ओर से शनिवार को अशोका लीलैंड कम्पनी के पास वाहनों की जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक बिना नम्बर की संदिग्ध मोटर साइकिल को रोका गया। मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार थे। दोनों से गहन पूछताछ की गई। इस दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने साथी निरंजन सिंह निवासी ग्राम नंदपुर थाना गदरपुर के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। साथ ही यह भी बताया कि उन्होंने संजय वन में चोरी कि मोटरसाइकिलों को छिपाया है। पुलिस दोनों की निशानदेही पर संजय वन से चोरी की सात मोटर साइकिलें बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी नितिन निवासी ग्राम आबाद नगर, थाना गदरपुर उधम सिंह नगर और चंदन कुमार निवासी ग्राम नंदपुर थाना गदरपुर उधम सिंह नगर को गिरफ्तार कर लिया।

# सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा में अभ्यर्थियों की 29.1 प्रतिशत उपस्थिति रही

**अजमेर।** राजस्थान लोकसेवा आयोग की ओर से सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा (सांख्यिकी विभाग) -2023 के लिये आज अजमेर एवं जयपुर मुख्यालय पर आयोजित परीक्षा में महज 29.1 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। अजमेर में आयोग मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजमेर में 30 तथा जयपुर के 41 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के लिये कुल 21167 अभ्यर्थी पंजीकृत किये गये , जिनमें से 15005 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे और केवल 6162 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी । इस तरह परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों का कुल प्रतिशत 29.1 रहा।

# अगली बार प्रधानमंत्री की मन की 111 शुभ अंक से शुरू होगा: त्रिपाठी

**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुचर्चित कार्यक्रम 'मन की बात' रविवार को सुनने के बाद उत्तर प्रदेश के देवरिया में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि अगली बार प्रधानमंत्री की मन की बात 111 शुभ अंक से शुरू होगी। यहां प्रधानमंत्री के मन की बात को भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेडियो,टेलीविजन,यूट्यूब,नमो ऐप के माध्यम से सभी बूथों पर सुना। इसी के क्रम में भटवलिया बूथ पर सदर सांसद त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनने के बाद कहा कि मन की बात कार्यक्रम का बहुत बड़ी सफलता है। मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश की सामूहिक शक्ति की बात होती है, देश की उपलब्धि की बात करते हैं। यह एक तरह से जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा तैयार होने वाला कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मर्यादा का पालन करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के इन दिनों में अब अगले तीन महीने तक प्रधानमंत्री मोदी मन की बात नहीं करेंगे7 अब जब मन की बात का अंक प्रसारित होगा तो वो मन की बात का 111वाँ अंक होगा। अगली बार मन की बात की शुरुआत 111 के शुभ अंक से होगा इससे अच्छा भला क्या होगा। मन की बात कार्यक्रम से देशवासियों को देश के बारे विभिन्न जानकारी मिलती है।

# नेत्रदान के प्रति आमजन में जागरूकता आवश्यक: पंत

एजेंसी ‹ जयपुर
www.dailypioneer.com




राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने नेत्रदान के प्रति आमजन में जागरूकता की जरूरत बताते हुए कहा है कि नेत्रदान के प्रति आमजन को प्रेरित और प्रोत्साहित कर जरूरतमंद व्यक्तियो को कॉर्निया उपलब्ध कराकर उनके जीवन मे रोशनी लाई जा सकती है। पन्त भट्टारकजी की नसिया सभागार में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा आयोजित नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आमजन में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। पंत ने आमजन को नेत्रदान के प्रति जागरूक कर कॉर्निया उपलब्ध कराने में सहयोग के लिए आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के प्रति साधुवाद व्यक्त किया। उन्होंने अंग दान के बारे में बनाये गए पोर्टल के बारे में जानकारी दी। इस पोर्टल पर सरल प्रक्रिया से अंग दान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कैडेबर कॉर्निया ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया अत्यंत सरल है। इस अवसर पर नेत्रदानी परिवार सम्मान के साथ ही आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओ का भी सम्मान किया गया। योगेश मित्तल ने एक लाख रुपये की सहयोग राशि के साथ ही अन्य दानदाताओं ने सोसायटी की सहायतार्थ चैक प्रदान किये। आई बैंक सोसायटी ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस बी एल शर्मा ने बताया कि वर्ष 2002 में आई बैंक सोसायटी ऑफ़ राजस्थान की स्थापना की गई। अब तक 24 हजार नेत्रदान करवाकर 14 हजार का प्रत्यारोपण किया जा चुका है। सोसायटी द्वारा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है और इसी का परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के बराबर 65 प्रतिशत कॉर्निया काम मे लिया जा रहा है। गत वर्ष 2300 कॉर्निया ट्रांसप्लांट किये गए। एसएमएस अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने कॉर्निया ट्रांसप्लांट करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम चेकोस्लोवाकिया के एक डॉक्टर ने वर्ष 1905 में कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया और अब विश्वभर में कॉर्निया ट्रांसप्लांट कर जरूरतमंदो को रोशनी प्रदान की जा रही है। उच्च न्यायालय पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन के जैन ने नेत्रदानी परिवारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके परिजन से मृत्युपरांत प्राप्त कॉर्निया से किसी को नेत्र ज्योति प्राप्त हुई है। उन्होंने आमजन से समाज के प्रति अधिक उत्तरदायी होते हुए नेत्रदान करने की अपील की। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के सचिव ललित कोठारी ने बताया कि अब तक आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के सहयोग से 14 हजार व्यक्तियों को कॉर्निया उपलब्ध करवाकर उन्हें रोशनी प्रदान की गई है।

# शाहपुर कंडी बैराज से पाकिस्तान की ओर बहने वाले पानी का प्रवाह रोका

एजेंसी ‹ जालंधर
www.dailypioneer.com

पंजाब के पठानकोट जिले में रावी नदी पर बनी शाहरपुरकंडी बांध परियोजना के पूरा होने से भारत ने पाकिस्तान की ओर बहने वाले रावी नदी के जलप्रवाह को रोक दिया है। इस जल का प्रयोग अब जम्मू-कश्मीर और पंजाब में सिंचाई के लिए प्रयोग किया जाएगा। 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि के तहत यह परियोजना भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी प्रणाली के उपयोग और वितरण को नियंत्रित करती है। शाहपुरकंडी बांध परियोजना पठानकोट जिले में रावी नदी पर, मौजूदा रंजीत सागर बांध से नीचे की ओर स्थित है। यह परियोजना पंजाब में पांच हजारा हेक्टेयर और जम्मू और कश्मीर में 32 हजार हेक्टेयर जमीन को सिंचाई प्रदान करेगी। इस प्रकार जम्मू-कश्मीर क्षेत्र को अब उस 1150 क्यूसेक पानी से लाभ होगा जो पहले पाकिस्तान को आवंटित किया गया था। इंजीनियर एसोसिएशनके प्रवक्ता वीके गुप्ता ने रविवार को कहा कि शाहपुर कंडी बैराज के पूरा होने से भारत को रावी नदी का अधिकतम उपयोग करने की अनुमति मिलती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पहले पाकिस्तान की ओर बहने वाला पानी अब जम्मू और कश्मीर और पंजाब में उपयोग किया जाएगा। निर्माणाधीन बिजली घर हाइडल चैनल पर हैं, जो शाहपुरकंडी बांध से नीचे की ओर है। रणजीत सागर बांध द्वारा छोड़े गए पानी का उपयोग इस परियोजना के लिए बिजली पैदा करने के लिए किया जाना है। यह परियोजना 206 मेगावाट तक बिजली पैदा करेगी। उम्मीद है कि शाहपुर कंडी पावर हाउस अगले साल के अंत तक बिजली उत्पादन शुरू कर देगा। संतुलन जलाशय का सकल भंडारण 4.23 ट्रिलियन घन मीटर फीट है। पीक आवर्स के दौरान 600 मेगावाट बिजली घर के माध्यम से बिजली पैदा करने के बाद, अपस्ट्रीम रंजीत सागर बांध से छोड़ा गया पानी, डाउनस्ट्रीम नदी में बिना किसी अतिप्रवाह के सिंचाई नहरों को लगातार पानी की आपूर्ति करने के लिए संतुलन जलाशय में संग्रहीत किया जा रहा है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान ने की नमो ऐप कैंप की शुरुआत



**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर के नेतृत्व में गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में नमो ऐप विकसित भारत ब्रांड एम्बेसडर का कैंप लगाया गया। शिविर में भाजपा पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को नमो ऐप डाऊनलोड कराया। इस दौरान मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के लिए विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर भी बनाए गए। भाजपा के ओबीसी मोर्चा की ओर से प्रदेश भर में इस तरह के शिविर लगाकर नमो ऐप डाउनलोड करवाए जाएंगे तथा विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर बनाने के अभियान की शुरुआत की है। इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में नमो एप डाऊनलोड करवा कर विकसित भारत ब्रांड एम्बेसडर बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अभियान के संयोजक सुनील यादव, प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह पंवार सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं जिले के पदाधिकारी मौजूद थे।

# राजस्थान में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सुना मोदी के मन की बात का 110 वां संस्करण

एजेंसी ‹ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान की राजधानी जयपुर में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' के 110वें संस्करण को सुना। इन लोगों ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोदी के मन की बात को सुना। मोदी ने अपने मन की बात में कहा कि देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी शक्ति पीछे रह गई हो। महिलाएं खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में भी अपना विशेष योगदान दे रही हैं। केमिकल से हमारी धरती मां को जो कष्ट हो रहा है, जो दर्द हो रहा है हमारी धरती मां को बचाने में देश की मातृ शक्ति बड़ी भूमिका निभा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते चलन को लेकर कहा कि सोशल मीडिया कंटेंट के मामले में भारत के हमारे युवा-साथी कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में कमाल कर रहे है। चाहे कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हो, आपको अलग-अलग विषयों पर अलग-अलग कंटेंट शेयर करते हमारे युवा साथी मिल ही जाएंगे। पर्यटन, सामाजिक चीजें, जनता की सहभागिता से जुड़े किस्से हों या फिर प्रेरक जीवन यात्रा, इन सभी से जुड़े तरह-तरह के कंटेंट सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। नव-मतदाताओं के संबंध में उन्होने कहा मुझे इस बात की खुशी है कि कुछ दिन पहले ही चुनाव आयोग ने एक और अभियान की शुरुआत की है। मेरा पहला वोट देश के लिए। इसके जरिए विशेष रूप से नव-मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया गया है। मन की बात कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, वासुदेव चावला, प्रदेश प्रवक्ता रामकुमार वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानी, सोशल मीडिया के प्रदेश सह-संयोजक अजय विजयवर्गीय, भाजपा प्रदेश मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रतिमा खंडन करने वाले अज्ञात अराजक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र में किन्हीं अज्ञात अराजक तत्वों के गांव में एक ही स्थान पर स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर व भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। राजेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कामिल खान ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के उजरामऊ में, समाज की जमीन पर, एक ही स्थान पर स्थापित निर्मित डॉ भीमराव अंबेडकर व छोटी-सी भगवान बुद्ध की दोनों प्रतिमाओं की अंगुलियों को किन्ही अराजक तत्वों द्वारा शनिवार और रविवार की दरमियानी रात में क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के उजरामऊ में ग्राम समाज की जमीन पर स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर व छोटी भगवान बुद्ध की दोनों प्रतिमाओं की देखभाल गांव का रहने वाला श्रीपाल करता था। जब ग्रामीण प्रतिमा स्थल से गुजरे तो उन्होंने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व छोटी भगवान बुद्ध प्रतिमाओं की अगुलियां क्षतिग्रस्त देखी। इसके बाद घटना की सूचना राजेपुर थाना पुलिस को जैसे ही मिली वैसे ही थाना प्रभारी निरीक्षक कामिल खान अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# एनसीटीए की बैठक में भटनागर बतौर विशेषज्ञ लेगें हिस्सा

**उदयपुर।** केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन संचालित राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी) की 24 वीं बैठक में भाग लेने के लिए सेवानिवृत्त सीसीएफराहुल भटनागर बतौर विशेषज्ञ सदस्य हिस्सा लेंगे। नसीटीए के सहायक वन महानिदेशक डॉ. वैभव सी माथुर द्वारा भेजे गए आमंत्रण पत्र के अनुसार भटनागर देश के प्रमुख विशेषज्ञ सदस्यों के साथ दिल्ली में 29 फरवरी को आयोजित होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे। इंदिरा पर्यावरण भवन में आयोजित होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री व एनटीसीए के अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव करेंगे।

# बजट में कांकेर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों की मिली सौगात

■ विधायक आशा नेताम ने मुख्यमंत्री का किया आभार

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम के द्वारा कांकेर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ो के विभिन्न निर्माण कार्यों को छत्तीसगढ़ के प्रथम विधानसभा सत्र के दौरान बजट 2023-24 विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान करते हुए विकास कार्या की सौगात प्रदान की है। कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम ने क्षेत्र के बहुप्रतिक्षित मांगों को इस बजट में शामिल कराते हुए कांकर विधान सभा को विकास की नई गति प्रदान किया है। बजट के दौरान कांकेर विधानसभा क्षेत्र में निर्माण कार्यों में प्रमुख रूप से निम्नांकित कार्य बजट में प्रमुखता से विभीन्न निर्माण कार्य शामिल किए गए जिला मुख्यालय कांकेर में आडिटोरियम का निर्माण (प्रथम अनुपूरक वर्ष 2022-23) 300 लाख। जिला परिवहन कार्यालय कांकेर में परिवहन कार्यालय भवन का निर्माण (वर्ष 2021-22) 93.15। जिला कांकेर के तहसील कांकेर के सुरेली में पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण। जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के मारवाड़ी में पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण। जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के आंखीहर्रा मे पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के धोराभांटा मे पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण कार्य। जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के मासुलपानी मे पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण। जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के जामगांव मे पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण कार्य। जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के चरमट्टी मे पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण कार्य। जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के देवरीबालाजी मे पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण कार्य। जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के धनेसरा मे पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण। जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के चोरिया में पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण। जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के मुडपार (दखनी) मे पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण जिला कांकेर के तहसील कांकेर के कुलगांव में पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण जिला कांकेर के तहसील नरहरपुर के कुरना मे पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण अग्निशामक एवं आपातकालीन सेवाओं के अतंर्गत कांकेर में फायर स्टेशन हेतु भवन व गैरेज का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 120.28 जिला जेल कांकेर अतंर्गत शौचालय / बाथरूम टाईल्स लगाने का कार्य (कार्य वर्ष 2022-23) 2.26। जिला जेल कांकेर अतंर्गत महिला एवं पुरूष बैरक के शौचालय / बाथरूम मे टाईल्स लगाने का कार्य (कार्य वर्ष 2022-23) 5.55। जिला जेल कांकेर अतंर्गत पुराने बैरक एवं प्रशासनिक भवन के छत का वाटर प्रूफिंग का कार्य (कार्य वर्ष 2022-23) 3.07 जिला जेल कांकेर अतंर्गत बैरक एवं कॉमन रूम के खपरैल छत के स्थान पर आर.सी.सी. कराने का कार्य (कार्य वर्ष 2022-23) 8.52, जिला जेल कांकेर के मुख्य दिवार के प्लास्टर का कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) 13.29, जिला जेल कांकेर में उच्च सुरक्षा वार्ड का निर्माण (कार्य वर्ष



2024-25) 7.73, जिला जेल कांकेर के मुख्य दिवार, जेल कक्ष, पुराना बैरक, महिला खण्ड के विद्युत वाईरिंग सुधार का कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) 9.86, जिला जेल कांकेर में आवसीय भवनों के लिए सर्विस मार्ग का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 21.32, जिला जेल कांकेर के आवासीय भवनो के चारों ओर नाली निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 3.03, जिला जेल कांकेर के आवासीय भवनो के छत में रूफ ग्रेडिंग कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) 4.26, जिला जेल कांकेर के आवसीय भवनों का जीणार्धार कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) 11.5, जिला जेल कांकेर के मुख्य दिवार, जेल कक्ष, पुराना बैरक, महिला खण्ड के विद्युत वाईरिंग सुधार का कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) 9.86, जिला जेल कांकेर में एफ-टाईप, जी टाईप एवं एच-टाईप शासकीय आवास गृह का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 140.00, 10 जेलो में 50-50 बंदी क्षमता वाली (भूतल 25 प्रथम तल 25 10 नग बंदी शौचालय) बैरक्स निर्माण कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) 700.00, जेलों में विद्युतीकरण से सबंधित आवश्यक कार्य (कार्य वर्ष 2023-24) 279.93, जेल व्यवस्था हेतु अन्य आवश्यक निर्माण कार्य (कार्य वर्ष 2023-24) 103.04, राज्य की जेलो बंदियों एवं बाह्य सुरक्षा में तैनात बलो हेतु शौचालय / स्नानागार का निर्माण (कार्य वर्ष 2021-22), केन्द्र प्रवर्तित योजना के अतंर्गत 26 न्यायालयों के भवन निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 20000, जिला न्यायालय, व्यवहार न्यायालय एवं परिवार न्यायालयों में सी.सी. टीवी एवं कैमरा का संस्थापन (कार्य वर्ष 2024-25) 230, केन्द्र प्रवर्तित योजना के अतंर्गत न्यायिक अधिकारियों के 206 (बी-टाईप 10, सी-टाईप 11, डी-टाईप 99, ई-टाईप 28, एफ-टाईप 58) आवासिय भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 10000, केन्द्र प्रवर्तित योजना अतंर्गत जिला एवं अधिनस्थ न्यायालयों हेतु न्यायिक भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2022-23) 4500, केन्द्र प्रवर्तित योजना अतंर्गत जिला एवं अधिनस्थ न्यायालयों हेतु न्यायिक भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2020-21) 4500, केन्द्र प्रवर्तित योजना अतंर्गत जिला एवं अधिनस्थ न्यायालयों हेतु न्यायिक भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2021-22) 4200, जिला उपभोक्ता फोरम भवनो का निर्माण 56.95, प्रदेश के 10 जिला मुख्यालय में कार्यकारी मानक प्रयोगशालाओं के भवन निर्माण कार्य कार्य वर्ष 2014-15) 25 लाख, जिला कांकेर विकासखण्ड कांकेर के डुमाली उ.मा.वि. भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2017-18) 121.16 लाख, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 55.00 लाख, श्शासकीय भानुप्रतापदेव स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण (कार्य वर्ष 2022-23) 25.00 लाख, न्यायिक कर्मचारियों के 83 (जी-टाईप 18, एच-टाईप41, आई-टाईप24) आवसीय भवन निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 1164.00 लाख, राज्य स्तरीय कृषि यंत्र परिक्षण प्रयोगशाला भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 100.00 लाख, जिला कांकेर के वि.ख. कांकेर कृतिम गभार्धान केन्द्र भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2023-24) 16.72 लाख, जिला कांकेर के वि.ख. चारामा के तारसगांव में पशु औषधालय भवन निर्माण (कार्य वर्ष 2023-24) 10. 71 लाख, तहसील कार्यालय भवन कांकेर का निर्माण (कार्य वर्ष 2017-18) 95.00 लाख, जिला कांकेर वि. ख नरहरपुर के अमोड़ा में उ.मा. वि. भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2019-20) 15.00 लाख, जिला कांकेर वि, ख नरहरपुर के दबेना में हाईस्कूल भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2018-19) 73.73 लाख, जिला कांकेर वि.,ख नरहरपुर के नावडबरी में हाईस्कूल भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 75.23, जिला कांकेर वि.,ख नरहरपुर के रावस में हाईस्कूल भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 75.23, जिला कांकेर वि. ख कांकेर के बरदेभाटा में हायर सेकेण्डरी भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 121.16 लाख, जिला कांकेर वि. ख कांकेर के मोदे में हायर सेकेण्डरी भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) 121.16 लाख, शासकीय नवीन महाविद्यालय कांकेर का भवन निर्माण (कार्य वर्ष 2022-23), शासकीय महाविद्यालय कांकेर (महिला भवन निर्माण) (कार्य वर्ष 2016-17) 213.15 लाख, शासकीय आवासीय महाविद्याला कांकेर में 11 नग आवास गृह का निर्माण 84.92, शासकीय पॉलेटेक्निक कांकेर 50 सीटर कन्या छात्रावास एवं अधीक्षिका सह चौकीदार आवास का निर्माण (कार्य वर्ष 2017-18) 192.72 लाख, श्शासकीय महिला आई.टी.आई कांकेर में 50 सीटर छात्रावास को 100 सीटर करने के लिए प्रथम तल का निर्माण (कार्य वर्ष 2023-24) 100.00 लाख का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार पूर्व वर्षो में स्वीकृत विभिन्न अपूर्ण कार्या को पूर्ण करने के भी बजट में राशि का प्रावधान किया गया है जिससे अब अपूर्ण कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिए जाएंगे। विधायक आशा नेताम ने बजट में विधान सभा क्षेत्र हेतु विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने पर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## बस्तर संभाग साहू समाज (आई.टी. प्रकोष्ठ) के उपाध्यक्ष चुने गए पलख राम साहू

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंग साहू, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्दीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मोहनकुमारी साहू, आई. टी. प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आई. टी. प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष हेमन्त साहू द्वारा पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें किरंदुल के पलख राम साहू को संभागीय उपाध्यक्ष के पद पर तथा अनिल साहू और बीरेंद्र कुमार साहू की नियुक्ति संभागीय संयुक्त सचिव के पद पर की गई है। साहू समाज के नवनियुक्त संभागीय उपाध्यक्ष (आई. टी. प्रकोष्ठ) पलख राम साहू ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी दी हैं उसे पूरी कर्मठता के साथ निभाते हुए समाज को आगे बढ़ाने का कार्य पूरी निष्ठापूर्वक करता रहूंगा। किरंदुल क्षेत्र से 3 पदाधिकारियों की नियुक्ति पर साहू समाज जिला दन्तेवाड़ा के महामंत्री ओम कुमार साहू तथा तहसील साहू समाज किरंदुल के अध्यक्ष टीकम साहू द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज के उत्तरोत्तर प्रगति हेतु उनके सकारात्मक योगदान प्राप्त होने एवं सफलतापूर्वक दायित्व निर्वहन की मंगल कामनाएं की गई है।

## केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर जाकर संपर्क करने का लिया निर्णय



**सरायपाली।** भाजपा मंडल बालोद में लाभार्थी संपर्क अभियान के सम्बंध में कार्यशाला बलौदा के अटल समरसता भवन में आयोजित हुआ जिसमें केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके लाभार्थियों से घर घर जाकर संपर्क करने करने का निर्णय लिया गया।जिस कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी जैसे संपर्क योजना के संयोजक विजय प्रधान, सह संयोजक नीलाम्बर तांडी, अध्यक्ष प्रदीप साहू, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर, नरेंद्र प्रधान, नरेश प्रधान, अनंत बीसी, संजीव मेहता, प्रकाश भोई, मिनकेतन प्रधान, केशव साहू, प्रश्न प्रधान, गिरीश साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चारामा के बस स्टैंड से अवैध रूप से गांजा ले जाते 4 तस्कर गिरफ्तार

■ चारों आरोपियों के पास से लगभग छः लाख का गांजा जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

चारामा पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है जहां चारामा बस स्टैण्ड में यात्री बस का इंतजार कर रहे चार आरोपियों के कब्जे से लगभग 61.01 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है जिसकी कीमत 610100 रुपये बताई जा रही है। कुलदीप बंजारे थाना प्रभारी चारामा को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि कुछ सदिग्ध व्यक्ति चारामा बस स्टेण्ड के यात्री प्रतिक्षालय के पास अपने पास रखे बैग में संदिग्ध पदार्थ रखे हुये है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही हेतु पुलिस टीम में प्रदीप यादव, राकेश दर्रो, बलराम सिन्हा, बिरेन्द्र नेताम, डोमेन्द्र बघेल, अनिल जैन शासकीय



वाहन क्रमांक सीजी 03 5904 मय विवेचना किट के साथ रवाना होकर चारामा बस स्टेण्ड यात्री प्रतिक्षालय के पास पहुंचकर घेराबंदी कर संदेहियों को पकडा गया संदेहीयों से उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम (1) भोला ठाकुर पिता शंकर ठाकुर उम्र 35 वर्ष निवासी बरैयपटटी थाना जादूपुर जिला गोपालगंज बिहार (2) मोहन ठाकुर पिता शंकर ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी बरैयपटटी थाना जादूपुर जिला गोपालगंज बिहार (3) अफरद अली पिता जलालुददीन बैठा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गोपालगंज थाना गोपालगंज जिला, गोपालगंज बिहार (4) अरूण कुमार सोनी पिता मोहन सोनी उम्र 19 वर्ष साकिन रामचन्द्रपुर थाना थावे जिला गोपालगंज बिहार का होना बताये जो अपने कब्जे में बैग रखे हुये थे जिनको सूचना से अवगत कराया गया है एवं तलाशी लेने हेतु नोटिस देकर तलाशी लिया गया तलाशी में आरोपी भोला ठाकुर पिता शंकर ठाकुर उम्र 35 वर्ष निवासी बरैयपटटी थाना जादूपुर जिला गोपालगंज बिहार के कब्जे से 18.25 किग्रा0 कीमती 182500 रुपये, मोहन ठाकुर पिता शंकर ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी बरैयपटटी थाना जादूपुर जिला गोपालगंज बिहार के कब्जे से 18.22 किग्रा0 कीमती 182200 रुपये, अरुण कुमार सोनी पिता मोहन सोनी उम्र 19 वर्ष साकिन रामचन्द्रपुर थाना थावे जिला गोपालगंज बिहार के कब्जे से 12.18 किग्रा. कीमती 121800 रुपये, अफरद अली पिता जलालुददीन बैठा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गोपालगंज थाना गोपालगंज जिला, गोपालगंज बिहार के कब्जे से 12.36 किग्रा0 कीमती 123600/- कुल मादक पदार्थ गांजा का वजन 61.01 किग्रा0 कीमती 610100/-रुपये को बरामद कर जप्त किया गया आरोपीयों से गांजा लाने ले जाने के संबंध में पूछताछ कर अन्य आरोपी के पता साजी की जा रही है। आरोपीयो द्वारा अपराध धारा 20 बी एन डी पी एस एक्ट का घटित करना स्वीकार करने आरोपीयों को गिर0 किया गया एवं गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने पर माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया। एवं मामले से संबधित अन्य लोगो का पता साजी किया जा रहा है।

## पुलिस द्वारा सघन पैदल पेट्रोलिंग कार्यवाही की गई



**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा क्षेत्र अंतर्गत विजुअल पुलिसिंग के तहत एवं क्षेत्र में कानून एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी प्रमुख सड़क मार्ग, प्रमुख चौक चौराहों, दामाखेड़ा संपूर्ण मेला परिसर आदि में सघन पैदल पेट्रोलिंग कार्यवाही किया गया।

### आईईडी ब्लास्ट की घटना में छसबल का जवान शहीद

**बीजापुर।** थाना मिरतुर क्षेत्रानतर्गत छसबल कैम्प बेचापाल से सुरक्षा पार्टी. गांडोकलपारा से कुतुलपारा की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी जहा अपरान्ह 03:30 बजें बेचापाल पदमपारा के पास माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आई ई डी के ब्लास्ट होने से कैम्प बेचापाल मे पदस्थ प्रधान आरक्षक राम आशीष यादव ह शहीद हुए।

## थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने लोहिया नगर बलौदाबाजार में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे 'अभियान सृजन' के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अमित तिवारी के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 24/02/2024 को थाना सिटी कोतवाली से उप निरी लल्ला सिंह राजपुत प्र आर. अंजोर मांझी एवं पेट्रोलिंग स्टाफ टीम द्वारा लोहिया नगर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले




01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 34 पाव देशी मदिरा मसाला शराब कीमत मूल्य 3740 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 148/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सामुदायिक भवन का नगरपालिका सीएमओ एवं एएमएनएस जीएम ने किया उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल स्थित आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी द्वारा पुराना भट्टी पारा वार्ड क्रमांक 07 एवं सिद्दीकी पारा वार्ड क्रमांक 10 किरंदुल में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया।उक्त नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मुख्य नगर पालिका अधिकारी बंसी लाल नरुटी एवं आर्सेलर मित्तल स्टील निप्पन के महाप्रबंधक वाई वी राघवेलू के कर कमलों द्वारा किया गया। इस विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र गुप्ता, सीएआर प्रतिनिधि डॉ. तेज प्रकाश, सतीश, के गोविंद राजू,वार्ड पार्षद 07 के राजू छालीवाल, पार्षदक अब्दुल हमीद सिद्दीकी डी एस साहू, नरेश साहू एवं समस्त वार्ड वासी उपस्थित थे।

### रात्रि कालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता

## ईपीएल 2.0 का हुआ समापन क्रिमसन किंग्स बनी चैंपियन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के बैला क्लब के तत्वाधान में आयोजित रात्रि कालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता ईपीएल 2.0 का फाईनल मैच डॉ. मनोज व्ही. लाल की नेतृत्व वाली टीम क्रिमसन किंग्स और विवेक कुमार की कप्तानी में मैदान पर उतरी टीम साफ्ट स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया जिसमें 80 रनों के लक्ष्य को बड़ी ही आसानी से प्राप्त करते हुए क्रिमसन किंग्स ने विजेता ट्राफी पर कब्जा जमाया। उत्कृष्ट एवं हरफनमौला खिलाड़ियों से सुसज्जित दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर



मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नाईक एवं प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मृणालिनी नाईक द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान की गई। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (वर्क्स) किशन आहूजा, महाप्रबंधक (उत्पादन) राजाकुमार, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी. के. माधव, उप महाप्रबंधक (वित्त) एस. गुहा, एसकेएमएस के सचिव राजेश संधू, एमएमडब्ल्यूयू के सचिव ए.के. सिंह, थाना प्रभारी किरंदुल प्रहलाद साहू द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समस्त खिलाड़ियों को ट्रॉफी तथा अंपायर द्वय इम्तियाज और बृजेश यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के लिए अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने वाले सभी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस एक्जीक्यूटिव प्रीमियर लीग 2.0 में कुल 8 टीमों ने प्रतिनिधित्व किया। अपने बेहतरीन खेल कौशल से अपनी टीम को चैंपियन बनाने में योगदान देने के लिए अभिषेक शेट्टी को इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ दी सीरीज के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (खनन) संजय कोचर, महाप्रबंधक (विद्युत सेवाएं) एन सुब्रमण्यन, सिविल विभागाध्यक्ष टी एस रामनाथ, एस एच गुणावत, जितेंद्र ठाकरे, विपुल पांडेय, महेश संबेटा, अमित फुलझले सहित अधिकारीगण एवं प्रेरणा महिला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल जूनियर नेशनल में टीम को रजत और कांस्य पदक

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

41वीं जूनियर नेशनल सॉफ्टबाल प्रतियोगिता पटना बिहार में आयोजित है जिसमें बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने अपने सुपर-8 के तीनों मुकाबले में सबसे पहले चंडीगढ़ को 11-0 से हराया उसके बाद पंजाब को 10-2 से हराया तथा आखिरी मैच में केरल को 4-0 से हराकर अपने पूल में टॉप किया ।पुल टॉपर के मैच में छत्तीसगढ़ ने आंध्र प्रदेश को 5-3 से हराया और ग्रैंड फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग का ग्रैंड फाइनल मैच राजस्थान के साथ हुआ जिसमे प्रदेश की टीम को हार का सामना कर रजत पदक और वही बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने फर्स्ट सुपर-8 के मुकाबले में मध्य प्रदेश को 1-0 से




हराया और दूसरे मैच में केरल को 2-1 से हराया तथा आखिरी मुकाबले में आंध्र प्रदेश के साथ 3-2 रहा। अपने पुल में टॉप किया है जिसके बाद फर्स्ट फाइनल मैच तेलंगाना से हुआ और स्कोर 3-4 हर का सामना करना पड़ा छत्तीसगढ़ को अब ग्रैंड फाइनल में पहुंचने के लिए एक मैच और बचा है जो कि केरल के साथ हार कर कास्य पदक से संतोष करना पड़ा बीजापुर जिले से बालक वर्ग में राकेश करती सुशील कुडियम वहीं बालिका वर्ग में रेणुका तेलम चंद्रकला तेलम और विमल तेलम छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं उक्त जानकारी अकादमी के हेड कोच सोपान कणेर्वार ने दी है ।

# कैबीनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने विकास कार्यों के लिए दी जिले को नई सौगात

## 40 गावों में 6 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से महिलाओं के लिए बनेगा महतारी सदन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के लिए दुर्गा मैदान ग्राम पंचायत सुहेला में भाटापारा विधान सभा में मंडी परिसर भाटापारा नगर, कसडोल विधानसभा में मंडी परिसर कसडोल नगर में आयोजित किया गया। जिसमें विधान सभा बलौदाबाजार मुख्य अतिथि के रूप केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, भाटापारा में रायपुर सांसद सुनील सोनी, कसडोल में पूर्व विधायक सनम जांगड़े जी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने जिले को नई सौगात देते हुए 16 लाख प्रति भवन के मान से 40 गावों में महतारी सदन बनाने की घोषणा की है। महतारी सदन का संचालन महिलाओं के द्वारा ही किया जाएगा। जो पूरी तरह वाईफाई से लैस होगा। सदन में महिलाएं अपनी मीटिंग से लेकर अन्य विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर सकती है। इसके साथ ही मंत्री ने सुहेला खह्लारी मार्ग के लिए 20 लाख, सुहेला में भारत माता चौक के लिए 5 लाख रूपये, शेड हेतु 15 लाख, मटिया में स्टेडियम के लिए 15 लाख रूपये एवं तिल्दा तथा बलौदाबाजार के स्टेडियम हेतु 5 -5 करोड़ रूपये स्वीकृत प्रदान की है। वर्मा ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ को देश का अग्रणी राज्य बनाने ''विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़'' अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हो रहा है। यह सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी छत्तीसगढ़ की जनता को 34 हजार करोड़ रूपए से अधिक की परियोजनाओं का सौगात दिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ हर घर में शौचालय, गैस कनेक्शन, मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, गरीबों को पक्का मकान दिलाने पीएम आवास, गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ गांव, गरीब और आमजनों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की प्रत्येक गारंटी को पूरा किया जा रहा है। सरकार बनते ही हमने सबसे पहले 18 लाख गरीब परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया, किसानों को 2 साल का बकाया बोनस का वितरण किया और महतारी वंदन योजना के तहत आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 01 हजार रूपए दिया जाएगा। सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर, एवं सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। अतिथियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। साथ ही मुख्य मंच से अतिथियों द्वारा मछलीपालन एवं पशुपालन गतिविधियों के लिए 4हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड, 3 को स्पीयर,4 हितग्राहियों को मछली पालन किट जाल एवं आइसबोक्स 10 हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। साथ ही बिहान से जुड़ी हुई महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, बलौदाबाजार नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जयसवाल, जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार, मति देवांगन, सरपंच सविता वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, नरेश केसरवानी, अनिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अयोध्या धाम में श्रीराम लला के दर्शन किये संडी मंडल के राम भक्तगण



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

लगभग साढ़े पांच सौ साल से एक छोटे से टेंट में रहे हिंदुओं के आराध्यदेव प्रभु श्रीरामचंद्र का अयोध्या धाम के भव्य मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा किये जाने के बाद से दर्शन करने के लिए लाखों रामसेवकों एवं श्रद्धालुओं का हुजूम दिन प्रतिदिन उमड़ रहा है। भाजपा मंडल संडी के राम भक्तगण मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू के साथ चार दिन की यात्रा कर श्रीरामचंद्र जी का दर्शन कर क्षेत्र, आम जनता एवं परिवार की खुशहाली की कामना किये। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू, डाकेश्वर वर्मा, कृतराम वर्मा, पप्पू वर्मा, राजू बंजारे, मुकेश साहू, डुलेश्वर वर्मा, पोषण रजक, नंदकिशोर वर्मा, राहुल वर्मा, परमेश्वरी वर्मा, वीणा साहू, मिथलेश साहू, निर्मला रजक, जया वर्मा, लक्ष्मी बंजारे, जानकी वर्मा, सावित्री वर्मा, उत्तरा वर्मा, सहोदरा वर्मा शामिल थे।

# बीएमओ डॉ. अभिजीत बनर्जी के पदस्थापना के बाद लवन अस्पताल का हुआ कायाकल्प, लोगों में खुशी

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



कहते हैं भगवान के बाद धरती पर यदि किसी मरीज को बेहतर विश्वास होता है तो वह है डॉक्टर, जिसके पास जाते ही मरीज की उम्मीद जाग जाती है, उन्हें विश्वास हो उठता है कि वह अब जल्दी ठीक हो जाएगा। मरीजों के उसी विश्वास को बनाए रखने के लिए कसडोल विधानसभा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन में पदस्थ बीएमओ सहित पूरा स्टॉफ दिनरात मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सक्रियता के साथ 24 घण्टे उपलब्ध होने की जानकारी जनप्रतिनिधियों, आमजन एवं लोगों से लगातार मिलते रहा है। जिससे लवन अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि एवं लगातार मरीजों के हित के दिशा में काम होने की जानकारी मिलते रहा है। वाकई में यदि इस प्रकार की सुविधा लवन अस्पताल में मौजूदा समय में उपलब्ध है किसी भी क्षेत्र के लिए वरदान एवं उपलब्धि भरा है।आइए ग्राउंड जीरो पर रिपोर्ट के लिए अस्पताल की तरफ चले, तब निरीक्षण के बाद लोगों से जो सुना था वह पहले दफा देखने पर ही पता चला कि वाकई में मरीजों के लिए यंहा अतिरिक्त 20 बिस्तर का निर्माण कार्य युद्धगति से जारी है, इसके अलावा आपातकाल के लिए पहले से ही 10 बिस्तर भवन निर्माण हो चुका है।इसके अलावा प्रत्येक दिन के हिसाब से बीमारियों का प्रकार, भर्ती सहित पूरी डाटा रोजाना अस्पताल के पटल पर चस्पा होने से जागरूकता मरीजों में बढ़ी है।डॉक्टर की ड्यूटी सहित रिपोर्टिंग भी बीएमओ के निर्देश पर जानकारी रोजाना लोगों को तुरंत मिलने की खबर अच्छा है।गौरतलब हो कि जब से बी एमओ का बागडोर डॉ अभिजीत बनर्जी के कंधों पर आया है तब से अस्पताल की तसवीर बदल सी गया है बी एमओ नित्य प्रति दिन अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मुहैया हो इसके लिए प्रशासन से लगातार मांग करते आ रहे हैं।आने वाले समय में मरीजों को अस्पताल पर भोजन मिले एवं गर्भवती महिलाओं को जचकी के बाद बैंक में खाता खोलने की प्रक्रिया अस्पताल में हो इसके लिए भी प्लान पर काम जारी होने की बात बताया गया है।वंही बीएमओ डॉ अभिजीत बनर्जी ने पत्रकार गोलू कैवर्त को चर्चा में बताया कि उनके यंहा जन्म प्रमाण पत्र के लिए किसी को भटकने की जरूरत नहीं है कि बात कहा, इसके अलावा24 घण्टे स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई कमी नहीं होने देने की बात कहा, किसी भी चिकित्सक एवं स्टॉफ इलाज में कोई कोताही बरती जाएगी तो निश्चित ही अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

# रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे प्रखर



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के ग्राम मौलीखार में एम के इलेवन द्वारा रात्रिकालीन क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमे सरायपाली अंचल के विभिन्न ग्रामों की क्रिकेट टीम ने हिस्सा लिया, एवं अंतिम दिन समापन एवं पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल सम्मिलित हुए एवं विजित टीम को पुरस्कार वितरण किया, अपने उद्बोधन में अग्रवाल ने मौलिखार ग्राम के सभी युवाओं को संगमसेवा समिति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया एवं कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए आयोजन समिति का आभार जताया कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरधारी नायक, उपसरपंच मायाआधर डड़सेना, अतिथि गण नवीन चौधरी, तेजराम नायक, जीवर्धन बरिहा, नरोत्तम प्रधान, अनिरोध प्रधान, रूपानंद प्रधान एवं समिति के सदस्य तुषार सेन, अंकुर यदु, प्रखर शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# पीसीएस अंडर ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन, शारदा इलेवन रही विजेता

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित पीसीएस अंडर ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आठ दिवसीय शानदार रूप से संचालित किया गया। जिसमे विजेता टीम शारदा इलेवन रही तथा ताला बैतारी टीम को उपविजेता से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में बेस्ट बल्लेबाज अनिल पांडे ,बेस्ट गेंदबाज कृष्णा यादव , मेन ऑफद मैच सोनू तिवारी रहे तथा मैन ऑफद सीरीज से अनिल पांडे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन में अनिता चौधरी, वासुदेव मांझी सरपंच, साथ ही पीसीएस के सलाहकार युधिष्ठिर साहू एवं मालिक राम पटेल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु टीम संरक्षक सुनील साहू ,सुजीत शनिकर, अध्यक्ष नवीन साहू, नीरज प्रधान ,टीम मेंटर अजीत प्रधान, कप्तान राधाकांत, राहुल, विकास, प्रमोद, प्रकाश, शुभम, गौरी, मानस सहित समस्त जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों का भरपूर योगदान रहा।

## दो शराब कोचिया गिरफ्तार

**लवन।** अभियान सिरजन' के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार हरीश यादव एवं अनुज गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी टुण्ड्रा के. सी.दास एवं चौकी प्रभारी सुनील खूंटे के निर्देशन में चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी म में 24/02/2024 को चौकी गिरोधपुरी से प्रधान आरक्षक 153 जितेन्द्र साहू आरक्षक 50 लकेश्वर पुरैना की पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोट ब्राह्मण देव तालाब पार तथा ग्राम डेराडीह में आरोपी विकास नायक अपने चखना सेंटर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 शराब कोचियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपीयो से 1700 कीमत मूल्य का 8.5 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपीयो के विरुद्ध चौकी गिरौधपुरी में क्रमशः अपराध. 00/2024 धारा 34(1) तथा अपराध क्रमांक 00/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# घर में भीषण आग लगने से 1 की मौत दो घायल

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के दशरमा रोड स्थित एक मकान पर देररात्री भीषण की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत और दो गंभीर रूप से घायल व एक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार आग लगने के दौरान घर मे चार लोग मौजूद थे, जानकारी मिलने के बाद घटना स्थल में पहुँचे सिटी कोतवाली थाना मैं तैनात प्रधान आरक्षक मन्नू लाल ध्रुव, देव निराला, मेघनाथ साहू ने मोहल्ले वासियों की मदद से जलते मकान में फंसे चारों लोगों को बाहर निकाला। जिसमें जिला चिकित्सालय पहुँचते ही एक की मौत हो गई है तीन को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुँची कोतवाली पुलिस को मोहल्लेवासियों ने बताया कि मकान के बाहर की कुंडी लगी हुई थी जिस वजह से घर में फंसे चारों लोग बाहर निकल नहीं पाए। फिलहाल यह हादसा है कि कुछ और पुलिस की जांच में ही सामने आएगा। इधर घटना में गोलू साहू उर्फ़शानू उम्र 22 वर्ष की मौत हो गया है। वही कामता बाई साहू उम्र 45 वर्ष, रानू साहू उम्र 20 वर्ष गंभीर रूप से अस्पताल में भर्ती है, इधर 8 वर्षीय सत्य साहू खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# शासकीय आत्मानंद विद्यालय में एक दिवसीय फूड फेस्टिवल का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com






स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में एकदिवसीय फूड फेस्टिवल 2024 का आयोजन प्राचार्य मनोज पटेल के मार्गदर्शन एवं प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में किया गया। फूड फेस्ट कार्यक्रम में विभिन्न स्टॉल का अवलोकन प्राचार्य मनोज पटेल, पालक समिति अध्यक्ष कमल पटेल, उपाध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल, पालक सदस्य महेश नायक, राजेश अग्रवाल,पालक गिरिजाशंकर महापात्र आदि ने प्रतिभागियों, शिक्षकों की उपस्थिति में किया और विद्यार्थियों की खूब हौसला आफजाई किया और ऐसे विशिष्ट कार्यक्रम से सीख हासिल करने प्रेरित किया और बच्चों को उत्कृष्ट पाक कला एवं रचनात्मक कला कौशल के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शाबासी दिए। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य द्वारा रेड रिबन काटकर गोलगप्पे एवं जूस का स्वाद लेते हुए किया गया। कार्यक्रम में समस्त आगंतुकों का स्वागत गुलदस्ता भेंटकर किया गया। फूड फेस्ट कार्यक्रम हेतु निर्धारित निर्णायक मंडल में व्याख्याता- लता साहु,महेश नायक, नरेश पटेल,वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार चौधरी ने दायित्व का बखूबी निर्वहन किया। इस फूड फेस्ट एंड फन प्रोग्राम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और स्वस्थ जीवनशैली के लिए आनंदित होकर स्वादिष्ट, मनमोहक, पोषक तत्वों से भरपूर भोज्य पदार्थों, मिष्ठान्न,पकवान बनाकर इसका बखूबी प्रदर्शन करते हुए विनम्र व्यवहार, माधुर्यता से सबका मन मोह लिया। निर्णायक मंडल द्वारा स्वाद परीक्षण कर,बनाने की विधि जानकर,प्रस्तुतीकरण के तौर तरीके की परख करते हुए स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रथम स्थान छठवीं के छात्र आमिल हुसैन (छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा, नए स्वाद के साथ, मिलेट्स आधारित), द्वितीय स्थान मयंक साहू, आठवीं ( स्वादिष्ट मनमोहक समोसा एवं रंगीन चाट), तृतीय स्थान सातवीं की आर्या महापात्र ( वेज पुलाव) को प्रदान किया वहीं चतुर्थ स्थान पर जसमीत सिंह रैना (सातवीं) एवं बलप्रीत कौर (छठवीं), पंचम स्थान पर तनुष्का नायक एवं नीतू पटेल और अनय अग्रवाल एवं श्रेष्ठ अग्रवाल रहे, षष्टम स्थान पर आराधना नाग एवं पूनम पटेल तथा अनिष्मा परवीन,स्नेहा पटेल, निशा यादव,मानसी नायक की टीम रहे सप्तम स्थान पर श्रेया पटेल, हिमानी डहरिया, माही कलेत तथा कृष्णा पटेल व ईशिथ सेठ की टीम रहे। अष्टम स्थान पर रियांश शर्मा और स्वाति यादव व प्रीति बाघ एवं आस्था सिंह ठाकुर,कमल नयनी सिंह, दिशा यादव की टीम रहे। नवम स्थान पर आयुष प्रधान, रेहान कलेत, झसकेतन प्रधान, पवन पंडा, निशान सिंह की टीम रही। दसवें क्रम पर लता चौधरी एवं भावना पटेल तथा राहुल साहू, पीयूष साहू, आयुष साहू की टीम और कोमल साहू, भूमिका नायक, सुमैरा परवीन की टीम रहे। कायक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य मनोज पटेल, व्याख्याता लता साहु, व्याख्याता महेश नायक, प्रदीप नारायण सेठ, नरेश पटेल, मीना एस. प्रकाश, जलंधर वर्गे, सुब्रत प्रधान, दिनेश कर,प्रवीण तिवारी, रेखा पुरोहित, उमा नायक, हरिश चौधरी, ज्योति सलूजा, लक्ष्मी चौधरी, मौसमी माथुर, शिवेंद्र सिंह सोनवानी, साकेत राजवाड़े,प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी, शिक्षक श्याम सुन्दर दास, शिक्षक विनोद कुमार चौधरी, शिक्षिका रश्मि राजा, गजानंद प्रधान,विशिकेशन नैरोजी, हिमाद्री प्रधान, पीटीआई मंजिला चौधरी, प्रधान पाठक आशा शर्मा, सहायक शिक्षक एल बी पात्रो, नेहा दास साहु, गुलाब चौहान, अक्षय कुमार भोई, रोहित मुन्ना, सविता सिदार, केशवप्रसाद चौहान आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही। अध्यक्ष कमल पटेल एवं प्राचार्य मनोज पटेल, उपस्थितों द्वारा क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

# अधिकांश गांव में किया जा रहा है नवधा रामायण का आयोजन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के अधिकांश गांव में परंपरा अनुसार रामचरितमानस के अंतर्गत नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है, यह आयोजन रामायण समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से किया जाता है। पूरे ग्रामीण क्षेत्रों का वातावरण राम मय में हो गया है द्य इसी तारतम्य में भजन गायक के के वर्मा को भी कई ग्रामों के आयोजक मंडल एवं समिति द्वारा विशेष कलाकार के रूप में आमंत्रित कर उनके भजनों का आनंद ले रहे हैं, और इन्हें समिति के द्वारा सम्मान भी कर रहे हैं। भजन गायक के के वर्मा अपने भजनों एवं व्याख्यान की माध्यम से लोगों को जागरुक एवं संगठित होकर ग्राम विकास में सहभागिता निभाने का आह्वान करते हुए कहते हैं कि मानव जीवन में अगर आए हैं, तो अपने पूरे जीवन कार्यकाल में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं, नशा से दूर रहे ,युवा वर्ग अपने माता-पिता का सम्मान करें, संस्कारवान बने एवं संगीत से जुड़ने का आह्वान करते हैं। वर्मा ने बताया कि इन्हें ग्राम मोहतरा, रसेडी, सोनडीह, कुकुरदी, लटुवा आदि गांवो में आयोजित नवधा रामायण में विशेष कलाकार के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत वर्मा का समिति एवं ग्रामीणों ने सम्मान करते हुए पुनः पधारने का अनुरोध किया। पूरे कार्यक्रम में भजन गायक के के वर्मा (लटुवा) के साथ तबला वादक मिथलेश वर्मा, नाल मेंकू विश्वकर्मा, मंजीरा देशबंधु साहू उपस्थित होकर संगत कर रहे हैं। इस अवसर पर चोप लाल सेन, चैन साहू, धरम निर्मलकर, सियाराम साहू, मोहतरा, सेवक राम साहू, आशीष पांडे, सुदर्शन साहू, रमाशंकर साहू, जीवन साहू, रसेड़ी, राजेंद्र पाल, आर के पाल, राजकुमार निषाद, राजेंद्र साहू, परदेसी ध्रुव, मोहन ध्रुव, सोनडीह, देव कुमार वर्मा, डोमार साहू उप सरपंच, पीलाराम यादव संचालक,आत्माराम साहू संरक्षक, कुकुरदी,याद राम साहू, संतोष वर्मा, जीवन साहू, गोकरण रावत, लटुवा,आदि उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, द्वारा जिले में चलाए जा रहे सभी प्रकार के नशे के खिलाफ, विशेष अभियान सृजन के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी निरीक्षक के.सी.दास के निर्देशन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना गिधौरी से प्रधान आरक्षक पीलाराम, आरक्षक मिलन साहू एवं राहुल सागर की पुलिस टीम द्वारा आरोपी फिरू पटेल पिता फादल पटेल उम्र 59 साल निवासी ग्राम कुम्हारी थाना गिधौरी को अवैध महुआ शराब बनाकर बिक्री करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपी से 1400 कीमत मूल्य का 07 लीटर महुआ शराब जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। थाना गिधौरी पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वाले कोचियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेगा 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारत शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ घरों के छतों पर सौर पैनल स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही 78 हजार रूपये तक की अधिकतम सब्सिडी तथा सस्ते ब्याज पर लोन भी प्रदान की जाएगी। क्रेडा के जिला प्रभारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अधिक आय, कम बिजली और नवीन रोजगार सृजन होगा तथा नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर पैनल स्थापना हेतु हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले अनुदान के अंतर्गत रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 01 से 02 किलोवॉट तथा 0 से 150 यूनिट विद्युत खपत होने पर 30 हजार से 60 हजार रूपये की राशि का अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 2 से 3 किलोवॉट तथा 150 से 300 यूनिट विद्युत खपत होने पर 60 हजार से 78 हजार रूपये की अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 03 किलोवॉट तथा 300 यूनिट से अधिक विद्युत खपत होने पर 78 हजार रूपये की अनुदान प्रदान की जाएगी। जिला प्रभारी क्रेडा ने बताया कि इसके लिए लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे अनुदान राशि का अंतरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा हितग्राहियों को बैंक खाते में सीधे दी जाने वाली सब्सिडी से लेकर रियायती बैंक ऋण सुनिश्चित की जाएगी। जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राही प्रधानमंत्री सूर्य घर डॉट जीओवी डॉट इन या प्रधानमंत्री सूर्य घर ऐप्प डाउनलोड कर पंजीयन कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के ईच्छुक हितग्राही क्रेड़ा जिला कार्यालय बलौदाबाजार में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपना पंजीयन करा सकते हैं।इसके साथ ही क्रेडा जिला कार्यालय के सहायक अभियंता इंदुभूषण साहू,मोबाईल नंबर 99074-77333, करण सोनी उप अभियंता, मोबाईल नंबर 80855-50307 तथा खगेश साहू के मोबाईल नम्बर 93296-77725 से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल जीवन पूरी तरह ठप्प

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जैजैपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुषार जहा ठेकेदार और पीएचई विभाग की कार्य को लेकर लापरवाही के कारण दो साल तक लोगो के घर नही पहुंचा पानी जिसका खामियाजा तुषार के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है लगभग दो साल पूर्व भारत सरकार के द्वारा एक योजना चालु किया गया था जिसे हर घर नल हर घर जल का नाम दिया गया था जिसका मतलब सभी लोगो के घर में नल और जल पहुंचाना है जिसे लेकर पीएचई विभाग द्वारा ग्राम पंचायत तुषार में पानी टंकी निर्माण कार्य का ठेका आज से दो साल पूर्व बाराद्वार निवासी ठेकेदार सुनील कुमार अग्रवाल को दिया गया जिसे लेकर जनवरी 2022 को ग्राम पंचायत तुषार में भूमि पूजन के साथ साथ निर्माण कार्य आरंभ किया गाय और गली मोहल्ले को पाइप लाइन के लिए खोदना शुरू किया गया जिससे लोगो में खुशी का माहोल था की अतिशीघ्र पीने के लिए पानी घरों में मिलेगा लेकिन खुदाई के दौरान पूर्व में चल रहे नल जल



योजना द्वारा सप्लाई पाइप पूरी तरह जगह जगह से टूट गया जिससे लोगो को पीने के लिए पानी मिलना बंद होगया जब पीएचई विभाग के अधिकारि एवम ठेकेदार को इस बात को लेकर अवगत कराया गया तब अधिकारी द्वारा अति शीघ्र टंकी निर्माण एवम पानी सप्लाई की बात कहते हुवे ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया लेकिन दो साल पूरे होने के बाद आज भी ठेकेदार द्वारा लगभग आधे घरों में नल कनेक्शन नहीं लगाया गया है इससे ठेकेदार और पीएचई विभाग की मिलीभगत का अंदाजा लगाया जा सकता है। जीन घरों में नल कनेक्शन लगाया गया है अब वह पूरी तरह से उखाड़ना सुरू हो गया है शासन द्वारा एक कनेक्शन के लीए लगभग पाच से सात हजार रुपए और तीन बोरी सीमेंट दिया जाता है लेकिन स्टैंड को देख कर इस बात का अंदाजा लाया जा सकता है की एक स्टैंड को खड़ा करने में कितना खर्च किया गया है।

## सूचना बोर्ड गायब

शासन के आदेशानुसार किसी भी सरकारी कार्य को आरंभ करने से पहले सूचना बोर्ड लगाना रहता है ता की लोगो को और अधिकारियों को जानकारी मिल सके की इस जगह पर किस चीज का निर्माण होना है और उसकी लागत कितनी है कौन से योजना के अंतर्गत किया जा रहा है इसके बारे में लोगो को पता चल सके लेकिन ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों द्वारा जानकारी छिपाने के लिए सूचना बोर्ड ही नही बनाया गया है जिसके चलते लोगों को जानकारी नहीं मिल रही की यह कितने की लागत से बन रही है और कब तक पूरी होगी अब देखना होगा की शासन प्रशासन द्वारा इनके ऊपर किस प्रकार की कार्यवाही किया जाता है।

मेरे द्वारा लगातार निर्माण कार्य को अति शीघ्र पूरी करने के लिए पीएचई विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है गर्मी के दिनों में लोगो को पानी के लिए दिक्क त ना हो लेकिन अधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है तुषार में टंकी निर्माण आरंभ के बाद अन्य ग्रामों में पानी टंकी निर्माण कार्य आरंभ किया गया था और उसे पूर्ण कर लिया गया है लेकिन दो साल पूरे होने के बाद भी ठेकेदार की लापरवाही के कारण अभी तक तुषार में नल जल जीवन अभी तक पूरी नहीं हो पाई है, इसी से विभाग की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**ओम प्रकाश चंद्रा**
**सरपंच ग्राम पंचायत तुषार**

जैजेपुर गोबरा मुख्य सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जिसमे ग्राम पंचायत तुषार में सड़क एवम नाली निर्माण कार्य धीमा है जिसके चलते सड़क किनारे पाइप लगाने में दिक्क त हो रही थी मेरे द्वारा जिला कलेक्टर मैम को हो रही परसानियो को लेकर अवगत करा दिया गया है जितनी जल्दी हो सके कार्य कंप्लीट कराने और प्रत्येक घरों में नल लगा कर पानी पहुंचने के लिए ठेकेदार को बोल चुकी हुं।

**डिंडेश्वरी जगत**
**पीएचई अधिकारी शक्ति**

कार्य में देरी हुई है मैं तत्काल दिखवाता हुं। जितनी जल्दी हो सके कार्य को कंप्लीट करवा के प्रत्येक घरों में पानी चालू करवाता हुं।

**सुनील कुमार अग्रवाल**
**ठेकेदार बाराद्वार**

# टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायदारों के घरों के नल कनेक्शन किए जा रहे हैं विच्छेद

## अवकाश के दिनों में भी टैक्स वसूली के लिए निगम चला रहा है अभियान

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



टैक्स वसूली के लिए निगम ने पूरी तरीके से अभियान छेड़ दिया है, अब टैक्स वसूली अवकाश के दिनो में भी की जा रही है। निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने राजस्व वसूली के लिए इसके निर्देश दिए हैं, ताकि वसूली में तेजी आए। बता दे की अवकाश के दिनों में ज्यादातर लोग जो सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मचारी होते हैं वह घरों पर मिलते हैं इसी मंशा से अवकाश के दिनों में भी वसूली की जा रही है तथा निगम अपना 1 भी दिन नहीं गवाना चाहता है। इसके अलावा राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी शनिवार अवकाश तथा रविवार अवकाश को भी टैक्स वसूली के लिए दुकानों, मकानो एवं प्रतिष्ठानों में भी पहुंच रहे हैं। इधर टैक्स नहीं देने वाले बकायेदारों के ऊपर कार्यवाही करना निगम ने प्रारंभ कर दिया है। वही टैक्स व जलकर जमा नहीं करने वाले 13 लोगों के नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही निगम ने की है। नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही ब्राह्मण पारा वार्ड में 8 स्थानों पर, महिमा सागर वार्ड में दो स्थानों पर तथा सोरिद वार्ड में तीन स्थानों पर हुई है। गौरतलब है कि निगम आयुक्त विनय पोयाम के निर्देश पर निगम के डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा के द्वारा प्रत्येक सप्ताह को राजस्व विभाग के कर्मचारियों की बैठक टैक्स वसूली को लेकर की जा रही है। वित्तीय वर्ष के करदाता से नगर निगम की अपील है कि वह शीघ्र अति शीघ्र अपना टैक्स जमा कर दें। टैक्स वसूली के लिए निगम ने टीम का गठन कर दिया है तथा प्रतिदिन टीम के माध्यम से निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी टैक्स की वसूली कर रहे हैं।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक एस के सिंह, महेंद्र पाल,एवं सहसंयोजक अवधेश शुक्ला ने कहा कि मोदी के गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 4प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथि से,एरियर्स राशि का जीपीएफखाते में समायोजित करने तथा, सातवें वेतनमान की अंतिम एरियर्स राशि का भुगतान किया करने एवं पिंगवा कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने सहित विभिन्न मांगों के संबंध में राज्य शासन को समय-समय पर ज्ञापन देकर निराकरण करने अनुरोध किया गया है लेकिन आज तक निराकरण के लिए किसी भी प्रकार कि कार्यवाही नहीं होने के कारण प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी काफी आक्रोशित हैं। उक्त मांगों को लेकर आज ज्ञापन देने के अवसर पर जिला अध्यक्ष बिन्दु भास्कर, प्रभाकांत शर्मा, सुशीला घृतलहरे, विभा मसीय, रोहणी ठाकुर,पीलालाल दिवाकर, लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष कामता साहू, अरविंद शर्मा, जवाहरलाल डेढ़सेना,एच डी डाहिरे, अरविंद पाण्डेय, लक्ष्मी कांत जडेजा, व बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# नागरिक मंच कुरूद द्वारा ज्ञापन सौंपकर अपराध मुक्त कुरूद बनाने किया मांग

## नपं कार्यालय से पुलिस थाना कुरूद तक नागरिक मंच के सदस्यो ने रैली निकालकर अपराध मुक्त करूद बनाने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता कुरूद/धमतरी
www.dailypioneer.com





नगर में बढ़ते नशा अवैध शराब, गोली.गांजा के खिलाफ अंकुश लगाने, अपराध रोकने के लिए, ट्रैफ़कि व्यवस्था सुधारने कांग्रेस शासित नगर पंचायत के खिलाफ एवं पुलिस प्रशासन को जागरूक करने नागरिक मंच कुरूद द्वारा ज्ञापन सौंपकर अपराध मुक्त कुरूद बनाने के लिए माँग किया गया। कारगिल चौक कुरूद से नगर पंचायत कार्यालय एवं पुलिस थाना कुरूद तक नागरिक मंच के सदस्यों के साथ रैली निकालकर कुरूद में बढ़ रहे अपराध को रोकने, अवैध शराब की बिक्री, गोली.गाँजा के बिक्री में अंकुश लगाने के लिए, तेज़ रफ़्तार से चलाने वाले बाइकर्स पर चालानी कार्यवाही करने, दुर्घटना जनक सीमा में पुलिस बल जैसे विभिन्न विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्यवाही करने के लिए माँग किया गया। कांग्रेस शासित नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके नेताओं के द्वारा कुरूद को छै माह में नशा मुक्त करने के ढकोसला वादे को याद दिलाते हुए उनके नेताओं के संरक्षण मे आज कुरूद उड़ते पंजाब के तर्ज़ पर उड़ता कुरूद का स्वरूप ले लिया है, पुलिस प्रशासन से आग्रह किया गया अब छत्तीसगढ में सरकार बदल चुकी है, अपने छवि बदलने के लिए काम करें। ज्ञापन सौंपने वालो में रविकान्त चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, भानु चन्द्राकर नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत, कृष्णकांत साहु विधायक प्रतिनिधि नप, मुलचंद सिन्हा सांसद प्रतिनिधि नप, व्यापारी सँघ अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, उपाध्यक्ष रवि चन्द्राकर, पूर्व पार्षदगण,पिंटू चन्द्राकर,लोकेश सिन्हा, खिलेन्द्र चन्द्राकर, सुनिल चन्द्राकर, नेमी बैस,साधना देवांगन, थनेश सिन्हा, वरिष्ठ नागरिक सुरेश अग्रवाल, मालकराम साहु, भूषण देवांगन, विधा देवांगन, भारत भूषण पंचायन, कैलाश शुक्ला, जितेंद्र चन्द्राकर, धनेश्वर निर्मलकरए देवेन्द्र दादर, बीरेन्द्र बैस, असीम चन्द्राकर, सुरज देवांगन, किशोर यादव, भारत ठाकुर,पुस्कर गोस्वामी, संजु चन्द्राकर, प्रमोद शर्मा, डूगेश साहु, नरेन्द्र सोनी, कमलेश रेड्डी,ओमप्रकाश यादव, भोजराज चन्द्राकर, अनूप यादव, खेमराज सिन्हा, रंजित साहु, टीकम कटारिया, सुसील देवांगन, हितेन्द नंद, दीलिप टंडन, प्रवीण शर्मा राज देवांगन सहित बहुत संख्या मे नागरिक मंच के सदस्यगण सम्मलित होकर व्यवस्थित कुरूद एवं नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों के लिए अपराध मुक्त कुरूद की कल्पना करते हुए पुलिस सुविधा के लिए माँग किया गया।

# मुंबई के छात्र धमतरी के अनंत जैन को इंटर्नशिप के बाद सार्थक स्कूल द्वारा फेयरवेल दिया गया

- पढ़ाई अथवा करियर के क्षेत्र में ईमानदारी से इंटर्नशिप करने का लाभ, छात्रों को निश्चित मिलता है : डॉ सरिता दोशी

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में धमतरी के अनंत जैन को उनकी मम्मी रीना जैन, पापा दीपक जैन और चाचा मुकेश जैन की उपस्थिति में सार्थक के विशेष बच्चों ने फेयरवेल दिया। ज्ञात हो कि अनंत जैन मुंबई में एमबीए के छात्र हैं जो एक प्रोजेक्ट के तहत, कॉलेज की परमिशन लेकर, सार्थक के विशेष बच्चों को गतिविधियां सिखाने आए। 24 दिन तक नियमित रूप से विशेष बच्चों को खेल खेल में गणित का जोड़ना, घटाना, पहाड़ा, हिंदी में वर्णमाला, मात्रा की पहचान करना, पढ़ना, लिखना, अंग्रेजी. स्पेलिंग लिखना सिखाया। क्रॉफ्ट वर्क में पेपर काटना, चिपकाना, ड्रॉइंग पेटिंग,स्पोर्ट्स में बॉल टैप करना, कैच करना, भी सिखाया। बच्चों ने भी अनंत के सहज, सरल और मृदु स्वभाव के चलते ,दोस्ती कर एंजॉय करते हुए सीखने की उत्साहजनक कोशिश की। सार्थक के विशेष बच्चों ने अपने प्यारे अनंत भैया के साथ खुशियां ही खुशिया हो दामन में जिसके, क्यों न खुशी से वो दीवाना हो जाएं गीत पर डांस कर खूब एंजॉय किया और हम आपको बहुत याद करेंगे भैया कहा और उन्हें थैंक्यू और बेस्ट विशेष का ग्रीटिंग कार्ड भेंट किया। अनंत ने बच्चों के साथ केक काटकर सबको खिलाया। बच्चों का अनंत के प्रति निश्छल प्रेम देख, अनंत के मम्मी. पापा भावुक हो गए। अनंत ने कहा कि यहां के प्रशिक्षक बच्चों के लिए बेहद मेहनत करते हैं बच्चों की प्रतिभाओं से यह पता चलता है। अनंत ने कहा, विशेष बच्चों के साथ जुड़कर उन्हें प्रशिक्षण देने से हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जिससे हमारी कार्य शक्ति बढ़ती है। संस्था का आभार व्यक्त करते हुए सार्थक स्कूल के लिए निरंतर ऊंचाइयां हासिल करने की कामना की। अनंत ने बच्चों को स्टेशनरी सामग्री का उपहार दिया और सभी बच्चों को, दीपक एवं रीना जैन ने अपने हाथों से स्वल्पाहार कराया। जैन परिवार की ओर से सार्थक स्कूल को, 5100 रुपयों की सहयोग राशि भेंट की गई। सार्थक अध्यक्ष डॉ सरिता दोशी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनंत एक होनहार और दृढ़ संकल्पी युवा है, और उसने एक बहुत ईमानदार इंटर्न के रूप में स्कूल में कार्य किया है। उसने विशेष बच्चों की कोमल भावनाओं को धैर्य के साथ समझते हुए, उन्हे खेल खेल में सिखाकर, दोस्ती कर ली। इसी तरह से नई पीढ़ी को संवेदनशील होकर ईमानदारी के साथ इंटर्नशिप करना चाहिए। इससे उन्हें पढ़ाई के साथ साथ करियर निर्माण में निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन सचिव स्नेहा राठौड़ ने किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, गीतांजलि देवी,स्वीटी सोनी, देविका दीवान, सुनैना गोड़े उपस्थित थे।

# रामायण मानस मंडली भगवान राम के आदर्शों और उनके जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कर रही है काम : ओमकार साहू

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी के ग्राम पंचायत रुद्री में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी त्रि-दिवसीय संगीतमय सस्वर मानसगान व व्याख्यान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसके समापन अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओंकार साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीता यादव सरपंच ग्राम पंचायत रुद्री ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में बिशाल राम साहू सेवा निवृत्त शिक्षक, गोपालराम साहू ठेकेदार, आनंद राम साहू सेवा निवृत्त सिचाई विभाग, शांति साहू पूर्व सरपंच रुद्री, बंशी साहू सेवा निवृत लाइन मेन उपस्थित रहे। रामायण प्रतियोगिता में अंचल सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में मानस मंडली के द्वारा भगवान सिया राम जी के कथा का वाचन किया। इस अवसर पर विधायक साहू ने भगवान सियाराम जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा हम सभी को भगवान सियाराम चंद्र जी के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। छत्तीसगढ सहित पूरी दुनिया में रामायण का मंचन एवं मानस गान के जरिए आराध्य देव की पूजा.अर्चना की जाती है। छत्तीसगढ की संस्कृति में रामायण मानस मंडली महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है रामायण मानस मंडली भगवान राम के आदर्शों और उनके जीवन मूल्यों को जन.जन तक पहुंचाने का काम कर रही है आगे कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का नैनिहाल है। इसीलिए पूर्व में भूपेश बघेल के कांग्रेस सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ में जहां जहां भगवान श्री राम पधारे थे उस स्थान को चिन्हित कर जीर्णोधार करने का काम किया गया। हमारे धमतरी जिला के सिहावा पर्वत श्रृंखला में सप्तऋषि आश्रम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सिहावा को राम वन गमन परिपथ योजना मे सम्मिलित किया है। सिहावा पर्वत श्रृंखला का सप्तऋषि आश्रम राम वन गमन पथ के उन 9 धार्मिक पर्यटन स्थलों में से एक है, जिन्हें राम वन गमन पथ के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है। इस जगह के विकास और पुनर्वास से श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि होगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना दृ राम वन गमन पथ के माध्यम से भुपेश बघेल की सरकार ने इन आश्रमों के इतिहास और धार्मिक महत्व को जीवित रखने का प्रयास किया है।

## जिला बनने के बाद से जिले वासियों को सबसे बडी सौगात जिला अस्पताल के रूप मिली थी

# सर्वसुविधा युक्त जिला अस्पताल होने के बावजूद भी निजी अस्पतालो की संख्या दिनो दिन बढ़ती जा रही

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com







जिला बनने के बाद से जिले वासियो को सबसे बडी सौगात जिला अस्पताल के रूप मिली थी सर्वसुविधा युक्त जिला अस्पताल होने के बावजूद भी नगर सहित आस पास के क्षेत्रो अमर बले की तरह पाव पसार रहे निजी अस्पतालो की संख्या दिनो दिन बढती जा रही है। नित नये अस्पतालो का आधी अधुरी तैयारियों के साथ खुलना कही न कही मेडिकल सुविधाओं और उन अस्पतालों को मिलने वाले अनुमती सवालो के घेरे में आने लगे है। समय समय पर मिलने वाले शिकायतो के बीच स्वास्थ्य अमला ऐसे अस्पतालो पर महज छोटी मोटी कार्यवाही ही सामने आती है।

इसी कडी में कलेक्टर निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार संबंधि स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 अंतर्गत स्वास्तिक हेल्थ केयर हास्पिटल, रामगढ़, जिला मुंगेली का औचक निरिक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान हास्पिटल में कोई भी चिकित्सक उपस्थित नही था। हास्पिटल में अप्रशिक्षीत स्टॉफ के द्वारा मरीजों का उपचार किया जा रहा था। हास्पिटल के वार्ड में कुल 5 मरीजों को भर्ती कर रखा गया था। जिनका ऑपरेशन किया जाना था। पूर्व में हास्पिटल संचालक को ऑपरेशन नही करने के संबंध नोटिस जारी किया गया था। जिसके बाद भी हास्पिटल प्रबंधन द्वारा ऑपरेशन किया जा रहा था। निरिक्षण टीम के द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट के उठाव हेतु इनवायरोकेयर अनुबंध, फायर सेफ्टि एनओसी की जानकारी चाही गई। जिसे हास्पिटल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नही कराया गया। ऑपरेशन हेतु उपस्थित भर्ती मरीजो का केशसीट जप्त किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 अंतर्गत बनाये गये नियमों का उल्लघंन करने, चिकित्सक की अनुपस्थिति में हास्पिटल संचालित करने एवं अवैध रूप से ऑपरेशन संचालित करने के कारण डॉ0 देवेन्द्र पैकरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ0 कमलेश खैरवार, की उपस्थिति में हास्पिटल के ऑपरेशन थियेटर को आगामी आदेश तक सीलबंद किया गया है एवं ओ.पी.डी. आई.पी.डी. सेवा प्रतिबंधित की गई है।

विभाग द्वारा समय समय होती कार्यवाही - विभाग द्वारा बीते कुछ महिनो से समय समय पर छापे मारी की जा रही है जिसके बावजूद भी ऐसे अस्पतालो की लंबी फहरिस्त है जो विभाग द्वारा जारी निर्देश का पालन करने का आश्वासन तो देते है कितुं कुछ समय बाद अपने पुराने रवैये में मरीजो का ईलाज चालू कर देते है। दिसंबर से लेकर अब तक की छापे मार कार्यवाही में ऐसे कई निजी अस्पताल है जिस पर स्वास्थ्य महकमें की गाज गिरी कितुं महज कुछ दिनो बादउनका संचालन पुनः कैसे प्रारंभ हुआ जो अबुझ पहेली बनता जा रहा है।

# जुआ-सट्टा के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु जुआ-सट्टा के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसको देखते हुए जुआ सट्टा खिलाने वालो में हडकंप मचा हुआ है, नगर में ही कुछ कार्यवाही को अंजाम दिया गया था वही पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर जिले से सभी थानो में कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। इसी कडी में 24 फरवरी को सरगांव पुलिस द्वारा जुआ चलने की सूचना पर ग्राम मोतिमपुर में दबिश देकर जुआ खेल रहे 04 आरोपियों 1) नितिन पांडेय, 2) हृदय पटेल, 3) मोहन पाल, 4) प्रशांत यादव, के कब्जे से राशि 74520/- रूपये नकद एवं 01 नग मोटरसाइकिल तथा 52 पत्ती ताश जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु मुंगेली पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जायेगी।

## संपादकीय

# संदेशखाली प्रकरण ममता को चुनौती

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की प्रस्तावित संदेशखाली यात्रा ममता बनर्जी को चुनौती दे कर बंगाल में अपनी जमीन मजबूत करने पर लक्षित है। प्रधानमंत्री मोदी की 7 मार्च को संदेशखाली की प्रस्तावित यात्रा न केवल भाजपा की लोकसभा चुनाव रणनीति के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे ममता बनर्जी का राजनीतिक भविष्य भी निर्धारित हो सकता है जो तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी की सुप्रीमो तथा विपक्षी समूह 'इंडिया' की महत्वपूर्ण घटक हैं। पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली एक टीएमसी नेता शाहजहां शेख द्वारा जमीनों पर कब्जा तथा कथित रूप से यौन उत्पीड़न के कारण आजकल राजनीतिक टकराव का प्रमुख बिंदु बना हुआ है। मोदी की यात्रा के पहले भाजपा ने 20 मिनट की डाक्यूमेंट्री फिल्म जारी की है जिसमें संदेशखाली में टीएमसी के कथित अत्याचारों का वर्णन है। इसका उद्देश्य ममता बनर्जी को रक्षात्मक स्थिति में लाना है। इस फिल्म में संदेशखाली की महिलाओं के बयानों के माध्यम से शाहजहां शेख और उसके साथियों द्वारा जमीन पर कब्जे तथा यौन उत्पीड़न की घटनाओं का विवरण दिया गया है। उत्तर 24 परगना में मोदी की यात्रा का भाजपा का निर्णय अपना समर्थन आधार बढ़ाना तथा उस क्षेत्र में प्रवेश करना है जहां परंपरागत रूप से सत्तारूढ़ टीएमसी का वर्चस्व रहा है। चुनाव के ठीक पहले इस यात्रा का उद्देश्य टीएमसी के 'गलत कामों' को रेखांकित कर मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने का भाजपा का सुनियोजित प्रयास है। मोदी का व्यक्तित्व और उनका भाषण जनता का समर्थन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। ऐसे में संदेशखाली में उनकी उपस्थिति भाजपा कार्यकर्ताओं को ऊर्जान्वित करने तथा ढुलमुल मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने का प्रयास है। मोदी की यात्रा से इस प्रकरण को व्यापक महत्व मिलने में कोई संदेह नहीं है। राजनीतिक अशांति और टकरावों वाले संदेशखाली प्रकरण को सामने लाने के पीछे भाजपा का उद्देश्य वहां निवासियों में विकास और सुरक्षा का संदेश देना भी है।

यह पूरा प्रकरण ममता बनर्जी के नेतृत्व पर सीधा हमला है। कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर बार-बार आलोचना का सामना करने वाली ममता बनर्जी के समक्ष यह बहुत बड़ी चुनौती होगी। मोदी की यात्रा के साथ भाजपा के अथक अभियान से प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में टीएमसी का समर्थन कमजोर होने का खतरा पैदा हो गया है। भाजपा के विमर्श का मुकाबला करने वाली ममता बनर्जी की मोदी की यात्रा पर प्रतिक्रिया लगातार लोगों की नजरों में रहेगी। पूर्ण संभावना है कि आने वाले सप्ताहों में टीएमसी सरकार पर भाजपा के हमले और तेज होंगे। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है जब भाजपा ने ममता बनर्जी पर सुनियोजित हमला बोला हो, लेकिन राज्य पर उनकी पकड़ लगभग पूरी तरह मजबूत बनी हुई है। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि चुनावी परिणामों पर हाई-प्रोफाइल यात्राओं तथा राजनीतिक बयानबाजी के अलावा और भी अनेक चीजें असर डालती हैं। हालांकि, मोदी की यात्रा से भाजपा को ऊर्जा मिलेगी, पर टीएमसी की जमीनी पकड़, उसकी कल्याण योजनाओं तथा संगठनात्मक शक्ति को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। खासकर कुछ समुदायों और ग्रामीण जनता में प्रतिबद्ध समर्थन आधार के कारण ममता बनर्जी मजबूत नेता बनी हुई हैं। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक परिदृश्य अनेक जटिल सामाजिक-सांस्कृतिक आयामों का परिणाम है जिसमें क्षेत्रीय पहचान और मुद्दे प्रभावशाली भूमिका अदा करते हैं। देखना होगा कि प्रधानमंत्री की यात्रा संदेशखाली पर कितना ध्यानाकर्षण कर पाती है, पर इसका सकारात्मक पक्ष यह होगा कि संदेशखाली के पीड़ितों को न्याय मिलेगा तथा ममता बनर्जी को झुकना पड़ेगा।

# विविधता में फलता-फूलता राष्ट्रवाद

क्षेत्रीय विविधताओं और पहचानों की खोज में भारतीय राष्ट्रवाद की शक्ति बनी हुई है। इसकी संवैधानिक मूल्यों तथा रचनात्मक संवाद के प्रति प्रतिबद्धता है।



**विनयशील गौतम**
(लेखक, प्रबंधन सलाहकार हैं)



क्षेत्रीय विविधताओं और पहचानों की खोज में भी भारतीय राष्ट्रवाद की शक्ति बनी हुई है। इसकी संवैधानिक मूल्यों तथा रचनात्मक संवाद के प्रति प्रतिबद्धता इसके फलने-फूलने का मुख्य कारण है। आजकल भारतीय जीवन के सभी आयामों में परिवर्तन की प्रकृति पर काफी चर्चा हो रही है। यह इतने व्यापक आयामों के परिवर्तन में प्राकृतिक रूप से उपस्थित है। भारत की व्यापक विविधतापूर्ण परिस्थितियों में अलग-अलग राय होना, अनेक प्रकार की व्याख्यायें होना तथा अपने दृष्टिकोण को महत्व देने के प्रयास होना सामान्य बात है। ये सारी प्रक्रियायें एकसाथ जारी हैं। इसे परंपरागत रूप से संस्कृत कथन 'वादे वादे जयत तत्व बोधः' से स्पष्ट किया जा सकता है। इसका अर्थ है कि विभिन्न विचारों के बीच परस्पर चर्चा से सत्य तक पहुंचा जा सकता है। लेकिन इस प्रकार की चर्चा के लिए एक निश्चित सम्यक व्यवहार जरूरी है। अक्सर यह व्यवहार अलिखित रूप से हर समाज में बना रहता है और यह किसी भी सभ्य समाज का मूलाधार है। परस्पर संवाद को निर्धारित करने वाले इस अलिखित व्यवहार के पीछे कुछ स्थाई प्रकृति के सिद्धान्त निहित होते हैं।

विविधताओं और विभिन्न वादों के बीच सत्य की तलाश करने के लिए यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि अपने विचार पर दृढ़ रहने के साथ ही दूसरों के विचारों का सम्मान किया जाए। इसके लिए मूलभूत आवश्यकता यह है कि किसी के प्रति अपमानजनक व्यवहार न किया जाए तथा किसी विचार के प्रति निन्दा और घृणा का दृष्टिकोण न हो। किसी भी सभ्य समाज में विभिन्न वैचारिक विविधताओं के बीच सभ्यतापूर्वक संवाद मूल आधार होता है और समाज का अस्तित्व इस पर निर्भर करता है। इसका व्यापक रूप से अर्थ है कि सभ्यतापूर्ण विमर्श में परस्पर सम्मान तथा 'असहमत' होने का अधिकार सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इस सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयाम में कुछ आयाम और जोड़े जा सकते हैं जिनमें विचारों और सोच के भी अनेक आयाम शामिल हैं। इन आयामों में न केवल दूसरों की बात ईमानदारी से सुनना, बल्कि दूसरे व्यक्ति के गुणों तथा उसके दृष्टिकोण का सम्मान भी शामिल है। इसके लिए दूसरों के विचारों के प्रति वास्तविक खुलेपन की इच्छा रखना जरूरी है। किसी भी सभ्य समाज में दूसरों के विचारों से सहमत होना तथा अपने विचारों को उसके अनुरूप बदलना कमजोरी की निशानी नहीं माना जाना चाहिए। वास्तव में दूसरों के विचारों से सहमति के आधार पर अपने विचारों में समुचित परिवर्तन वास्तविक शक्ति तथा परिपक्वता का उदाहरण है। इन सिद्धान्तों के आधार पर भारतीय सभ्य समाज अनादि काल से विभिन्न क्षेत्रीय विविधताओं से संवाद करता रहा है।

भारतीय समाज में दूसरों के विचारों का सम्मान, उनको ईमानदारी से सुनना तथा आवश्यकता होने पर अपने विचारों में समुचित परिवर्तन अनादि काल से चला आ रहा है। भारत में द्रविण विचार पद्धति में इसे महत्वपूर्ण दर्जा दिया गया है और वहां इसके शानदार व दिलचस्प उदाहरण भी मिलते हैं। द्रविण विचारक इस वैचारिक संवाद के आधार पर बीसवीं शताब्दी के बीस साल बीत जाने पर जो बातें करते हैं, लगभग वहीं पिछली शताब्दी के तीस साल बीतने पर भी करते थे। द्रविण विचारकों व उनके अनुयाइयों का प्रभुत्व देश के एक भूभाग पर लगभग 75 साल से बना हुआ है और वे वहां दशकों से राज कर रहे हैं। हालांकि, उनके राज में बीच-बीच में कुछ बाधायें भी आई हैं।

इसी प्रकार कुछ द्रमुक विचारकों की विशिष्टतावादी पहचान में भी अनेक अवसरों पर थोड़ी नरमी आई क्योंकि वे उस समय सत्ता में थे। संभवतः सत्ता में बने रहने के लिए इस प्रकार का लचीलापन जरूरी था। लेकिन लंबे समय तक वैचारिक धरातल पर बने रहने के बावजूद द्रमुक विचारधारा के कुछ आयामों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई, जबकि इस प्रकार की वैचारिक प्रगति की उम्मीद स्वाभाविक रूप से की जाती है। आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-एआईडीएमके के जन्म लेने के कारण द्रमुक की विशिष्टतावादी विचारधारा के वैचारिक आयामों में बड़ा विभाजन हुआ। एम.जी. रामचंद्रन इस अन्नाद्रमुक वैचारिक स्वरूप के मुख्य जनक थे। जयललिता उनकी मुख्य समर्थक थीं। रामचंद्रन और जयललिता ने द्रविड़ आंदोलन को अखिल भारतीय प्रक्रियाओं से जोड़ा। यह अलग बात है कि इसका विस्तार किस प्रकार हुआ जिस पर व्यापक चर्चा की आवश्यकता है। पूरे मामले में सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह तत्व है कि पहचानों की ऐसी खोज या इस प्रकार की विशिष्टतावादी विचारधारायें पूर्वोत्तर राज्यों, जम्मू कश्मीर राज्य, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों तथा दक्षिणी भारत के कुछ अन्य क्षेत्रों में भी पाई जाती हैं। इन प्रक्रियाओं और विचारधाराओं के बारे में समझा जा सकता है। मोटेतौर से इनको संवैधानिक ढांचे के भीतर रखा गया। हालांकि, कभी-कभी भारत के दक्षिणी भूभाग तथा पड़ोसी राज्यों के बीच अथवा दक्षिणी राज्यों व नई दिल्ली में केन्द्र सरकार के बीच अनेक मामलों में परस्पर विरोधी विचार भी सामने आए। ऐसे मामलों में नदी जल का बंटवारा भी शामिल है।

लेकिन इन वैचारिक भिन्नताओं तथा कभी-कभी तीखे मतभेदों के बावजूद भारतीय राष्ट्रवाद न केवल बना रहा, बल्कि लगातार मजबूत होता रहा। यह दृढ़ता तथा एक सीमा तक लचीलापन भारतीय राष्ट्रवाद की पहचान है। हालांकि, इस प्रकरण में इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कभी-कभी कुछ आक्रामक या अतिवादी बयान सामने आए, जिनमें से अनेक से बचा जा सकता था। लेकिन कभी-कभी ऐसे बयान सामने आने के कारण समझे जा सकते हैं। समग्र रूप से देखें तो उतार-चढ़ाव वाली इस परिघटना से स्पष्ट होता है कि मतभेदों और अलग-अलग समझदारी के बावजूद लोगों में एकसाथ काम करने की क्षमता बनी हुई है। हालांकि, सभी संबंधित लोगों को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि अधिकांश लोगों ने आवश्यकता होने पर भारतीय संविधान का उल्लेख किया है और अतिवाद के बजाय संवैधानिक सीमाओं को स्वीकार किया है। अब यह सुनिश्चित करने का समय आ गया है कि स्वस्थ बहस तथा साझा दृष्टिकोण बनाने की इस प्रक्रिया को नियमित आदत का हिस्सा बनाया जाए। इसे राष्ट्रीय स्तर पर संवाद और चर्चा का अंग बनाने की आवश्यकता है।

कभी-कभी अतिवादी बयान सामने आने और कुछ नये विचार उभरने को गलत नहीं कहा जा सकता है। यह भारत की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक परिस्थितियों में स्वाभाविक भी हो सकता है। लेकिन परस्पर विचार-विमर्श तथा समग्रतावादी सोच में ज्यादा दृढ़ता भी जरूरी है, जबकि वर्तमान समय में ऐसा कई बार नहीं दिखता है। हमें सामूहिक एकजुटता के दृष्टिकोण से विचार करने की जरूरत है। ऐसा नहीं है कि वैचारिक भिन्नता और मतभेदों में खतरे के कोई संकेत न दिखते हों, पर उनके साथ संवेदनशील और व्यवस्थित ढंग से निपटना जरूरी है।

परस्पर विरोध से निपटने की प्रक्रिया को संस्थाबद्ध करने की आवश्यकता है जिसमें यथासंभव विभिन्न विकल्पों को स्थान दिया गया हो। परस्पर विरोध को संस्थाबद्ध करने तथा वैकल्पिक दृष्टिकोणों को व्यापक स्वीकार्यता प्रदान करने से हम एक दूसरे के साथ ज्यादा शांतिपूर्ण तरीके से रह सकते हैं। अब तक भारतीय राष्ट्रवाद अनेक विविधताओं और मतभेदों के बीच भी फलता-फूलता रहा है। ऐसे में विविधताओं व वैचारिक भिन्नताओं को स्वीकार करना भविष्य में भी भारतीय राष्ट्रवाद के विकास और उसके फलने-फूलने के लिए जरूरी है। वर्तमान समय में देश-दुनिया में हल्के विरोध को स्वीकार करना राजनीतिक रणनीति का हिस्सा बन गया है।

वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए वैचारिक भिन्नताओं, विविधताओं व परस्पर संवाद में ज्यादा संवेदनशीलता बरते जाने की प्रबल आवश्यकता है। वर्तमान स्थितियों में केवल आंकड़ों या संख्या के खेल के खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। ऐसे में अच्छी समझदारी, विचारों के प्रति निष्ठा, समुचित कार्य तथा उनके ईमानदार फालोअप का कोई विकल्प नहीं है।

# ग्रीस के पीएम की यात्रा से मजबूत हुए रिश्ते

आंतरिक सुरक्षा चिंताओं पर, ग्रीस भारत के पक्ष में रहा है। ग्रीस बड़े यूरोपीय संघ द्विपक्षीय में भारत की कई चिंताओं का समर्थन करता है।



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

इस सप्ताह ग्रीक (हेलेनिक रिपब्लिक (ग्रीस)) के प्रधान मंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस की यात्रा भारत-ग्रीक संबंधों में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, एक प्राचीन द्विपक्षीय संबंध जो अक्सर व्यापक यूरोपीय संदर्भ में छाया रहता है। किंवदंती है कि शक्तिशाली यूनानी विजेता सिकंदर लगभग 2500 साल पहले भारतीय उपमहाद्वीप की उत्तर-पश्चिमी सीमा पर पहुंचा, दो शक्तिशाली राजाओं से युद्ध किया, लेकिन भारत में प्रवेश करने के लिए सिंधु को पार नहीं किया। हालाँकि, कुछ वर्षों बाद मौर्य शासन (जिसके शासक चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में मेघस्थनीज़ नाम का एक यूनानी राजदूत था) के तहत एक राजनयिक संबंध स्थापित हुआ था। समकालीन समय की बात करें तो, ग्रीस ने 1950 में भारत में अपना दूतावास स्थापित किया, हालांकि, भारत को एथेंस में दूतावास शुरू करने में 28 साल लग गए। अब एक यूरोपीय देश, जो गर्मियों के दौरान भारतीय मानक समय से केवल ढाई घंटे पीछे है, जिसे अक्सर कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाया जाता है, पिछले साल तक एक महत्वपूर्ण सहयोगी नहीं था। 2023 में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान, द्विपक्षीय संबंध को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था।

अगस्त 2023 में जारी संयुक्त बयान में इस बात पर प्रकाश डाला गयाः हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक जुड़ाव में वृद्धि की सराहना करते हुए, नेताओं ने यह भी निर्देश दिया कि दोनों पक्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लिए काम करें। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय जुड़ाव को और व्यापक और गहरा करने की आवश्यकता दोहराई। रक्षा, नौवहन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, साइबरस्पेस, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन और कृषि के क्षेत्र में। उन्होंने



कृषि के क्षेत्र में सहयोग पर एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाने पर गौर किया... दोनों नेताओं ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, सुरक्षा और सार्वजनिक कूटनीति सहित क्षेत्रों में नियमित बातचीत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वे ग्रीस और भारत के बीच सीधी उड़ानों को प्रोत्साहित करने पर भी सहमत हुए। ग्रीक प्रधान मंत्री की इस सप्ताह की यात्रा ने संबंधों को पर्याप्त सुर्खियों में ला दिया है। जब यूरोप में ग्रीस के कुछ पड़ोसियों ने भारत में कुछ हालिया नीतिगत विकासों जैसे कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)/राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी), अनुच्छेद 370 को निरस्त करना, पुनर्गठन पर गैर-मैत्रीपूर्ण बयान दिए थे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के नए केंद्र शासित प्रदेशों और राम जन्म भूमि पर निर्णय आदि। ग्रीस ने आधिकारिक तौर पर कहा था कि यह भारत का आंतरिक मामला है। ग्रीस और भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक-दूसरे के लिए स्थायी सीट के साथ वर्तमान वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाले एक सुधारित संयुक्त राष्ट्र के लिए पारस्परिक रूप से एक-दूसरे का समर्थन किया है। 2023 में जारी विदेश मंत्रालय की पुस्तिका के अनुसार, भारतीय प्रधान मंत्री की एथेंस, ग्रीस की यात्रा से ठीक पहले, 2021-22 के लिए यूएनएससी में भारत की उम्मीदवारी के लिए मतदान किया गया। इसने 2008 और 2016 में परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह, एमटीसीआर, वासेनार व्यवस्था और ऑस्ट्रेलिया समूह में भारत का समर्थन किया।

ग्रीस ने आईसीजे, आईटीओएलएस, आईएमओ, पोस्टल ऑपरेशंस काउंसिल (पीओसी), विश्व विरासत समिति और 2022-27 अवधि के लिए आईएईए के बाहरी लेखा परीक्षक के पद और विभिन्न अन्य अंतरराष्ट्रीय निकायों के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया। इसी तरह, जम्मू और कश्मीर में, विशेष रूप से राज्य-वित्त पोषित आतंकवादी गतिविधियों से उत्पन्न आंतरिक सुरक्षा चिंताओं पर, ग्रीस भारत के पक्ष में रहा है। ग्रीस बड़े यूरोपीय संघ द्विपक्षीय में भारत की कई चिंताओं का समर्थन करता है। दिलचस्प बात यह है कि भारत ने मुक्त व्यापार समझौता करने के लिए यूरोपीय संघ के व्यापार प्रतिनिधियों के साथ कई दौर की चर्चा की है।

हालांकि भारत में चुनाव नजदीक होने के कारण, यूरोपीय संघ के साथ कई गतिशील भागों वाला एक जटिल, व्यापार समझौता मुश्किल दिखता है। हालांकि , फ्रांस और ग्रीस, इटली जैसे सदस्य देशों के साथ यूरोपीय संघ में तरजीही आवाज़ होना, भारत को अनुकूल रूप से देखना, हमेशा स्वागत योग्य है। लंबे समय से सहयोगी रूस के प्रति पश्चिमी दृष्टिकोण न अपनाने के कारण यूरोपीय संघ के सदस्य देशों से भारत को जो प्रतिकूल टिप्पणियां मिलीं उनमें से कुछ भारत द्वारा इस क्षेत्र में घनिष्ठ द्विपक्षीय साझेदारी विकसित करने के साथ दूर होने की संभावना है।

## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### युद्धों की विभीषिका

**रूस-यूक्रेन युद्ध** को 2 साल हो रहे हैं। युद्ध के शुरुआती दौर में अमेरिका और नाटो देशों ने यूक्रेन को भरपूर हथियार और आर्थिक सहायता देना शुरू किया था। मगर युद्ध लंबा खिंचने के साथ लड़ने वाले और उनकी सहायता करने वाले भी पस्त होते जा रहे हैं। खुद रूस ने भी नहीं सोचा था कि यूक्रेन से युद्ध करना उसके लिए लोहे के चने चबाने के समान सिद्ध होगा और यह युद्ध इतना लंबा खिंच जाएगा। विडंबना है कि यूक्रेन पर रूस का कब्जा बढ़ता जा रहा है और जेलेन्स्की तथा सेना के खिलाफ भी आवाजें उठने लगी हैं। इसी कारण यूक्रेन ने अपने सेनाध्यक्ष को बदला है। इस युद्ध के साथ ही इजरायल-हमास युद्ध से दुनिया भर में युद्ध से होने वाले दुष्प्रभाव दिखने लगे हैं। हमास के इज़राइल पर आतंकी हमले का खामियाजा अब जवाबी इज़राइली कार्रवाई के बाद निर्दोष जनता तथा दूसरे देशों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के साथ कई देश आर्थिक बदहाली से गुजर रहे हैं। ऐसे में गरीबों के लिए भोजन, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना मुश्किल होता जा रहा है। इन युद्धों में सर्वाधिक नुकसान मासूम बच्चों को उठाना पड़ा है जो अभी दुनिया के बारे में कुछ जानते ही नहीं हैं। संपूर्ण मानवजाति को युद्धों और उनकी विभीषिका से बचने के रास्ते खोजने ही होंगे।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### टूटती पार्टियां

**वर्तमान समय** में पार्टियां टूट रही हैं और विपक्ष बिखरता जा रहा है। शवसेना दो भागों-ठाकरे और शिंदे में बंट गई। एक ने सत्ता संभाली तो दूसरी विपक्षी हो गई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी चाचा-भतीजे, यानी शरद पवार व अजित पवार में बंटी और अब उनके चुनाव चिन्ह भी बदल गए। घड़ी शक्तिशाली समूह के पास चली गई। कांग्रेस पार्टी कभी समूहों में तो कभी इक्के दुक्के नेताओं के पलायन के चलते टूटती ही जा रही है। एक ओर महागठबंधन को मजबूत करने के प्रयास विभिन्न दल कर रहे हैं तो दूसरी ओर स्थापित पार्टियां ही टूटती जा रही हैं। इससे महागठबंधन पर भी आंच आ रही है।आश्चर्य है कि महागठबंधन में शामिल होने वाली पार्टियां ही अपने नेताओं अक्र सदस्यों का पलायन रोक नहीं पा रही है। हालांकि, कांग्रेस, सपा और आप में तालमेल की खबरें आई हैं, लेकिन आशंका है कि तालमेल में अपनी सीटें गंवाने वाले नेता दूसरी पार्टियों का रुख करेंगे। इसके साथ ही केवल दलों में तालमेल या सीट समझौता होने से उनके मतदाताओं का एकजुट होना जरूरी नहीं है। टूटती पार्टियां भारतीय राजनीति की बहुत मजेदार परिघटना है। देखना होगा कि इससे क्या फिर विखंडित जनादेश व त्रिशंकु संसद जैसी स्थिति पैदा होगी।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### बाल अपराधी

**नोएडा** में दो नाबालिंग बच्चों द्वारा अपने टीचर को गोली मारे जाने की घटना स्तब्ध कर देने वाली है। इसके साथ ही बच्चों द्वारा अपने सहपाठियों से मारपीट, झगड़ा जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। यहां तक कि नाबालिग बच्चे यौन अपराध भी करने लगे हैं। यदि हम गहराई से देखे तो पाएंगे कि आजकल के बच्चे स्मार्टफोन के जरिए इंटरनेट से दुनिया भर की अच्छी बुरी चीज देखते और सीखते हैं। इससे उनको अपराध करने के नए-नए तरीके भी पता चलते हैं। अमेरिका के स्कूलों में कई बार बच्चों द्वारा अपने साथियों पर गोलियां चलाने की घटनायें सामने आती हैं क्योंकि वहां हथियार रखना आम बात है। लेकिन हमारे देश में हथियारों पर काफी नियंत्रण है। इसके बावजूद बच्चों के हाथ में रिवाल्वर जैसे खतरनाक हथियार आना चिन्ताजनक है। समय आ गया है कि अभिभावक अपने बच्चों पर ध्यान दें तथा घर में मौजूद लाइसेंसी हथियारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करें। बच्चों के साथियों पर भी नजर रखना जरूरी है क्योंकि अक्सर गलत संगत में बच्चे छोटे-मोटे अपराध करते-करते बड़े अपराधी बनने की ओर अग्रसर हो जाते हैं। इसके लिए परिवार के साथ ही पूरे समाज को भी बच्चों के प्रति जिम्मेदारी महसूस करनी होगी।

**-विभूति बुपक्या,** खाचरोद

# जिला खनिज न्यास के राशि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई के लिए अधिक से अधिक उपयोग करने सदस्यों ने दिया जोर

**जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक संपन्न**



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सांसद मोहन मंडावी, डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत की अध्यक्ष सोना देवी देशलहरा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला खनि अधिकारी मीनाक्षी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के सदस्यों ने राशि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई के लिए अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया गया।

### सांसद आदर्श ग्रामो में जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करें : मंडावी

बैठक में सांसद मोहन मंडावी ने नगर पंचायत चिखलाकसा में शुद्ध पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बोईरडीह डेम से पानी की आपूर्ति कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने सांसद आदर्श ग्रामों में भी जरूरी सुविधाए सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मोहन मण्डावी ने जिले में सोलर लाईट की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु सोलर लाईट में किसी प्रकार की खराबी आने पर उनके सुधार हेतु जिला खनिज संस्थान न्यास की मद से मेकेनिक भी नियुक्त करने निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित विधायकों के साथ-साथ जिला खनिज संस्थान न्यास के सदस्यों ने भी आवश्यक सुझाव दिए। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के सुझाव को अमल में लाते हुए जिला खनिज संस्थान न्यास की राशि का उपयोग नियमानुसार जिले के विकास के लिए किया जायेगा।

### मूलभूत सुविधाओं के लिए किया जायेगा उपयोग- डॉ. संजय

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.संजय कन्नौजे ने बताया कि जिला खजिन संस्थान न्यास के पास उपलब्ध निधि का कम से कम 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता क्षेत्रों में उपयोजित करने का प्रावधान हैं। इसके अंतर्गत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के तहत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देख-भाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संम्बद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निशक्तजन के कल्याण, कौशल एवं विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, सतत् जिविकोपार्जन के अलावा जन कल्याण के कार्यो के लिए इस राशि का उपयोग किया जायेगा। इसी तरह न्यास के शेष 40 प्रतिशत राशि को अन्य प्राथमिकता वालें क्षेत्रों में उपयोजित किये जाने का प्रावधान है। इसके अतंर्गत न्यास के 40 प्रतिशत राशि का उपयोग अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अतंर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सर्वाजनिक परिवहन, युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए किया जायेगा।

# जिला कार्यालय सहित भाजपा के नव मंडल में बूथ स्तर पर सुना गया मोदी के मन की बात

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com





देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात माह के अंतिम रविवार को आकाशवाणी के माध्यम से देश की प्रतिभा व कौशल सहित प्रेरणाप्रद बातों को देशवासियों से साझा करते हुआ आम जनता से संवाद स्थापित करने रविवार को मन की बात के 110वां संस्करण विशेष कर नारी शक्ति को समर्पित रहा। 8 मार्च विश्व महिला दिवस पर नारी शक्ति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद किया। नारी शक्ति को प्रकृति से जोड़ने वाली प्रेरणा 'ड्रोन दीदी' के माध्यम से लखपति होती स्व सहायता समुह की सुनीता से चर्चा किए। प्राकृतिक खेती को विस्तार एवं जन संरक्षण पर कार्य कर रही कल्याणी प्रफुल्ल पाटिल के कार्यो को सराहना की। साथ ही 3 मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस पर बातें रखी वन्य जीवों के संरक्षण के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग की सराहना करते हुए विभिन्न एप के माध्यम से जीव संरक्षण की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। देश में आज बकरी पालन से आए के स्रोत में वृद्धि करते हुए बकरी फलकों के जीवन स्तर में वृद्धि व आर्थिक संबलता पर चर्चा किए। साथ ही चुनाव आयोग की पहल पर युवा शक्ति को समर्पित 'मेरा पहला वोट देश के लिए' से राष्ट्र प्रेम की भावना को समर्पित होगा मोदी जी ने कहां की मार्च माह में लोकसभा चुनाव हेतु आचार संहिता लागू हो जाएगा चुनाव प्रक्रिया तीन माह तक चलने के कारण 3 माह तक मन की बात का कार्य म रुक रहा है किन्तु देश का विकास चलता रहेगा अगले तीन माह मन की बात नहीं होगी किंतु देश की उपलब्धियां होती रहेगी।

### नव मंडल और बूथ स्तर पर सुना गया मन की बात

जिला भाजपा कार्यालय में मन की बात सुनते हुए जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के द्वारा कहना परमार्थ परमो धर्मो को चरितार्थ करते हुए देश के असली नायकों की प्रेरणा पर्द बातों को देश के साथ साझा करना व उनसे संवाद स्थापित कर उनकी हौसला अफ्जाई करते हुए अन्य लोगों के सामने राष्ट्र प्रेम व जनहित के अनेकों उदाहरण स्थापित करते हुए लगातार 110वां संस्करण के माध्यम से मन की बात सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा व अच्छे कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करता रहेगा इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आभार व्यक्त करते हुए जिला भाजपा के सभी नव मंडलों में बूथ स्तर पर कार्य म को आम जनता के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा देखा व सुना गया। जिला भाजपा कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष राकेश छोटू यादव, जिला मंत्री व मन की बात के जिला संयोजक शरद ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र साहू सहीत भाजपा नेताओं में कमल पनपालिया, कल्याण सोनवानी, छगन साहू, सुरेंद्र साहू, प्रवीण कुमार, सुरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, खिलावन ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, लोकेश कुमार, खोरबहरा राम, चमेली बाई, अनीता बाई सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वयं संघ का जिलास्तरीय गुणात्मक तथा पथ संचलन का सफल आयोजन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वयं संघ का जिला स्तरीय गुणात्मक तथा पथ संचलन का आयोजन संपन्न हुआ। 24 फरवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिला स्तरीय गुणात्मक पथ संचलन का आयोजन किया गया, जहां जिले भर के स्वयंसेवक शामिल हुए, पथ संचलन बेसिक स्कूल मैदान से अपरण 3:00 बजे प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड सिग्नल चौक होते हुए, गस्ती चौक से नया पर होते हुए मुख्य मार्ग से गुजरते हुए बेसिक स्कूल प्रांगण में समापन हुआ, उक्त गुणात्मक पथ संचलन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत के किसान कार्य प्रमुख उत्तर ने गुणात्मक पथ संचलन के विषय में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित किये। उक्त कार्यक्रम जिला शारीरिक प्रमुख लीलाधर साहू के निर्देशन में संपन्न हुए, इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुर्ग विभाग संघ चालक डॉक्टर कमलेश निषाद विभाग कार्यवाह संजय पांडे, जिला संघ चालक राजकुमार देवांगन, जिला कार्यवाह गंगाधर यादव विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख बोधी राम निषाद, बेमेतरा विकासखंड संचालक सोलंकी, पूर्व नगर संघ चालक डॉक्टर एल आर साहू, बेमेतरा नगर कार्यवाह नीलेश साहू, विविध क्षेत्र से भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा, जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष तुषार साहू उमेश यादव, विश्व हिन्दू परिषद से प्रनीश रजक ओमकार साहू, सुरेश साहू, सहित स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# एसपी भगत की सराहनीय पहल, समाज में फैली बुराईयों की रोकथाम के लिए पंचायत में लगाया दरबार



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

एसपी एसआर भगत की सराहनीय पहल सामने आई हैं। समाज मे फैली बुराईयों की रोकथाम के लिए वे खुद ग्रामीणों में बीच पहुच रहें हैं। और जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने पुलिस को सहयोग करने ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों से अपील कर रहे हैं। गुंडरदेही विधानसभा के ग्राम भरदाकला में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत का ग्राम पंचायत भवन में आगमन हुआ। इस अवसर पर सरपंच लक्ष्मी मेरिहा, पूर्व जनपद एवं सरपंच क्रांति भूषण साहू, पूर्व सरपंच गोकरण मेरिहा द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक बुराई जुआ, सट्टा, शराब जैसे गतिविधियों के रोकथाम के लिए पुलिस के अलावा स्थानीय लोगों को भी सहयोग करने की आवश्यकता है। कर्मचारी अधिकारी तो आते जाते रहते है। लेकिन ग्रामवासियो को स्थाई रूप से रहना होता है। जिसके चलते ग्रामवासियो का भी दायित्व होता है कि हमारे गांव का स्वरूप कैसा हो, यदि गांव अच्छा रहेगा तो आने वाली पीढ़ी भी अच्छी होगी। इस अवसर पर बीरेंद्र बहादुर सिँह सब इंस्पेक्टर रामेश्वर यादव, भारत साहू जीवन चंदेल गाजी राम साहू पोषण लाल साहू, महेश यादव मेघलता साहू सुशीला बोरकर, रावटे पटवारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# पडकीडीह एवं दोहत्रा में हमर पुलिस हमर बाजार अभियान के तहत किया गया जागरूक


पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए एक नया अभियान हमर पुलिस हमर बाजार की शुरुआत किया गया हैं जिसके माध्यम से आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में 23.02.2024 को हमर पुलिस हमर बाजार के माध्यम से थाना नवागढ एवं चौकी मारो स्टाफ के द्वारा ग्राम पडकीडीह एवं मारो, दोहत्रा के हॉट/बाजार/ग्रामों में आस - पास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगणो को चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। ग्रामवासियों को साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर एटीएम कार्ड नंबर एक्सपायरी डेट सीवीवी नंबर पिन नंबर ओटीपी पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बतावे। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपने शिकायत करें। तथा नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। साथ ही यातायात के नियमो की जानकारी देते हुए बताया की यातायात सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया साथ ही कहा कि पुलिस आपकी सहायता के लिए ही है और आप पुलिस को अपना मित्र ही समझे आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है।

# माघी पूर्णिमा मेले पर जमकर थिरके विधायक कुंवर





पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

माघी पूर्णिमा मेले की शुरुआत हो चुकी है और बालोद जिले के गौरैय्या मेले में लोगों की भीड़ लगी हुई है। इस बीच उद्घाटन समारोह में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें वह हाथ में माइक थामे गाना गा रहे हैं और थिरकते भी नजर आ रहे हैं। गुंडरदेही विधानसभा में दूसरी बार जीत कर आए विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद अपने अलग अंदाज के लिए हमेशा जाने जाते हैं। वह कला और संगीत से गहरा ताल्लुक रखते हैं। शायद इसीलिए जब भी उन्हें मौका मिलता है वह अपनी प्रतिभा दिखाने से पीछे नहीं हटते, यह वीडियो मां की पूर्णिमा के पहले दिन का है। वायरल वीडियो में जिले के विधायक का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला है। माघी पूर्णिमा के विख्यात मेले में विधायक ने 'का तय मोला मोहनी डाल दिए गोंदा फूल' नाम के संगीत को खुले मंच पर गायन किया और थिरकते भी नजर आए। बता दे कि विधायक कुंवर सिंह निषाद एक लोक कलाकार भी है।

### गाना गाते हुए किया डांस भी

दरअसल, गुंडदेही विधानसभा से दूसरी बार जीत कर आए विधायक कुंवर सिंह निषाद अपने अलग अंदाज के लिए हमेशा जाने जाते हैं। वो कला और संगीत से गहरा ताल्लुक रखते हैं। इसीलिए जब भी उन्हें मौका मिलता है, वह अपनी प्रतिभा दिखाने से पीछे नहीं हटते। शनिवार को कुंवर निषाद माघी मूर्णिमा मेले के उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। संगीत संध्या को देखकर वे खुद को रोक नहीं पाए। मंच पर पहुंचे और वहां कलाकारों के साथ छत्तीसगढ़ी गाना गाए। गाते हुए खुद डांस भी करने लगे। ऐसा नहीं लग रहा था कि कोई विधायक मंच पर है, बल्कि एक अनुभवी कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहा है। ऐसा आम जनता को प्रतीत हो रहा था। वही नृत्य करने वाले लोग भी विधायक के संगीत पर जमकर डांस करते दिखे। यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# छत्तीसगढ़ में अस्थि कलश के आगमन पर बौद्ध समाज उत्साहित : अनिल खोबरागड़े

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com


भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बोधिसत्व डॉ.भीमराव अंबेडकर के अस्थि कलश का दल्लीराजहरा आगमन पर छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कांडे, डौंडी लोहारा विधानसभा के पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर, छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज दल्लीराजहरा के अध्यक्ष फेरूलाल बांबेश्वर, महिला मंडल अध्यक्ष कविता तिगोटे, सम्यक बौद्ध महासभा के अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर महिला मंडल अध्यक्ष चंद्ररेखा नंदेश्वर, महाप्रज्ञा बुद्ध विहार के अध्यक्ष भीमराव भैसारे के नेतृत्व में बौद्ध समाज एवं बाबा साहब डॉ.भीमराव आम्बेडकर के सैकड़ों अनुयायियों द्वारा मानपुर चौक में जय भीम के नारों के साथ पुष्प अर्पित कर भव्य स्वागत किया। उसके पश्चात अस्थि कलश के साथ वाहन रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए महाप्रज्ञा बुद्ध विहार भवन नया बाजार, छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के डॉ.आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन पुराना बाजार एवं सम्यक बौद्ध महासभा के डॉ.अंबेडकर मेमोरियल हॉल में अस्थि कलश को दर्शनार्थ रखा गया जहां पर बौद्ध समाज के साथ राजहरा के विभिन्न समाज प्रमुखों एवं प्रबुद्धजनों ने अस्थि कलश का दर्शन कर पुष्पांजली अर्पित की। छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अस्थि कलश दर्शन यात्रा से बौद्ध समाज उत्साहित हुआ है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी का जीवन दर्शन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व सदैव भारतीय जनमानस को प्रेरणा देता रहेगा। छत्तीसगढ़ में पहली बार बाबा साहब के अस्थि कलश का आगमन हुआ है। 16 फरवरी को कवर्धा से प्रारंभ होकर प्रदेश के विभिन्न शहरों में भ्रमण करता हुआ अस्थि दर्शन कार्यक्रम का 3 मार्च को रायपुर में समापन होगा। इस दौरान लाखों लोग अस्थि कलश का दर्शन करेंगे। दल्लीराजहरा में अस्थि कलश दर्शन के दौरान प्रमुख रूप से बी.आर.अजगले, परमानंद कलीयारे, दिलीप उइके, हीरालाल पवार, काशीराम निषाद, विजय जोगदंड, सुदामा शर्मा, आई.एल. खोबरागड़े, जी.डी.मेश्राम, बिसन कांडे, अनिल रामटेके, रवि बारसागढ़े, पवन मेश्राम, अरूण उके, रिखीराम मोटघरे, सुधीर ढारगावे, जैनेन्द्र श्रीरंगे, राजेन्द्र मेश्राम, सुरेन्द्र रामटेके, बी.एल.बौद्ध, दिलीप सुखदेवे, कमलकांत रामटेके, त्रिभुवन बौद्ध,डॉ. टी.आर. बोरकर, सुरेश कांबले, सुनील गोटे, विपिनचन्द्र करवाड़े, सुमेध कांबले, जयराज थूल,आशा नोन्हारे, मंजू बांबेश्वर, सुलोचना मेश्राम, सीमा अल्मोरे, माया मेश्राम, ममता भोयर, संगीता पाटिल, लता बोरकर,सविता धनविजय, चित्रा वैद्य, मीना थूल,विशाखा शेन्डे, ज्योति कावले, अल्का ढुपारे, ज्योत्सना मेश्राम ,नीता कमल रामटेके, चंद्रशिला बांबेश्वर, भूमिका पाटिल, शारदा बांबेश्वर, सावित्री रामटेके, भावना दसोड़े, प्रतीक खोबरागड़े आदि लोग उपस्थित थे।

# 4 जुआडियानों से नगदी रकम 1,130 रूपये जप्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस ने चार जुआड़ियाओ से नगदी 1130 रुपया जप्त कर आगे कार्रवाई किया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 23.02.2024 को थाना नवागढ क्षेत्रांतर्गत के ग्राम मरका से घठोली खार रोड के आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना नवागढ पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 04 जुआडियानो शिवा निषाद उम्र 20 साल, रोहित साहू उम्र 27 साल, तिरिथ राम उम्र 47 साल सभी ग्राम मरका, प्रमोद ध्रुव उम्र 42 साल साकिन झालम चौकी खण्डसरा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फंड से कुल जुमला नगदी 1,130/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, प्रधान आरक्षक पंकज सिंह एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

# बीएसएनल में केवाईसी अपडेट कराने आने लगा व्हाट्सएप में फर्जी मैसेज




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर बीएसएनएल कंपनी की ओर से सरकारी सिम कार्ड धारकों को फर्जी व्हाट्सएप मैसेज आने लगा है इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष दिनेश दुबे ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर 9425523689 पर केवाईसी अपडेट करने के नाम पर मोबाइल नंबर 600025939 से एक व्हाट्स मैसेज आया जिसमें भारत सरकार का मोनो लगा हुआ है एवं 6000904450 नंबर से कॉल करके अपना नाम राहुल शर्मा बीएसएनएल हेड आफिस का आदमी बताता है । इस संबंध में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बीएसएनएल के बेमेतरा कंपनी कार्यालय में पता किया गया तो वहां मालूम हुआ की कंपनी की ओर से कहीं कोई केवाईसी अपडेट करने संबंधी सूचना जनहित में जारी नहीं की गई है यह फर्जी है और इससे उपभोक्ता को बचने की अपील की गई है इस संबंध में टेलीफोन विभाग के एसडीओ (टेलीफोन) के एन पात्रे ने बताया की बीएसएनएल विभाग की ओर से केवाईसी अपडेट करने संबंधी किसी प्रकार का कोई मैसेज उपभोक्ताओं को व्हाट्सएप अथवा टेक्स्ट मैसेज नहीं भेजे गए हैं फर्जी मैसेज को डाउनलोड ना करें और अपने नजदीक के बीएसएनल अधिकारी से संपर्क करें इस संबंध में बेमेतरा पुलिस एसडीओपी मनोज तिर्की ने बेमेतरा पुलिस की ओर से टेलीफोन सरकारी मोबाइल सिम धारकों से अपील करते हुए कहा कि बिना किसी जानकारी के मोबाइल में आए मैसेज के नाम पर केवाईसी अपडेट ना करें इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने चाहिए।

# राईस मिलरों की हुई बल्ले-बल्ले, लंबित मांगों पर लगी मुहर, अब मंडी शुल्क हुआ दो प्रतिशत





### जिलाध्यक्ष ताराचंद में साय सरकार का जताया आभार

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले राईस मिलरों के लिए अच्छी खबर सामने आ रही है। पिछले लंबे समय से राईस मिलर मंडी शुल्क बढ़ाये जाने की मांग करते रहे हैं। जिस पर सहमति नहीं बन पा रही थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही अब इस पर मुहर लग गई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंडी शुल्क दो प्रतिशत करने का अशासकीय संकल्प पत्र पारित किया गया है। जिसके बाद राईस मिलरों के चेहरे पर खुशी झलकने लगी है। जारी संकल्प पत्र के माध्यम से पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लगाए जा रहे कृषक कल्याण शुल्क को भी समाप्त किया गया है। इस संबंध में विधानसभा में विधायक अजय चंद्राकर ने ये संकल्प पटल पर रखा। जिस पर विस्तृत चर्चा के बाद सदन की सहमति बन गई है। इस सहमति के बाद प्रदेश के राइस मिलर्स और किसानों को बड़ी राहत मिली है।

### साय सरकार ने दी मिलरो को बड़ी राहत

जिला राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने इस फैसले का स्वागत किया है। योगेश ने कहा कि प्रदेश के सैकड़ों राइस मिलर्स की सालों से ये मांग लंबित रही है। पिछली सरकार ने इसे तुगलकी फरमान जारी कर बढ़ाया था, जिसे वापस लेकर सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने एक बड़ी राहत मिलर और किसानों को दी है। ताराचंद सांखला ने आगे बताया कि भाजपा सरकार में लागू 2 प्रतिशत मंडी शुल्क को बढ़ाकर 30 नवंबर 2021 से धान पर 3 मंडी शुल्क एवं 2 कृषक कल्याण कोष शुल्क लागू किया गया था। पहले इसे 5 प्रतिशत फिर 2 प्रतिशत अब फिर 5.2 प्रतिशत की वसूली मंडी शुल्क के रूप में की जा रही थी।

### योगेश ने किया आभार व्यक्त

वही छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने कहा कि 'राज्य सरकार के इस फैसले से राज्य का निर्यात भी बढ़ेगा। इसके साथ ही साथ देश में चांवल निर्यात के मामलें में हम अन्य राज्यों के समक्ष मजबूती से आगे बढ़ पाएंगे। सरकार के इस फैसले के लिए योगेश ने प्रदेश के सभी राईस मिलर्स की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त किया हैं, साथ ही सभी मिलरों को बधाई दी हैं।

# अनेक शिकायतों के बावजूद मुरूम का अवैध उत्खनन जारी

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

अनेक शिकायतों के बावजूद मुरूम के अवैध उत्खनन का कार्य आज भी बदस्तूर जारी है। विभिन्न ग्रामीण अंचलों से मुरूम उत्खनन की जानकारी मिल रही है लेकिन इसके बावजूद भी संबंधित विभाग कार्रवाई करने में दिलचस्पी नहीं दिख रहा है। इस वजह से मुरूम के अवैध उत्खनन करने वाले लोग जहां आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे हैं तो वहीं शासन को हजारों लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा - कुसुमकसा मार्ग पर स्थित ग्राम पथराटोला के आउटर क्षेत्र से मुरूम का अवैध उत्खनन हो रहा है। इसकी शिकायत जिले के संबंधित विभाग को भी की गई है, पर विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है । जिससे उत्खनन करने वालों के हौसले बढ़े हुए हैं इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों से रेत अवैध रूप से निकाली जा रही है जिस पर पूर्ण रूप से अंकुश नहीं लग पाया है। ऐसी चर्चा है कि यह सब काम विभाग के कतिपय अधिकारियों की मिली भगत से चल रहा है। इस अवैध उत्खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए अब संबंधित मंत्रालय को ध्यान देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# देवादा में युवक युवती परिचय सम्मेलन 31 मार्च को

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

धोबी समाज भिंभौरी परिक्षेत्र का बैठक ग्राम हरदी में संपन्न हुआ जिसमें सामाजिक पदाधिकारी द्वारा निर्णय लिया गया कि 31 मार्च 2024 को बेरला ब्लॉक के ग्राम देवादा में प्रदेश स्तरीय विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान व सामाजिक महा अधिवेशन आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी राज एवं परिक्षेत्र पदाधिकारी, समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर भिलाई, प्रदेश सलाहकार अनिल रजक, महिला प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक बलौदा बाजार, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रामकुमार निर्मलकर, प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र निर्मलकर, युवा प्रदेश महासचिव पोषण निर्मलकर,जिला अध्यक्ष मेघनाथ निर्मलकर एवं बेमेतरा विधायक दीपेश साहू को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष शशि प्रकाश निर्मलकर ने बताया कि विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन में अनपढ़ से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट आईपीएस आईएएस सभी परिचय सम्मेलन में भाग लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी राज परिक्षेत्र अध्यक्षों को 15 मार्च तक सामाजिक प्रतिभावान छात्र छात्राओं का बायोडाटा सहित जानकारी जिला धोबी समाज एवं भिंभौरी परिक्षेत्र के पदाधिकारीयों को देने के लिए आदेशित किया गया है। उक्त बैठक में अध्यक्ष शशि प्रकाश निर्मलकर, उपाध्यक्ष डागेश्वर निर्मलकर, सचिव टीकाराम निर्मलकर, कोषाध्यक्ष पंचराम निर्मलकर, आजूराम निर्मलकर, परमेश्वर निर्मलकर, शिवकुमार निर्मलकर, हरिराम निर्मलकर, प्रकाश निर्मलकर, प्रमोद निर्मलकर, परमानंद रजक सहित सभी परिक्षेत्र एवं जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# डोंगाघाट मंदिर की बेशकीमती भूमि पर रसूखदार का कब्जा, स्कूल बनाने के लिए मंदिर की भूमि पर मनमनाने तरीके से किया गया था बाउंड्रीवाल

## रसूखदार ने पहले कब्जा करना किया स्वीकार, पूरे मामले में जांच की जरूरत

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com






हनुमान देव मंदिर डोंगाघाट चांपा की बेशकीमती भूमि का बंदरबाट किया जा रहा है। बताया जाता है कुछ लोग मिलकर मंदिर की बड़ी मात्रा में भूमि का मनमाने तरीके से उपयोग कर रहे हैं। पहले ही मंदिर की भूमि को किराए और लीज के नाम पर बेचने का गंभीर आरोप है। अब मंदिर की बेशकीमती बड़ी मात्रा में भूमि पर कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि यह आरोप किसी और पर नहीं, बल्कि चांपा के एक रसूखदार पर लगा है। उन्होंने खुद पहले मंदिर की भूमि पर कब्जा किए जाने की बात स्वीकार किया है। बताया जाता है कि हनुमान देव मंदिर डोंगाघाट चांपा की चल अचल संपत्ति बड़ी मात्रा में है, जिसका संचालन चंद लोग मनमाने तरीके से कर रहे हैं। मंदिर की इस बेशकीमती भूमि को ट्रस्ट बताया जाता है, लेकिन नियमानुसार संपत्ति का ब्यौरा प्रशासन के पास नहीं है। इस वजह से मंदिर की बेशकीमती भूमि को किराए पर देकर मुनाफा कमाया जा रहा है तो वहीं लीज की आड़ में मंदिर की भूमि को बेचने की भी शिकायत कलेक्टर के पास पहुंची है। अब चांपा के रसूखदार नंदकुमार देवांगन पर हसदेव नदी के उस पार हसदेव पब्लिक स्कूल के सामने बड़ी मात्रा में मंदिर की भूमित पर कब्जा किए जाने का आरोप है। लोगों का कहना है कि नंदकुमार देवांगन ने बगैर कोई शासकीय प्रक्रिया का पालन किए बड़ी मात्रा में मंदिर की भूमि पर कब्जा किया गया है। मौके पर बाउंड्रीवाल भी है, जिसकी तस्वीर भी मौजूद है। आसपास के लोगों से पता साजी करने पर पता चला कि उक्त भूमि पर रसूखदार नंदकुमार देवांगन का कब्जा है। गौरतलब है कि हनुमान देव मंदिर डोंगाघाट चांपा की बेशकीमती भूमि का बंदरबाट लंबे समय से किया जा रहा है। मंदिर के सर्वराकार महंत नरोत्तम दास के निधन के बाद नए सर्वराकार की नियुक्ति और मंदिर की बेशकीमती बड़ी मात्रा की भूमि को लेकर विवाद शुरू हो गया है, जो थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामले की लिखित शिकायत भी कलेक्टर से हुई है, जिसमें संज्ञान लेते हुए कलेक्टर को पूरे मामले में जांच कराकर दूध का दूध और पानी का पानी करना चाहिए।

### मुआवजे में भी घालमेल की संभावना

बताया जाता है हनुमान देव मंदिर डोंगाघाट चांपा की बेशकीमती भूमि कई जगह बड़ी मात्रा में है। लोगों की मांग है कि मंदिर के सर्वराकार महंत नरोत्तम दास के निधन के बाद मंदिर के आय व्यय का लेखा जोखा सार्वजनिक किया जाना चाहिए। क्योंकि मंदिर के पास मौजूद भूमि लोगों द्वारा दान की गई है, जिसके चलते इसका उपयोग भी स्वहित के बजाय लोकहित में होना चाहिए।

### स्कूल बनाने किया था कब्जा

जब हमनें इस संबंध में पक्ष लेने के लिए रसूखदार नंदकुमार देवांगन से उनके मोबाइल पर संपर्क किया तो उन्होंने मंदिर की भूमि पर स्कूल बनाने के लिए कब्जा करना स्वीकार किया। उनका कहना है कि वहां बेजाकब्जा हो रहा था। मंदिर की भूमि को सुरक्षित रखने के लिए कलांतर में सर्वराकार स्व. महंत नरोत्तम दास की सहमति से वहां बाउंड्रीवाल किया गया है। बाद में वहां स्कूल बनाने की योजना टल गई, जिसके चलते अब उस भूमि पर मंदिर का ही कब्जा है।

# शा.प्रा.शाला अमोदी में हुआ मेगा पीटीम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह विकास खण्ड के शा.प्रा.शाला अमोदी के स्कूलों मे शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा के निर्देशन पर जिले के समस्त स्कूलों मे मेगा पीटीम अर्थात मेगा टीचर पैरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड बम्हनीडीह के शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी में भी मेगा पीटीम का आयोजन किया गया। इसके लिए बकायदा सभी पालको अभिभावकों को एक दिन पूर्व निमंत्रण कार्ड भेजा गया था। साथ ही ज़ोनल अधिकारी का भी नियुक्ति संबंधित स्कूलों के लिए किया गया था। मीटिंग में प्रमुख रूप से शिक्षा में पालको की भूमिका, बोलेगा बचपन, आज क्या सीखा, पढ़ाई का कोना, परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक दान महादान अभियान आदि पर विस्तृत चर्चा किया गया। शिक्षक पालक बैठक में उपस्थित सभी पालको को उपरोक्त सभी बिन्दुओ पर जानकारी दिया गया साथ ही उन सभी कार्यक्रमों से संबंधित कुछ रिकार्डेड वीडियो को भी विद्यालय के स्मार्ट टीवी में डिस्प्ले किया गया। अपने बच्चों के वीडियो को देखकर पालकगण मन ही मन बहुत खुश हुए। बैठक में फिर आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाणपत्र ,मध्यान्ह भोजन, पर भी चर्चा किया गया। शिक्षक गुलज़ार बरेठ ने विद्यालय में संचालित अन्य कायक्रम जैसे पुस्तकालय, खेल-खेल मे शिक्षा के अंतर्गत जादूई पिटारा, विज्ञान के अंतर्गत हूनर का झोला, हर घर गुब्बारा कार, बाल बचत बैंक आदि के बारे में चर्चा किया। साथ ही हूनर के झोला के अंतर्गत विज्ञान के कई प्रयोगो को शिक्षक गुलज़ार बरेठ द्वारा करके बताया। जादुई पिटारा के सामाग्रियो का भी प्रदर्शन किया गया। शिक्षक गुलज़ार बरेठ ने उपस्थित पालको को कहा कि शिक्षा में आप सबके भागीदारी से शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी सफलता के बुलंदियों को छू सकता है। अपने बच्चों के सभी गतिविधिओ पर ध्यान दे ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। शिक्षाविद सेवानिवृत्त प्रधान पाठक एआर साहू ने कहा कि शिक्षा में माता-पिता के सक्रिय भागीदारी से विद्यार्थिओ को जरूर लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पालकगणो द्वारा भी फीडबैक और सुझाव लिया गया। शाला के प्रभारी प्रधान पाठक रामकुमार केंवट ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सबकी सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है बिना आपके सहयोग से विद्यालय और गांव का विकास मुश्किल है। उक्त शिक्षक पालक बैठक में बड़ी संख्या में पालकगण, सरपंच महोदया सहित जनप्रतिनिधिगण स्कूली बच्चे व शिक्षकवृन्द उपस्थित रहे।

# सरकारी कॉलेज में हुआ मतदाता जागरूकता एवं NSS के बी प्रमाण पत्र परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com






शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के लिए "बी प्रमाण पत्र " परीक्षा आयोजित किया गया। बाह्य परीक्षक के रूप में प्रो पीतांबर राय (कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना) रामबाई कन्हैया लाल साहू महाविद्यालय हसौद आए हुए थे। कायक्रम का आरंभ प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (कार्यक्रम आधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा समस्त स्टाफ और छात्र छात्राओं का स्वागत करते हुए किया गया। बाह्य परीक्षक प्रो पीतांबर राय ने समस्त छात्र छात्राओं को एनएसएस के लक्ष्य और उद्देश्य को बताते हुए कार्यक्रम में परीक्षा के लिए उपस्थित सभी को शुभकामना दी। प्रो महेंद्र यादव ने समस्त छात्र छात्राओं को वर्ष भर महाविद्यालय में निःस्वार्थ सेवा के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रो हेमपुष्पा चंद्रा (सहायक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना) ने छात्र छात्राओं को अनुशासित रहने और सेवा भाव से काम करने के लिए बधाई दी,अंत में प्रो सोमेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए समस्त छात्र छात्राओं और स्टाफ को धन्यवाद देते हुए सबका आभार व्यक्त किया और छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय में एक और कार्यक्रम आगामी लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाए गए और समस्त प्रो द्वारा मतदाता को जागरूक करने के लिए प्रेरित किए। प्रो सोमेश कुमार घिटोडे (स्वीप नोडल अधिकारी)ने कहा की स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा सभी मतदाताओं को निडर और निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जगह जगह नुक्कड़ नाटक और रैली निकला जाता है ताकि लोग अधिक से अधिक मतदान करे।

# कलेक्टर ने रामसेतु पुल का किया निरीक्षण

## डीएमएफमद से होगा पुल का सौंदर्यीकरण



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

अरपा नदी पर बने रामसेतु पुल का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जायेगा। रिवर फ्रंट के पास पुराने अरपा पुल का नामकरण रामसेतु के रूप में किया गया है। अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को नगर निगम द्वारा इसका नामकरण किया गया। विधायक श्री अमर अग्रवाल के नेतृत्व में इस दिन कार्यक्रम आयोजित था। रामसेतु की गरिमा के अनुरूप अब इसका जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जायेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस सिलसिले में आज रामसेतु पुल का स्थल निरीक्षण किया। डीएमएफ मद से इसके लिए प्राक्कलन के अनुरूप लगभग 2.67 करोड़ की राशि दी जायेगी। कलेक्टर ने प्रशासनिक स्वीकृति के लिए जल्द ही फाइल पुट अप करने को कहा है। लगभग ढाई सौ मीटर लंबी पुल की दीवारों में रामायण की चौपाई और प्रमुख प्रसंगों की सुंदर तस्वीर उकेरी जायेगी। खूबसूरत प्रवेश द्वार बनेगा। रात में रोशनी से जगमग होगा। ऐसी सजावट होगी कि अयोध्या के राम मंदिर परिसर जैसी झलक देखने को मिलेगी। निगम आयुक्त अमित कुमार सहित निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात



पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन जांजगीर चांपा ईकाई के पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला से सौजन्य मुलाकात किया उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही जिले में विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। चांपा नगर में ट्रैफिक व्यवस्था, रात कई में सुचारु रुप से पुलिस गस्त करवाने अवगत कराया गया जिसमे पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया गया इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट यूनियन के जिला संयोजक कुणाल चंद गुप्ता जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल उपाध्यक्ष प्रकाश रात्रे, अशीष अग्रवाल, प्रमोद कश्यप महासचिव संतोष देवांगन सचिव विजय चंदन, सुखसागर माथुर कोषाध्यक्ष बलराम पटेल कार्य. सदस्य उमेश कश्यप, रघुबीर सिंह नेताम, संजय पांडेय सहित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# एलईडी टीवी के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हुआ लाईव संबोधन



पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

कार्यक्रम में एलईडी टीवी के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाईव संबोधन दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर छत्तीसगढ़वासियों को 34 हजार 427 करोड़ रूपए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कर विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण यहां के गरीबों, युवाओं और महिलाओं के आर्थिक उन्नति एवं आधारभूत संरचना के विकास से होगा और इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है। निश्चित रूप से इसका लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को मिलगा। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की सौगात देने पर प्रधानमंत्री का जताया आभार-मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के लिए 34 हजार 427 करोड़ रूपए के 10 परियोजनाओं का सौगात देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विकास के वादे के साथ छत्तीसगढ़ सरकार लगातार काम कर रही है।

''विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़'' के माध्यम से विकास के नए युग का शुरूआत होगा।

# ब्रेजा कार में गांजे की तस्करी, 45 किलो गांजा के साथ 4 आरोपी पकड़ाए

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नशे के विरूद्व बिलासपुर पुलिस ने बडी कार्यवाही की है। 45 किलो गांजा के साथ 4 आरोपियों को पकड़ा गया है। आरोपी ब्रेजा कार में गांजा की तस्करी कर रहे थे। पुलिस के अनुसार बरामद गांजा का बाजार मूल्य लगभग 4 लाख 50 हजार रूपये है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24.02.2024 को मुखबीर से सूचना मिली की भारतीय नगर मुक्तिधाम के पास पीले रंग के ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 10 एमएस 2345 में कुछ संदिग्ध लडके बैठे हुए हैं, जो बडी मात्रा में गांजा लेकर आये हैं और ग्राहक की तलास कर रहे हैं। सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को बताकर थाना सिविल लाईन एवं एसीसीयू की टीम द्वारा भारती नगर मुक्तिधाम के पास घेरा बंदी कर पीले रंग की ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 10 एमएस 2345 को पकडा गया। कार में आरोपीगण गोलू खटिक निवासी टिकरापारा खटिक मोहल्ला, अभिषेक खटिक निवासी टिकरापारा खटिक मोहल्ला, सुन्दर तेवर निवासी जूना बिलासपुर एवं डेविड डिसूजा निवासी राजीव गांधी चौक कुम्हारपारा के बैठे हुए मिले, जिनसे पुछताछ करने पर गुमराह करने लगे। कार की तलाशी लेने पर कार की डिक्की में 03 बडे ब्रीफकेस एवं 02 प्लास्टिक बोरी के भीतर छिपाकर रखा गया गांजा जो 01 किलो एवं 02 किलो साईज के प्लास्टिक के पैकेटो में पैक किया हुआ था बरामद हुआ। जब्त गंजे की कुल वजन 45 किलो ग्राम है। बरामद गांजा का अनुमानित बाजार मूल्य 4 लाख 50 हजार रूपये है। आरोपीगण के विरूद्व नारकोटिक्स एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। पुछताछ पर आरोपीगण द्वारा बलांगीर उडीसा से गांजा खरीदकर लाना बताया गया है। आरोपीगण का बलांगीर उडीसा के संपर्क सुत्रों की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम वैधानिक कार्यवाही किया जावेगा। इस अभियान में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य, सहायक उपनिरीक्षक दिलाराम मनहर, प्रधान आरक्षक नवीन सोनकर, आरक्षक सोनू भार्गव एसीसीयू प्रभारी कृष्णा साहू, सहायक उपनिरीक्षक शोभनाथ यादव, प्रधान आरक्षक देवमून पुहूप, आरक्षक सरफराज खान, तरूण केशरवानी, सत्या पाटले, बोंधुराम कुम्हार, विरेन्द्र गंधर्व, निखिल राव जाधव, संतोष यादव, प्रशांत सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ देना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य : कलेक्टर नूपुर

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ जिला स्तरीय कार्यक्रम जे.एल.एन. कॉलेज मैदान सक्ती में आयोजित में किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कायक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुनने बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं आम नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा कर्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया गया। जिले में आयोजित कार्यक्रम स्थल में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित थे, विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रदेश में 34 हजार 427 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इनमें 18 हजार 897 करोड़ रुपए की लागत वाली 9 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 15 हजार 530 करोड़ रुपए की एक परियोजना का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के विकास में छत्तीसगढ़ का विशेष योगदान है। विकसित छत्तीसगढ़ से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पास परिश्रमी किसान हैं। प्रतिभाशाली नौजवान हैं और प्रकृति का खजाना है। यहां विकसित होने की सारी संभावना मौजूद है। छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़ी लगभग 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें कोयले से जुड़े, सौर ऊर्जा से जुड़े और कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट हैं। इनसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बहनों को महतारी वंदन योजना की बधाई देता हूँ इससे लाखों महिलाओं को लाभ होगा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे।

## 01 मार्च से जेठा कलेक्ट्रेट के सामने प्रारंभ हो सकता है टोल नाका

# सावधान : कलेक्ट्रेट कार्यालय जाने पर भी अब लग सकता है टोल प्लाजा

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com





बनारी से मसानिया तक के नेशनल हाईवे मार्ग के लगभग पूर्ण हो जाने पर एवं सकरेली रेलवे ओवर ब्रिज के कार्य के भी पूर्ण होने के बाद अब सक्ति जिले वासियों को टोल प्लाजा चुकाना होगा तथा जेठा कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने जिस तरह से टोल प्लाजा को प्रारंभ करने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है, उससे ऐसा लगता है कि 1 मार्च से जिले वासियों को शक्ति कलेक्ट्रेट कार्यालय जाने के लिए भी टोल प्लाजा से होकर गुजरना होगा एवं टोल प्लाजा की गाइडलाइन के अनुसार वहां से बिना शुल्क दिए कोई नहीं निकल सकता, जिसे देखते हुए शक्ति की छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विजय डालमिया ने उपरोक्त टोल प्लाजा में सक्ति जिले वासियों को शुल्क मुक्त रखने एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय जाने वाले लोगों को किसी भी प्रकार का टोल प्लाजा नहीं लेने का आग्रह किया है,तथा चैंबर ने इस बात को लेकर कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा है वहीं जहां पर टोल प्लाजा लगाया जा रहा है उसके ठीक सामने ही जेठ पैसेंजर हाल्ट रेलवे स्टेशन है जहां की प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में रेल यात्री सुबह से देर रात तक स्टेशनों से आना-जाना करते हैं एवं जेठा रेलवे स्टेशन से काफी संख्या में थ्री व्हीलर ऑटो वहां से लोगों को गांव तक पहुंचाते हैं एवं टोल प्लाजा यदि प्रारंभ हो गया तो इन थ्री व्हीलर ऑटो चालकों को भी आर्थिक नुकसान झेलना होगा अब देखना है की सक्ति जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना इस दिशा में क्या हाल निकालती है, वही जेठा के कलेक्ट्रेट कार्यालय के ऊपर शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय भी स्थापित है, जहां लगभग 1000 की संख्या में विद्यार्थी पढ़ते हैं, एवं उन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए प्रतिदिन काफी संख्या में शिक्षक प्रदेश के अन्य जिलों से भी आते हैं, तथा टोल प्लाजा यदि चालू होता है तो चार पहिया वाहनों पर आने वाले शिक्षकों, विद्यार्थियों को भी टोल चुकाना होगा इस बात को लेकर भी सवालिया निशान लग गया है एवं जेठा टोल प्लाजा से कुछ ही दूरी पर सकरेली रेलवे ओवरब्रिज जो की शक्ति जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के अथक प्रयासों से 14 माह में ही पूर्ण हो गया है एवं दो-तीन दिन पूर्व ही इस रेलवे ओवरब्रिज पर छोटे वाहनों का यातायात प्रारंभ कर दिया गया है एवं कुछ दिनों पश्चात इस पर भारी वाहन भी चल सकेंगे।

# जिले में नवीन स्वीकृत पीएम आवास का हुआ भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार और राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना के द्वारा जिले के पंचायत विभाग के परियोजना निदेशक सहित सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियो को बेहतर कार्य करने के लगातार निर्देश दिये जा रहे है। जिसके तहत विगत दिवस जिले के सभी जनपदों में नवीन स्वीकृत पीएम आवास के कार्यो का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया गया। जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत जाजंग में कलेक्टर पन्ना सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 36 आवास का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत जैजैपुर के ग्राम पंचायत देवरघटा में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारीयों कर्मचारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में 10 आवास प्रारम्भ किये गये। तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम सिंघरा में 4 हितग्राहियों का आवास निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने पंचायत विभाग के संबंधित अधिकारीयों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य गुणवत्ता पूर्ण और तेजी से करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर जिलापंचायत सदस्य विद्या सिदार, टीकेश्वर गबेल, निर्मल सिन्हा, रामनरेश यादव, तसीलदार विद्या भूषण साव, प्रीति पवार, अभियंता लेख बहादुर सहित सरपंच।

# माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर करणी सेना ने की खारुन गंगा महाआरती

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



महादेव घाट रायपुर माघी पूर्णिमा की संध्या को दीपकों की रौशनी से जगमगा उठा जब करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष एवं माँ खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति के प्रमुख वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में एक बार पुनः रायपुर के महादेव घाट पर पूर्णिमा की संध्या पर बनारस घाट की तर्ज पर खारुन गंगा महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बृहद संख्या में शहर भर के श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। खारुन गंगा मैया की यह महाआरती गत एक वर्ष से निरंतर प्रत्येक माह की पूर्णिमा की संध्या पर होती आ रही है जिसमें हजारों की संख्या में शहर भर के श्रद्धालु सम्मिलित होकर दीपदान कर पुण्य प्राप्त करते हैं। बीते दिसंबर इस महाआरती का वार्षिकोत्सव अत्यंत गरिमामय रूप से संपन्न हुआ जिसमें 108 ब्राह्मणों द्वारा आरती कर विश्व कीर्तिमान रचा गया। इस बार भी प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा संपूर्ण विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ आरती संपन्न हुई। सभी आगंतुकों ने खारुन एवं भारत की सभी नदियों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। निरंतर एक वर्ष से खारुन आरती देश भर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनती जा रही है जिससे प्रेरणा लेकर देश भर में अन्य स्थानों पर भी इस प्रकार के आयोजन किये जा रहे हैं। खारुन गंगा आरती समिति के प्रमुख वीरेंद्र सिंह तोमर के अनुसार यह आरती सनातनी हिंदुओं के लिए एकजुट होकर देश समाज एवं प्रकृति के प्रति अपनी-अपनी ज़िम्मेदारी तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# मैनपाट महोत्सव के दूसरे दिन मशहूर भोजपुरी गायक खेसारी लाल और आरु साहू के गीतों पर थिरका सरगुजा

## गजल गायक कुमार सत्यम के गीतों ने बांधा समां

पायनियर संवाददाता ✓ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

मैनपाट महोत्सव के दूसरे दिन लोगों में और अधिक उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग महोत्सव का आनंद लेने पहुंचे। मंच पर थिरकते बच्चों और कलाकारों के साथ आम जन ने भी सुर से सुर और कदम से कदम मिलाए। मशहूर भोजपुरी कलाकार खेसारी लाल के भोजपुरी गीतों पर दर्शक जमकर झूमे, खेसारी लाल के स्टेज पर पहुंचते साथ लोगों ने जमकर तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। प्रसिद्ध गजल गायक कुमार सत्यम के गजलों तुम्हारी दौलत नई नई है... याद याद याद, बस याद रह जाती है, से समा सुरमई हुआ। छत्तीसगढ़ी गायिका आरु साहू के गीतों ने लोगों को थिरकने पर मजबूर किया। ख्यात कलाकार अमन अक्षर ने रामभक्ति से भरा काव्य पाठ किया। स्थानीय कलाकारों में आयुष नामदेव, हर्ष पुरी तथा जसमीत कौर के गीतों ने लोगों को आयोजन स्थल में बांधे रखा। वहीं गीत-संगीत के साथ विभिन्न पारम्परिक नृत्यों पर लोग थिरके। कठपुतली नृत्य, सम्बलपुर के दुलदुली डांस ग्रुप द्वारा दुलदुली नृत्य, बुधमन सन्यासी की टीम के द्वारा नगपुरिहा गीत एवं नृत्य मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक गीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

# हिन्द इंग्लिस मीडियम हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया, छात्र-छात्राओं ने की मनमोहक प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



हिन्द इंग्लिस मीडियम हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर संजय नगर स्थित गरीब नवाज मुस्लिम हाल में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संजय श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी आवश्यक हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी वितरित किया। हिन्द इंग्लिस मीडियम हाई स्कूल के डायरेक्टर मिर्जा एजाज बेग ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि कम फीस में अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से इस शाला की स्थापना की गई है। शाला अपने उद्देश्यों की पूर्ति में निरंतर अग्रसर है। शाला के वार्षिकोत्सव में किशोर महानंद प्रदेश मंत्री भाजपा संजय दुबे प्रांत संपर्क प्रमुख, सुभाष तिवारी पूर्व उपाध्यक्ष छ.ग., संदीप गांधी, रजिस्ट्रार कलिंगा वि.वि., संजय जोशी विद्यार्थी परिषद, समीर अख्तर पार्षद शहीद राजीव पाण्डे वार्ड, हाजी अनवर पूर्व मुतवल्ली, हाजी राजा एवं जमील अहमद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समस्त अतिथियों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। समारोह में हिन्द इंग्लिस मीडियम हाईस्कूल संजय नगर, रायपुर की हज्जान रेहाना बेगम, प्राचार्य सुरैया मिर्जा, मैनेजमेंट शेख नजीबा, संध्या केलवानी, गुलनाज परवीन, मुस्कान खान, करिश्मा ब्रिजवानी, भारतीय साहू, हमैरा परवीन, जैस्मिन, रंजना सिंह, अफ्शा नाज, शबाना, आफरीन, गुलफ्शा शेख मैम, समीना खान, बुशरा, कम्प्युटर ऑपरेटर रूही नाज, तनेश्वरी धनगर। मिर्जा इजहरबेग, साजीद पठान, इजराईल खान, मौलाना आमीर बेग, अतीक कुरैशी, शेख फहीम, युनुस खान कासम भाई, कय्युम। मंच संचालन - सादीक ने किया एवं समस्त शिक्षिकाऐं, छात्र-छात्राऐं, अभिभावकगण उपस्थित थे।

# राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 मार्च तक

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य दिनांक 15 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम नागरिक की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिए थे। ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन प्राथमिकता से कर सकें। इसी कड़ी में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयाल दास बघेल ने ऑनलाईन नवीनीकरण के आवेदन के लिए तारीख आगामी 15 मार्च 2024 तक बढ़ाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।

# आवाज की दुनिया में भी रोजगार की बेहद सम्भावनाएं एमिटी में वॉइसओवर आर्ट पर वर्कशॉप



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

बदलते समय के साथ जॉब मार्केट में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। जनसंचार माध्यम की बढ़ती उपयोगिता के साथ आवाज (वॉइस ओवर) से जुड़े क्षेत्र में रोजगार के व्यापक अवसर है। इसी विषय पर राजधानी रायपुर के एमिटी विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विषय के विशेषगी एवं गेस्ट स्पीकर डॉ अनुराधा दुबे ने कहा की हम जितना सीखते हैं उतना बेहतर महसूस करते हैं, और जितना बेहतर महसूस करते है उतना ही बेहतर बोलते हैं। आपकी आवाज आपके व्यक्तित्व का पहचान होती है। आपके उच्चारण, भाषा की पकड़ से संस्कृति को अभिव्यक्ति मिलती है। इस समय पर आवाज को लेकर जो बाजार खड़ा हुआ है, उसमे रोजगार की बेहतर सम्भावनाएं है। देश के कई संस्थाओं में वॉइस ओवर कला को लेकर पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे है। इनसे जुड़कर आप भी रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते है। ऑडियो एक्सपर्ट न्यूज प्रजेंटर शिरीन सिद्दीकी ने कहा कि अपनी आवाज को अलग अंदाज में पेश करना भी एक कला है। निरंतर प्रयास से इस कला को और निखारा जा सकता है। हर दिन के अभ्यास और भाषा कि गरिमा के साथ हम वॉइस ओवर के क्षेत्र में बहुत आगे जा सकते है। आज के दौर में वॉइस ओवर आर्टिस्ट बनकर अपने करियर को आकर्षक बनाने के साथ समाज में प्रतिष्ठा अर्जित कर सकते है। आप किसी भी डॉक्यूमेंट्री, वेबसीरीज में अपनी आवाज देकर लोगों के बीच लोकप्रिय हो सकते है। एक वॉइस ओवर आर्टिस्ट को सामान्य संस्कृति के साथ ही भाषा और संस्कृति की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। आपकी आवाज में स्पष्टता, उच्चारण, पिच, बेस के साथ शब्दों के व्याकरण की समझ होनी चाहिए।

# श्री दिगंबर जैन मंदिर के नजदीक पूज्य संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज को दी गई विनयांजलि





पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

श्री दिगंबर जैन मंदिर के नजदीक पूज्य संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज को विनयांजलि दी गई। दोपहर 1.00 बजे से शुरू हुये आयोजन में सभी धर्म व वर्ग के लोग शामिल हुये। सर्वप्रथम उपस्थित जनों ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किये। सर्वप्रथम शुभ्रा जैन ने मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि सम्पूर्ण भारत वर्ष में रविवार को संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर जी मुनिराज को कृतज्ञ राष्ट्र की भावपूर्ण विनयांजलि दी गई। सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कुंडलपुर तीर्थ स्थल के निर्माण के प्रेरणास्त्रोत आचार्य को याद किया। भारतवर्ष की पावन धरा पर संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जैसी महान विभूति ने जन्म लिया और अपने सम्पूर्ण जीवन के हर अध्याय को अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनका सम्यक दर्शन, ज्ञान और चारित्रमय जीवन, आत्म बोध के साथ साथ लोक बोध के लिए भी था। समस्त जनमानस ने आचार्य विद्यासागर जी को विनयांजलि व गुणानुवाद ह्यकरने काफी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंच का संचालन अनिल जैन ने किया। सभा में संतोष जैन नाहर अध्यक्ष जैन सभा, रितेश जैन, किशन अग्रवाल, अनिल केशरवानी, मधु पोद्दार, अधि. रमेश सिंह, ज्ञानचंद जैन, प्रेम चंद जैन, विवेक जैन, रवि जैन, अरुण जैन, महेंद्र जैन, सुनील जैन, विजयंत जैन, शैलेश जैन, प्रवीण जैन, नीरज अग्रवाल, पंकज जैन संचेती, आनंद जैन, गिरधर जायसवाल, अंकुर जैन, हफीज मेमन, पार्षद अनिल प्रजापति, पार्षद अजय जायसवाल, डा. करन, सुन्दर लाल दुग्गड, पार्षद श्याम सुंदर पोद्दार, संजय केशरवानी, पूर्व पार्षद राजेश जायसवाल, ठाकुर प्रसाद केसरी, विनोद तिवारी, अशोक गुप्ता, पीहू जैन, वीरेंद्र श्रीवास्तव, प्रभा जैन, रानू जैन, संजय सेंगर, रत्ना जैन, इंजिनियर वसंत जायसवाल, संजय गायकवाड, सी ए शिवांग जै, लक्ष्मी बाई, शुभ्रा जैन, लता जैन, मुक्ति जैन, रत्ना जैन, सरिता जैन अर्चना जैन, मधुजैन, डा.मंजुलिका करन, शिम्मी जैन एवं श्वेताम्बर जैन समाज एवं महिलाएं मौजूद रही।

# भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक यूगाचार्य स्वामी प्रणवानंद जी महाराज का 129 वॉ तम आर्विभाव जयंती का समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

माघी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 24/02/2024 को भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक यूगाचार्य प्रणवानंद जी महाराज के 129 वॉ तम आर्विभाव जयंती के उपलक्ष्य में वीआईपी रोड स्थित बीएसएस प्रणवानंद अकादमी परिसर में शांति महायज्ञ हवन का विशेष कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यावरण के संरक्षण गतिविधि के प्रांत संयोजक डॉ. अनिल उपस्थित थे। कार्यक्रम में वक्ता के रुप में शाला के सचीव स्वामी शिवरुपानंद महाराज, स्वामी सुरेशानन्द महाराज एवं स्वामी पानानंद महाराज उपस्थित थे। कार्यक्रम में धीरेन्द्र मिश्रा, एन. आर. नायडू, गुरुदेव टुटेजा, अभिभावक, साधुवृंद, अनुयायी एवं शाला परिवार वृहत रुप में उपस्थित थे। साथ ही सुनहरी यादें टीम रंजीत बोस एवं उनके ग्रुप के द्वारा सुंदर मनोहारी भजन की प्रस्तुती दी गई। साथ ही महा आरती, भोगप्रसाद वितरण एवं वस्त्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पुलिस को मदद करना युवक को पड़ा महंगा, पशु तस्करों के झारखंडी सहयोगियों ने घर में घुसकर किया हमला

## हमलावरों ने कहा जान लेना हमारे लिए कोई बड़ी बात नहीं

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



कुछ दिनों पूर्व जंगल के रास्ते से कनकपुर में निवास रत पशु तस्करों के द्वारा बूचड़खाने में बेचने के लिए अनेकों पशु लेकर जा रहे थे। जिसकी सूचना छोटेलाल यादव के द्वारा रामानुजगंज पुलिस को दी गई। रामानुजगंज पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। कुछ दिनों बाद जमानत पर आरोपी बाहर आ गए और उसके घर में घुसकर हमला कर दिए पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस थाना रामानुजगंज में आप बीती के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है कार्रवाई नहीं करने की स्थिति में बजरंग दल के पदाधिकारी के द्वारा उग्र आंदोलन करने की बात कही गई है। पुलिस थाना रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कनकपुर निवासी छोटेलाल यादव आ. रामचंद्र यादव ने रामानुजगंज थाना प्रभारी को लिखित शिकायत करते हुए कहा है कि 23 फरवरी 2024 के रात 1:00 बजे के लगभग कुछ पशु तस्करों को पकड़वाने में आवेदक द्वारा पुलिस थाना रामानुजगंज को सूचना करते हुए अपराध रोकथाम में पुलिस को सहयोग किया गया था, जिससे क्षुब्ध होकर उक्त अपराध कारित करने वाले लोगों के सहयोगियों मे इबरार, हासिम, इलियास, खुर्शीद आलम, यासीन अंसारी, एनोम अंसारी सहित 07 अन्य सहयोगी जो झारखंड प्रदेश से तालुका रखते हैं उनके द्वारा 24 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे के लगभग एकराय होकर एक संगठित तस्करी गिरोह के इन सदस्यों ने एक साथ मेरे घर का दरवाजा खटखटाया और मेरे द्वारा दरवाजा खोलने के साथ ही उन लोगों ने गृह भेदन करते हुए धारदार टांगी से मुझ पर अचानक से हमला कर दिया, किसी तरह से अपना जान बचाकर मैं भागकर दुसरे कमरे में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया जिससे मेरी जान बच सकी। लेकिन आरोपियों के द्वारा बंद दरवाजे को तोड़ने का भरपूर प्रयास किया गया। जब दरवाजा नहीं टूटा तो गाली-गलौज करते हुए यह धमकी दिये की तस्करी में हमारा जो भी नुकसान हुआ, उसका भरपायी करो नहीं तो तुम्हारा घर का सब सामान और गाय-बैल पशु हम ले जायेंगे और बच गये हो लेकिन आज के बाद कहीं भी तुम अथवा तुम्हारा परिवार दिखा तो हम सबको जान से मारकर फेंक देंगे। यही हमारा धंधा है हमारे लिये जान लेना कोई बड़ी बात नहीं है। कुछ देर बाद जब मैं अपने रूम से बाहर निकला और गांव के लोगों से घटना को बताया तो पत्ता चला कि ठीक ऐसा ही मार-पीट,लूट पाट एवं गृहभेदन का घटना उन लोगों के द्वारा उपेन्द्र यादव पिता चन्द्रिका यादव के साथ उसके घर पर हुआ है तो वहां गांव के गिजिनिया दामर टोला में गांव के लोगों के द्वारा उनमें से कुछ लोगों को पकड कर थाने में सूचना कियें। इस पूरी घटना को वहां उपस्थित बली यादव पिता बिलास यादव, बिहारी यादव पिता सुखी यादव, सुरेश यादव पिता शोभनाथ यादव, इनके साथ गांव के अन्य लोगों ने देखा व सुना गया है। उक्त घटना से मैं तथा गांव के लोग काफी भयभीत हैं जिस संबंध में आवश्यक कठोर कार्यवाही करते हुए गौ-तस्करी गिरोह के सभी सदस्यों की गिरफ्तारी करते हुए उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई हैं।

**थाना प्रभारी ने 13 लोगों को किया गिरफ्तार**

उक्त घटाना के संबंध में थाना प्रभारी ललित यादव ने बताया कि हमला करने वाले 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें जेल दाखिल करने की कार्वाई की जा रही है।

# क्वांटम कंप्यूटिंग वर्तमान समय की आवश्यकता : प्रो. प्रशांत श्रीवास्तव

## विप्र कॉलेज और साइंस कॉलेज द्वारा आयोजित नेशनल सेमिनार का समापन



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय नागार्जुन स्नाकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर और विप्र महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में क्वांटम कंप्यूटिंग विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल सेमिनार के अंतिम दिवस समापन समारोह हेमचंद विश्वविद्यालय से डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि तथा डॉ. राजेंद्र लाकपाले, इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर की अध्यक्षता एवं प्रो. पी.सी. चौबे, प्राचार्य शासकीय नागार्जुन स्नाकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय की विशिष्ट उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय सेमिनार के समापन अवसर पर प्रोफेसर प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग आज की आवश्यकता है। इस विषय में सेमिनार के द्वारा विद्यार्थियों को तेजी से बदलती और विकसित हो रही नई तकनीक की जानकारी मिली है। जिससे उनका आत्मविश्वास बना रहे और तकनीक के क्षेत्र में पीछे ना रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र लाकपाले ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग से डाटा एनालिसिस करना आसान हो गया है। इससे मौसम विज्ञान जैसे क्षेत्र में सही अनुमान लगाने में सहायता मिलती है। इसी तरह हर क्षेत्र में जहां डाटा एनालिसिस की आवश्यकता है, क्वांटम कंप्यूटिंग महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। डॉ पीसी चौबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग आने वाले समय में रिसर्च के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला है। इसलिए इस विषय पर सार्थक चर्चा आवश्यक है। प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने सेमिनार का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि तीन दिन तक क्वांटम कंप्यूटिंग पर विषय विशेषज्ञो द्वारा चर्चा निश्चित ही विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होगा। अतिथियों के उदबोधन उपरांत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए डॉ. रोहित डहरिया



पायनियर संवाददाता ✓ पामगढ़
www.dailypioneer.com

इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान बालाघाट मध्यप्रदेश द्वारा शोध, साहित्य, सामाजिक कार्य, जागृति रचना, कला के क्षेत्र मे उत्कृष्टता के लिए पामगढ़ के डॉ रोहित डहरिया को डॉक्टरेट डी. लीट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। डॉ. डहरिया पूर्व मे मंडी सदस्य व जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भी रह चुके है। अभी वर्तमान मे बहुजन समाज पार्टी जांजगीर-चाम्पा के जिलाध्यक्ष है। डहरिया छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेश मे लगातार कला के माध्यम सामाजिक जागृती कार्य जारी है, जिसके लिए उन्हें इस सम्मान के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम मे जिला बालाघाट के कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, बालाघाट विधानसभा के विधायक अनुभा मुंजारे, नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वीरेंदर सिंह गहरवार, डॉ संगीता गहरवार एवं हजारों की संख्या मे देश के हर प्रदेश से बौद्धिक लोग उपस्थित रहे। डॉ. डहरिया के इस उपलब्धि से क्षेत्रवासीयों ने खुशी जाहिर की है। सावित्री डहरिया, अंजलि डहरिया, रामकुमार डाहिरे, डॉ शुभम, अशोक डहरिया, भानेश्वर डहरिया, श्रीराम लहरे, लक्ष्मण दिनकर, प्रदीप लहरे, अशोक खुटे, संध्या, जयंती, प्रकाश डहरिया, बलदेव, जीतेन्द्र बर्मन एवं पार्टी पदाधिकारीयों ने विभिन्न माध्यमो से बधाई दी है।

# श्रीराम जानकी मंदिर समिति के अध्यक्ष बने विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ✓ बसना
www.dailypioneer.com





श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल को श्रीराम जानकी मंदिर समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रमुख पदाधिकारियों ने फुलमाला पहनाकर अंगवस्त्र व उपहार भेंट कर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल का सम्मान किया। समस्त मंदिर प्रांगण जय श्री राम जय जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने उपस्थित सम्मानित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने मुझे श्रीराम जानकी मंदिर समिति का अध्यक्ष चुना है, सेवा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर दिया है। भारत भूमि के साथ साथ पूरे विश्व में श्रीराम जी और हिन्दूत्व का परचम लहरा रहा है और एक मजबूत नेतृत्व की वजह 500 साल बाद हमारे श्रीराम लला जी भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। जिस पल का हम सभी भारतीयों को वर्षो से इंतजार था। विदेशों में भी हमारे श्रीरामलला जी का भव्य मंदिर बनवाया जा रहा है। हमारा भारत पुनः विश्व गुरु बनने की राह पर है। आप सभी को ज्ञात है कि वर्ष 2018 में हरिनाम संकीर्तन में एक साथ 800 मृदंग दलों ने 25000 लोगों के साथ हरे राम हरे कृष्णा का जाप करते एवं वर्ष 2023 में श्रीमद्भागवत कथा में 25000 से अधिक माता बहनों द्वारा एक ही रंग के वस्त्र धारण कर सिर पर कलश धारण कर विश्व रिकॉर्ड बना कर बसना का परचम विश्व में लहराया है। और आगे भी श्री राम जी, हिंदुत्व और बसना का परचम लहराता रहेगा। मैं आशा करता हूं कि आप सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ जनों का आशीर्वाद हमेशा ऐसा ही मुझपर बना रहें। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विश्व हिन्दू परिषद सौरभ अग्रवाल, अभय धृतलहरें, जयंती अग्रवाल राजेश अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, जयनारायण अग्रवाल, अशोक जोशी, अजय अग्रवाल, दीपक शर्मा, सुभाष अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, सूर्य नारायण अग्रवाल, जगदीश दास, रमेश कर, संदीप अग्रवाल,रतन अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, डिम्पल छाबड़ा, रीतेश अग्रवाल, तरुण दास, गजानंद अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल आदि मौजूद थे।

# दुर्ग पुलिस ने 8 घंटे के भीतर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई

## आरोपी ने मृतक के हत्या करने का प्लान करने के बाद दिया घटना को अंजाम

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



बत्तीस बंगला के सामने गैरेज रोड के किनारे झाड़ियों में एक अज्ञात शव होने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच कर शव पंचनामा कार्यवाही की गई जो प्रथम दृष्टया हत्या होना प्रतीत होने पर थाना भिलाई नगर में मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सायबर) अनुराग झा, नगर पुलिस अधीक्षक (भिलाई नगर) विश्व दीपक त्रिपाठी, उप पुलिस अधीक्षक (क्राईम) मणिशंकर चंद्रा, के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भिलाई नगर एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम गठित कर आरोपी पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु लगाया गया। घटना के संबंध में प्रार्थी शेख सलमान पिता शेख समीर की रिपोर्ट पर अपराध धारा 302 भादवि कायम किया गया है। टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक के जेब में मिली सायकल स्टैण्ड की पर्ची के आधार पर मृतक की शिनाख्त शेख शाहरूख जो इंदिरा मार्केट सायकल स्टैण्ड में काम करता था के रूप में हुई। टीम द्वारा मृतक के दोस्तो से पूछताछ करने पर मृतक को आखिरी बार दुर्ग आईडीबीआई बैंक पोलसाय पारा के सामने दिनांक 23 फरवरी की शाम को देखना बताये। जिसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला गया जिसमें मृतक किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैठ कर जाते दिखा। इस आधार पर पुलिस टीम कई सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन कर उस अज्ञात व्यक्ति की पतासाजी में जूट गई। जो टीम को इंदिरा मार्केट के फुटेज से जानकारी प्राप्त हुआ कि एक अज्ञात व्यक्ति स्प्लेंडर मोटर सायकल में आकर मार्केट के चारो तरफ घुम कर मृतक शेख शाहरूख का तलाश किया जो शेख शाहरूख इंदिरा मार्केट में नही मिला तब आरोपी ने मार्केट के एक व्यक्ति से मोबाईल मांग कर आरोपी से बातचीत कर उनका लोकेशन लिया। जबकि आरोपी के पास स्वयं का अपना मोबाईल रखने के बाद भी अपनी उपस्थित एवं पहचान छुपाने के लिए अन्य व्यक्ति के मोबाईल से फोन कर मृतक से आईडीबीआई एटीएम पोलसाय पारा दुर्ग में जाकर मिला जहां पर आरोपी ने मृतक को बातचीत कर मोटर सायकल में बैठाकर अपने साथ ले जाते पता चला। उपरोक्त घटना क्रम की जानकारी पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला को होने पर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस की तीन अलग-अलग टीम नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्वदीपक त्रिपाठी एवं निरीक्षक राजकुमार लहरे थाना प्रभारी भिलाई नगर तथा सउनि पूर्ण बहादूर सिंह एसीसीयू के नेतृत्व में टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की धर पकड़ गिरफ्तारी हेतु नगर पुलिस अधीक्षक की टीम को तकनीकी जानकारी एकत्र करने एवं एसीसीयू की टीम तथा थाना प्रभारी को सीसीटीव्ही फुटेज तथा भौतिक साक्ष्य संकलन का कार्य सौपा गया। जो सीसीटीव्ही फुटेज के अवलोकन से अज्ञात आरोपी के फुटेज को मृतक शेख शाहरूख के मित्र एवं परिजनों के दिखाने पर अज्ञात व्यक्ति का पहचान आकाश नंदनवार निवासी जयंती नगर दुर्ग के रूप में हुआ। जो तकनीकी सहयोग के माध्यम से आरोपी आकाश नंदनवार को देर रात में जयंती नगर दुर्ग से हिरासत में लिया जाकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा घटना के संबंध में अनभिज्ञता जाहिर करने लगे जिनसे मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना कारित करना स्वीकार कर बताया कि आरोपी आकाश नंदनवार का मृतक शेख शाहरूख से पिछले 10-15 वर्ष पूर्व से ही परिचित होना बताये आरोपी एवं मृतक के बीच पैसे रूपये का आपस में कई बार लेन-देन होते रहना बताया।

## कोसरिया यादव समाज सर्किल रानीतराई के वार्षिक अधिवेशन और पाटन नगर परमेश्वरी जयंती महोत्सव में शामिल हुए दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा पाटन नगर पंचायत के अखरा मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के साथ मन की बात सुना। जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया की यह मोदी सरकार के इस दूसरा टर्म का 110 वी कड़ी के रूप मे आखिरी मन की बात है। क्योंकि मार्च महीने में आदर्श आचार संहिता लग जायेगी जिसके कारण 3 महीने तक मन की बात कार्यक्रम बंद रहेगी। मन की बात कार्यक्रम में मोदी जी ने कहा की तीन महीने के बाद 111वीं कड़ी के रूप में शुभअंको के साथ शुरुआत करेंगे। इस कार्यक्रम में हरप्रसाद आडिल, निशा सोनी, रानी बन्छोर, माधव वर्मा, पुष्पलता कश्यप, लता वर्मा, देवप्रसाद कश्यप, नागेंद्र कश्यप, सरस्वती निषाद, हेमन्त यादव, अमित वर्मा, रिंकू वर्मा, समीर बन्छोर, हसदेव देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। यादव कोसरिया समाज रानीतराई सर्किल के कार्यक्रम का आयोजन ग्राम तरीघाट मे किया गया. जिसको संबोधित करते हुए जितेंद्र वर्मा नें कहा पूरे प्रदेश के नजरिये से देखा जाए तो यादव समाज एक ऐसा समाज हैं जिनका हर एक घर परिवार से गौ सेवक होने के नाते घरेलू संबंध होता है वो हर किसी के सुख और दुःख में यह समाज सदैव साथ होता है। इस कार्यक्रम मे जितेंद्र वर्मा के साथ क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता संतराम कुंभकार, सरपंच ग्राम पंचायत तरीघाट अशोक साहू, अध्यक्ष लच्छी राम यादव, देव चरण यादव, संतु राम यादव, नारायण यादव, गोविंद यादव, चिंता राम यादव, गोकुल यादव, राधे कृष्ण यादव, एवं सभी पाली से आये समाज के साथीगण उपस्थित थे। देवांगन समाज पाटन नगर द्वारा आयोजित माँ परमेश्वरी महोत्सव एवं शोभायात्रा में शामिल हुए। दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा नें माँ परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर समस्तजनों के लोकमंगल की कामना कर आशीष प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में पाटन नगर के देवांगन समाज से बलदाऊ भाले, योगेश निक्की भाले, विनोद देवांगन, ललित देवांगन, हेमन्त देवांगन, कमलकांत देवांगन, भागेश देवांगन, केवल देवांगन, हर्ष भाले, छोटे लाल देवांगन एवं समाज के नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## नेहा साहू को मिली छग प्रदेश साहू संघ दुर्ग संभाग के संगठन सचिव पद की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष माननीय टहल सिंग साहू अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय संदीप साहू प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय भुनेश्वर साहू जी प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनकुमारी साहू जी व प्रदेश संयोजक (आई टी प्रकोष्ठ) द्वारिका साहू जी के अनुसंशा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आई टी प्रकोष्ठ) दुर्ग सभांग के पदाधिकारियो को नियुक्ति किया गया। उन्होंने कहा पदाधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाओ के साथ अपेक्षा करते है कि अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए समाज को नई दिशा एवं गति प्रदान करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंग साहू अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनकुमारी साहू व प्रदेश संयोजक (आई टी प्रकोष्ठ) द्वारिका साहू के अनुसंशा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आई टी प्रकोष्ठ) दुर्ग सभांग के पदाधिकारियो का नियुक्ति गया जिसमे दुर्ग निवासी नेहा साहू को मिली छग प्रदेश साहू संघ दुर्ग सँभाग के संगठन सचिव पद की जिम्मेदारी , उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ दुर्ग संभाग के संगठन सचिव नियुक्त किया गया है।

## गोपनीय सामग्री का वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा 01 मार्च 2024 से प्रारंभ हो रही है। उक्त परीक्षा की सफल संचालन हेतु गोपनीय सामग्री का वितरण 24 एवं 25 फरवरी 2024 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम जे.आर.डी.बहु.उ.मा.वि. दुर्ग में किया गया। गोपनीय सामग्री प्राप्त करने के लिए मुख्य परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष व प्राचार्य उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार प्रथम दिवस 24 फरवरी 2024 शनिवार को शासकीय/अशासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रुट क्रमांक 1 थनौद, चन्दखुरी, अंजोरा ख, रसमड़ा, सेजस नगपुरा, बोरई, अण्डा, मतवारी तिरगा, बेलौदी, पुलगांव नया केन्द्र निकुम, रुट क्रमांक 2 में रिसाली, मरोदा टैंक, सेजस उतई, कन्या उतई, पुरई, उमरपोटी नया केन्द्र, डुन्डेरा, सेजस सेलूद, कन्या सेलूद, देवादा, कन्या तर्रा, मर्रा, मचान्दुर, पाउवारा, पंहडोर घुघवा, रुट क्रमांक 3 में जेवरा सिरसा, करंजा मिलाई, ननकट्ठी, मेड़ेसरा, खम्हरिया, खपरी, बोरी, नवागांव पुरदा लिटिया, टेमरी, हिरीं, चीचा, घोटवानी, रुट क्रमांक 4 में केसरा, सेजस पाटन, कन्या पाटन, तेलीगुंड़रा, सेमरी, भनसुली, तरीघाट, ओदरागहन, सेजस रानीतराई, बेल्हारी, सेजस जामगांव आर, बटरेल, कन्या रानीतराई, रुट क्रमांक 5 में कुगदा, सेजस कुम्हारी, पाहंदा, कपसदा, लिमतरा, जामगांव एम, झीट, अमलेश्वर, जमराव, सांकरा पाटन, रुट क्रमांक 6 में बालक धमधा, कन्या धमधा, पेन्ड्रावन, दारगाव, राजपुर, कन्हारपुरी, बरहापुर, घोंठा, देवरी, गोढ़ी, सेमरिया, सेजस अहिवारा, नंदनी खुंदनी, गिरहोला, माटरा कुल 79 केन्द्रों को प्रश्न पत्र वितरण किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा, वार्ड क्रमांक 1 ढीमर समाज सामुदायिक भवन नया पारा में शिविर आज

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और भारत सरकार के फ्लैगशिप स्कीम के प्रचार-प्रसार व योजनाओं के कवरेज को बढ़ावा देने और हितग्राहियों में जागरूकता लाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा 3.0 का सफल क्रियान्वयन किया जाएगा। बता दे कि 26 फरवरी प्रातः 8 से दोपहर 12 तक शिविर वार्ड क्रमांक 1 ढीमर समाज सामुदायिक भवन नया पारा और वार्ड क्रमांक 8 दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक शासकीय प्राथमिक शाला सराय के पास, 27 फरवरी को वार्ड क्रमांक 31 शनिचरी बाजार पुराना स्वास्थ्य विभाग और 2 से 6 बजे तक शासकीय पू.मा. शाला केलाबाड़ी में, 28 फरवरी को वार्ड क्रमांक 52 शीतला चौक हनोदा रोड बोरसी और 2 से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम रोड गया नगर में लगाया जाएगा। 29 फरवरी को वार्ड क्रमांक 20 कुशाभाऊ ठाकरे भवन और 2 से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 49 साईं सुपर मार्केट विद्युत नगर में शिविर लगाया जाएगा। सभी शिविरों में आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार पंजीयन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व महतारी वंदन योजना के स्टाल लगाए जाएंगे।विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन बैगापारा स्टेडियम में 26 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा।

## अभियान सृजन के तहत नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान थाना प्रभारी गिधौरी द्वारा लगातार चलाए जा रहे हैं

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



अभियान सृजन के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे विरुद्ध विशेष अभियान चालाया जा रहा है एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागिय अधिकारी बलौदाबाजार अनूज कुमार के में थाना प्रभारी निरीक्षक कैलास चंद्र दास के नेतृत्व में आज दिनांक 25.02.2024 को नशे विरूद्ध वार्ड क्रमांक 01 नगर पंचायत टुण्डरा (भैसामुड़ा) एवं ग्राम गिधौरी में सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां गाँव के बडे बुजुर्गो व बच्चों को एकजुट कर शराब, गांजा, गुटखा, तम्बाखू आदि सभी प्रकार के नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दिया गया जाकर नशे से दुर रहने हेतु ग्रामिणों को शपथ दिलाया गया एवं उनसे नशे के विरुद्ध पुलिस के इस अभियान में बढ़चढ़ कर साथ देने के लिए अपील किया गया तथा अज्ञानता वश नशे का शिकार होकर गलत राह पकड़ लेने वाले लोगों को जानकारी देकर सही रास्ते में लाने के लिए नशा के खिलाफ अभियान सृजन अंतर्गत पुलिस द्वारा इस तरह का जागरूकता अभियान साथ ही साथ नशे के धंधे में संलिप्त अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई लगातार जारी है।

## संत निरंकारी मिशन आजादी के 76वें 'अमृत महोत्सव'



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

संत निरंकारी मिशन आजादी के 76वें 'अमृत महोत्सव' के अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के मार्गदर्शन मे 25 फरवरी रविवार को 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का शुभारम्भ किया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण' तथा इसके बचाव हेतु अपनायी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं उन्हें क्रियान्वित करना है। इस परियोजना का मुख्य बिन्दू जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा समाज कल्याण हेतु जीवनपर्यन्त अनेक कार्य किये गये जिसमें स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान का आरम्भ प्रमुख है और उन्हीं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए, इस वर्ष संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशन में 'अमृत परियोजना' का आयोजन किया जा रहा है।

## लगातार यातायात पुलिस एवं सामाजिक संस्था द्वारा सेक्टर 9 एवं ग्लोब चौक में यातायात नियमों का पालन करने जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) सतीष ठाकुर, संदानंद विध्यराज के नेतृत्व में चलाये जा रहे यातायात जागरूकता कार्यक्रम में सामाजिक संस्था भी अपनी सहभागिता निभा रहे है जागरूकता कार्यक्रम के तहत लगातार सेक्टर 09 चौक, सेक्टर 06 पुलिस पेट्रोल पंप के सामने यातायात निरीक्षक के.बी.नागे एवं हमराह स्टाफ के साथ सामाजिक संस्था के सदस्यो के द्वारा बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालक, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चालक को समझाईस देते हुए यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया साथ ही हेलमेट लगाकर एवं सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालको को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। यातायात पुलिस दुर्ग बिना हेलमेट पर कार्यवाही के साथ साथ लोगो को जागरूक करने का भी प्रयास कर रही है। ओर लोगो को हेलमेट के महत्व को बताते हुये यह किस प्रकार किसी सड़क दुर्घटना में हमारी जान बचाता है इसके जानकारी दी जा रही है। जिसमे सामाजिक संस्था भी इसमें अपनी सहभागिता निभा रहे है कुछ कालोनी में हेलमेट भी आनिवार्य किया गया है!

### संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह

## संसार के लोगों पर नहीं ईश्वर पर भरोसा करना चाहिए : पं. परमानंद शास्त्री

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



मौत की गारंटी है इसलिए मौत की तैयारी करनी चाहिए। मनुष्य खाली हाथ आता है और खाली हाथ ही जाता है उनका केवल कर्म ही साथ देता है। हमें जाने की तैयारी करनी चाहिए, रहने की नहीं। कर्म ही जीव को राक्षस बनाता है और कर्म ही देवता बनाता है। उक्त उदगार कथावाचक पंडित परमानंद शास्त्री मढ़ी वाले की है। ठाकुरदेव चौक मढ़ी में समस्त मोहल्ला वासियों की ओर से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिवस रविवार को भगवताचार्य ने कपिल जन्म, सती कथा, शिव पार्वती विवाह प्रसंग का वर्णन किया। भागवत कथा के दौरान कथावाचक ने शिव-पार्वती विवाह का सचित्र प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि विवाह संस्कार पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है, ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि हमें भी आत्मविश्वास से ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का जाप करना चाहिए, क्योंकि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।

भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। इस संसार के लोगों का कोई भरोसा नहीं है। कब कौन धोखा दे दे कुछ कहा नहीं जा सकता। इसलिए सिर्फ़ ईश्वर पर ही भरोसा करना चाहिए। कथा में भूतों की टोली के साथ नाचते-गाते हुए शिवजी की बारात आई। बारात का भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शिव-पार्वती की सचित्र झांकी सजाई गई थी। विधि-विधान पूर्वक विवाह सम्पन्न हुआ। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और विवाह की रस्म पूरी हुई। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। भागवत कथा 02 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 01 से सायं 05 बजे तक चलेगी।

## आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे दुर्ग जिले की रेलवे अधोसंरचना को करोड़ों रुपए की सौगात : जितेन्द्र वर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



आगामी 26 फरवरी सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर के 550 अमृत भारत स्टेशन के शिलान्यास के साथ-साथ रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से देश की जनता से जुड़ेंगे। दुर्ग जिले के रेल इतिहास का ये सबसे खास दिन साबित होगा जब दुर्ग जिले में 10 से अधिक विकास कार्यों की सौगात रेलवे क्षेत्र को मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले शिलान्यास और लोकार्पणों का स्थानीय स्तर पर एलईडी के माध्यम से अलग-अलग स्थान में वर्चुअल कार्यक्रम होगा, जिसमें जनता और स्थानीय कार्यकर्ता शामिल होंगे। स्थानीय स्तर पर प्रातः 10:45 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12:20 बजे जुड़कर लोकार्पण शिलान्यास के साथ अपना उदबोधन देंगे। दुर्ग जिले में अलग-अलग स्थान पर वर्चुअल माध्यम से होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रेलवे के अधिकारियों से समन्वय हेतु जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक और जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्ये को प्रभार दिया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया कि दुर्ग रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 1 पर अंडरब्रिज के लिए कार्यक्रम होगा इसी प्रकार दुर्ग शहर में ही उरला और बघेरा के अंडरब्रिज का संयुक्त कार्यक्रम उरला में रेलवे क्रॉसिंग पर सिद्धेश्वर मंदिर के पास होगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी, जिसका कार्यक्रम भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में ही संपन्न होगा। अहिवारा विधानसभा अंतर्गत सिरसा गेट भिलाई- 3 में अंडरब्रिज लोकार्पण और डी केबिन बीएमआई चरोदा के अंडरब्रिज की सुविधा भिलाई 3 चरोदा नगर निगम की जनता को मिलेगी, जिसका पृथक पृथक कार्यक्रम दोनों स्थान पर होगा।

# लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद में एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आयोजित हुआ

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ की कांशी भगवान आशुतोष लक्ष्मणेश्वर की नगरी खरौद में एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर महाविद्यालय सभागार में आयोजित यह संगोष्ठी मुख्य अतिथि दिगम्बर राठौर, सेवानिवृत टेक्नीशियन शा. चिकित्सा महाविद्यालय अंबेजोगाई जिला बीड महाराष्ट्र तथा मुख्य वक्ता अशोक राठौर सेवानिवृत्त लेखा अधिकारी जे पी चंद्रपुर महाराष्ट्र की गरिमामयी उपस्थिति तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी.सी.भारद्वाज की अध्यक्षता, भूतपूर्व प्राचार्य डॉ ए आर बंजारे , डॉ एफ आर भारद्वाज प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय डभरा, डॉ यू एन कुर्रे प्राचार्य शासकीय इंद्रजीत महाविद्यालय अकलतरा की विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ, दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। यह संगोष्ठी वर्तमान में अति प्रासंगिक विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम पर आयोजित था। जिसमें विकसित भारत की परिकल्पना, अवरोध, चुनौतियां और संभावनाएं, सकरात्मक सोच और सामाजिक परिवर्तन जैसे विविध पहलुओं पर विचार विमर्श कर नई शिक्षा नीति 2020 की महत्ता को विद्वान वक्ताओं के द्वारा सरल शब्दों में जानने और समझने के लिये आयोजित था। यह संगोष्ठी वक्ताओं के ज्ञान रूपी प्रकाश से उपस्थित श्रोताओं छात्र छात्राओं को आलोकित करने में पूर्णतः सफल रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी सी भारद्वाज ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुये इस संगोष्ठी की उपयोगिता को रेखांकित करते हुये शिक्षण संस्थानों में शिक्षा और शोध की महत्ता तथा समाज के लिये इनकी उपयोगिता पर अपनी बात रखी। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में जड़ता और गिरावट के लिए विचार कौशल की कमी को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रो.जॉन डीवे और एडवर्ड डीबोनो के शिक्षा दर्शन को अपनाने की बात कही। महाविद्यालय के भूतपूर्व प्राचार्य डॉ ए आर बंजारे ने कहा कि वर्तमान में समाज को उन्नतशील बनाने में यह अति आवश्यक है, कि नई शिक्षण पद्धतियों के द्वारा ज्ञान के प्रति संवेदना तथा नवीन समाजोपयोगी शोध पर बल दिया जाये। डॉ एफ आर भारद्वाज ने बताया कि नई शिक्षा नीति किस प्रकार हमारी शिक्षा व्यवस्था को एक नयी उन्नत राह की ओर ले जा रही है। डॉ यू एन कुर्रे ने नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुये बताया, कि कैसे यह शिक्षा नीति विद्यार्थियों में जीवन की सभी कलाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। मुख्य वक्ता अशोक राठौर ने विचारों की महत्ता और शिक्षा दर्शन की अनिवार्यता पर अपनी बात रखते हुये विचार कौशल को सुदृढ़ बनाने के लिये महापुरुषों के विचार, जीवन दर्शन किस प्रकार सहायक होते हैं को स्पष्ट किया। उन्होंने बुद्ध के दर्शन में आत्मचिंतन, आत्म निरीक्षण और आत्म परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए ज्योतिबा फूले, डॉ भीमराव अम्बेडकर का शिक्षा के प्रति किस तरह की अवधारणा थी, उनका कितना प्रभाव शिक्षा व्यवस्था पर किस तरह पडा है, इस पर भी राठौर ने अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि दिगम्बर राठौर ने संत गुरू घासीदास व रविदास जी के नाम से उद्बोधन को प्रारंभ करते हुये वर्तमान शिक्षा पद्धति से भारत का विकास कैसे हो सकता है, पर अपनी बाते रखीं। शिक्षा के द्वारा विद्यार्थियों के विचार कौशल का किस तरह से विकास होता है ।उन्नत विचार कौशल रखने वाले विद्यार्थियों से ही कैसे एक तर्कशील समाज का निर्माण और विकास होता है, पर भी उन्होंने बहुत सारगर्भित रूप से अपने विचार व्यक्त किये।

# केवट निषाद समाज अमोदी परिक्षेत्र द्वारा द्वितीय वर्ष गुहाराम निषादराज जयंती एवं बिलासा स्मृति दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com





छग केवट निषाद समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण अंतर्गत 9 जिले के 32 परिक्षेत्र आते है। शिवरीनारायण परिक्षेत्र से अलग होकर अमोदी परिक्षेत्र बना है। विगत दो वर्ष से सामाजिक कार्यक्रम में विविध आयोजन बड़े स्तर में क्षेत्रीय अध्यक्ष मनीराम कैवर्त के कुशल नेतृत्व में हो रहा है। जिसमें परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकारिणी, पंचगणों व स्वजातीय सम्माननीय जनों का अपार सहयोग रहा।जहा एक मंच में विविध आयोजन से समाज को नई दशा दिशा देने, सामाजिक समस्याओं का विश्लेषण करते हुए पहल, सामाजिक प्रतिभाओं को निखारने व सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने का काम अमोदी परिक्षेत्र ने बड़े ही सुन्दर ढंग से की है। इस अवसर पर पूरे प्रदेश से केंद्र से अनेक परिक्षेत्र से समाजसेवी पहुंचे थे जिनका सम्मान श्रीफल, शाल व मोमेंटो भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मनोहर लाल निषाद महासचिव प्रदेश संगठन, गायत्री कैवर्त उपाध्यक्ष प्रदेश संगठन, अशोक निषाद संगठन सचिव प्रदेश संगठन, रामेश्वर केवट अध्यक्ष केन्द्रीय समिति, सनत कुमार कैवर्त कोषाध्यक्ष केन्द्रीय समिति, रमेशचन्द्र निषाद महासचिव केन्द्रीय समिति, खोलबहरा कैवर्त सर्वराकार केंद्रीय समिति, बहरता राम संरक्षक केन्द्रीय समिति, धनेश कैवर्त उपाध्यक्ष केन्द्रीय समिति, रामविलास कैवर्त कार्य कारिणी, मन्नू माधव कैवर्त अध्यक्ष बारापाली, बंशीलाल केवट पूर्व अध्यक्ष शिवरीनारायण, राज कुमार केवट पूर्व सचिव बिलाईगढ़, अजय कुमार केवट प्रचार सचिव केन्द्रीय समिति, दीपक मांझी सरपंच अमोदी, केशव प्रसाद साहू उपसरपंच अमोदी, विभिन्न परिक्षेत्र के पदाधिकारी, परिक्षेत्र के पदाधिकारी, पंचगण, स्वजातीय बंधुओं सहित सामाजिक जन समुदाय की अपार संख्या देखते ही बनती रही। अध्यक्ष मनीराम कैवर्त ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया।

# नगर निगम महापौर ने किया निर्माणाधीन स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज सिस्टम का आकस्मिक निरीक्षण

■ कार्य की गुणवत्ता व ड्रेनेज के स्लोप पर विशेष ध्यान दिए जाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिला नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र-11 अंतर्गत कोतवाली से रानी धनराजकुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा तक बनाए जा रहे स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज सिस्टम की कार्यप्रगति का अधिकारियों की टीम के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, ड्रेनेज सिस्टम के स्लोप को मेनटेन करने तथा डाले जा रहे ह्यूम पाईप के ज्वाइंट की मजबूती पर खास नजर रखने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दिए। उन्होने उक्त महत्वपूर्ण कार्य को समयसीमा के अंदर अनिवार्य रूप से पूरा करने को कहा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 14वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत 96 लाख रूपये की लागत से कोरबा पुराने शहर स्थित कोतवाली थाना से लेकर रानी धनराजकुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक अंडरग्राउण्ड स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। आज महापौर राजकिशोर प्रसाद ने उक्त महत्वपूर्ण निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, इस दौरान महापौर प्रसाद ने बताया कि कोरबा शहर में ड्रेनेज सिस्टम की खराब स्थिति होने के कारण कोतवाली से लेकर रानी धनराजकुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम खराब होने के कारण विशेषकर वर्षा ॠतु के दौरान पानी की समुचित निकासी न हो पाने के कारण सड़क में जल जमाव की स्थिति बनती थी, इस समस्या से निपटने के लिए निगम द्वारा उक्त निर्माण कार्य कराया जा रहा है ताकि पानी की निकासी सरलता से हो एवं जल जमाव की स्थिति न बने। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें ।

# रामपुर पहाड़ में लगी आग, देर रात पाया गया काबू

## गर्मी शुरू होते ही दावानल की पहली घटना

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में गर्मी का मौसम शुरू होते ही पहाड़ो में आग लगने का क्रम शुरू हो चुका है। इसी क्रम में शहर के अंदर ही रामपुर के पहाड़ में आग की लपटें देखी गई जिसे कई किलोमीटर दूर से आसानी से देखा जा रहा था। यूं तो वन विभाग के द्वारा गर्मी के दिनों में दावानल की घटना से निपटने कई तरह की योजना बनाई जाती है। साथ ही साथ जागरूकता अभियान चलाते हुए इसे रोकने की बात कही जाती है। परंतु परिणाम इसके उलट देखने को मिलते रहा है। गर्मी के दिनों में हर साल जंगल मे आग लगने की खबरे लगातार सामने आते रही है। शहर के अंदर ही रामपुर की पहाड़ी में आग की भयंकर लपटे देखी गई। देखते ही देखते यहां के पहाड़ में आग इतनी अधिक बढ़ गई कि जिसे कई किलोमीटर दूर से भी आसानी से देखा जा सकता था।

गर्मी के दिनों में रायगढ़ जिले के पहाड़ो और जंगलों में इस तरह की घटना होना आम बात है। रामपुर क्षेत्र के युवाओं ने बताया कि पिछले साल भी यहां के पहाड़ में दावानल की घटना कई बार सामने आ चुकी है। परंतु इसके बावजूद वन विभाग इस ओर गंभीर नही है। कहा जा रहा कि अभी दावानल के शुरुआती दिनों में ये हाल है तो आने वाले दिनों में इनकी कथनी और करनी में आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। रामपुर के पहाड़ में आग लगने के कारणों का पता नही चल पाया है। आग अपने आप लगी या फिर किसी शरारती तत्व के द्वारा पहाड़ में आग लगाया है इसका भी कुछ पता नही चल पाया है। इस मामले में रायगढ़ वन परिक्षेत्र की रेंजर लीला पटेल ने बताया कि पहाड़ में आग लगने की सूचना शाम को मिल गई थी जिसकी बाद देर रात तक आग को बुझा लिया गया है।

# शराब पीकर वाहन चला रहे युवक का कटा 15 हजार रूपये का चलान

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com




सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कराने वाहन चेकिंग कर नियमानुसार चालानी कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा थाने के प्रधान आरक्षक संजय तिवारी एवं हमराह स्टाफके साथ हेमू कालाणी चौक पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दरम्यान जांच में एक मोटर सायकल चालक का चालक बिना लायसेंस, शराब सेवन कर वाहन चलाता मिला जिस पर मोटर अधिनियम की धारा 185 एवं 3/181की कार्रवाई कर इस्तगासा जेएमएफसी रायगढ़ के न्यायालय पेश किया गया।

## सट्टा खाईवाल के बेटे पर पुलिस की प्रतिबंधक कार्रवाई

**रायगढ़.** गत दिनों थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मुखबिर से सूचना मिली कि जूटमिल क्षेत्र में सट्टा खाईवाल कंगालू बरेठ का बेटा हेमराज बरेठ उर्फपप्पू (35 वर्ष) चोरी छिपे फिर से सट्टा खिला रहा है। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर कल अपने स्टाफके साथ अनावेदक हेमराज बरेठ के घर दबिश दिये।

# तमनार थाना प्रभारी ने दिए साइबर फ्रॉड महिला संबंधी कानूनों की जानकारी




पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सृजन महिला संघ के कार्यक्रम में पहुंचे थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर द्वारा महिला संघ की सदस्यों को ऑनलाइन फ्रॉड से सजग करते हुए फेक कॉल से बचने, मोबाइल ओटीपी शेयर ना करने और अंजान लिंक को क्लिक ना करने की समझाइश दिया गया तथा साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर डायल सहायता प्राप्त करने कहा गया। थाना प्रभारी ने गांव में फेरीवाले तथा सोना-चांदी चमकाने के नाम पर ठगी करने वाले तथा उठाईगिरी की घटनाओं की जानकारी देकर बैंक/एटीएम से रूपये आहरण करते समय सतर्क रहकर सावधानी बरतने कहा गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी द्वारा पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112 अथवा थाना प्रभारी तमनार के नंबर 94791-93217 पर सहायता प्राप्त करना बताया गया है।

# कर्मचारी हितों पर 'मोदी की गारंटी' का अमल को लेकर मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव के नाम कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के कार्यरत पोने 5 लाख कर्मचारियों की हितों पर मोदी की गारंटी अमल करने छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया सम्माननीय विष्णुदेव साय जीएवं मुख्य सचिव को चार सूत्रीय मांगों को लेकर 23 फरवरी 2024 को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला कोरबा के जिला संयोजक के आर डहरिया,नकुल सिंह राजवाड़े , तरुण सिंह राठौर, ओमप्रकाश बघेल, एस एन शिव, मानसिंह राठिया,, टी आर कुर्रे के नेतृत्व एवं सभी सम्बद्ध संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में तान सेन चौक से रैली के माध्यम से ज्ञापन अपर कलेक्टर एल. एन नाग को ज्ञापन सौंपा गया। इसी कड़ी मे पाली विकासखंड से खंड संयोजक प्रवीण कुमार गुप्ता, टी पी उपाध्याय,शाहिद खान, करतला विकासखंड मे आर डी श्रीवास, फूल सिंह कंवर, पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड मे गुलाबदास महंत, विनोद कुमार यादव कटघोरा विकासखंड मे विनय सोनवानी, कमल कुमार गुप्ता,के नेतृत्व में तहसीलदार, एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञातव्य हो कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में "मोदी की गारंटी" को लेकर वर्तमान सरकार द्वारा संकल्प पत्र जारी किया गया था, उक्त संकल्प पत्र में कर्मचारियों की हितों एवं मांगों का उल्लेख किया गया है यह संकल्प केवल संकल्प ही नही बल्कि "मोदी की गारंटी" है का अमल करने निम्न मांगे (1) केंद्रीय कर्मचारियों के समान चार प्रतिशत लंबित महंगाई भत्ता देय तिथि से प्रदान किया जाए।

# 'विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़': एसईसीएल की तीन एफएमसी परियोजनाओं का किया गया वर्चुअल उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com




देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा सतत विकास को बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप "विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़" कार्यक्रम अंतर्गत एसईसीएल की तीन प्रमुख फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं का वर्चुअल रुप से उद्घाटन किया गया। 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनीं यह परियोजनाएँ तेज, पर्यावरण-हितैषी और कुशल मशीनीकृत कोयला निकासी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताई जा रही हैं। एसईसीएल के दीपका क्षेत्र स्थित दीपका ओसीपी कोल हैंडलिंग प्लांट 211 करोड़ रुपये से अधिक लागत की एक प्रमुख परियोजना है। वार्षिक 25 मीट्रिक टन की कोयला हैंडलिंग क्षमता के साथ इस परियोजना में 20,000 टन की ओवरग्राउंड बंकर क्षमता और 2.1 किमी लंबी कन्वेयर बेल्ट है, जो प्रति घंटे 4,500-8,500 टन कोयले की तेजी से लोडिंग की सुविधा प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त यह परियोजना पिटहेड और रेल साइडिंग के बीच सड़क आधारित कोयले की आवाजाही को कम करके पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुनिश्चित करेगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगेगा। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा बल्कि रेक लोडिंग का समय एक घंटे से भी कम हो जाएगा और परिचालन दक्षता भी बढ़ेगी। एक अन्य महत्त्वपूर्ण परियोजना एसईसीएल के रायगढ़ क्षेत्र में छाल ओसीपी कोल हैंडलिंग प्लांट है। इसे 173 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसमें वार्षिक 6 मीट्रिक टन कोयला प्रेषण की क्षमता के साथ एक ओवरग्राउंड बंकर, 1.7 किमी लंबा एक कन्वेयर बेल्ट और 3,000 टन क्षमता का साइलो शामिल है। तीसरी परियोजना एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र में बरौद ओसीपी कोल हैंडलिंग प्लांट है। इसे वार्षिक रूप से 10 मीट्रिक टन कोयले की हैंडलिंग के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसे 216 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है।

**माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे बड़े मेले का शुभारंभ**

# भगवान जगन्नाथ स्वामी और माता शबरी की जयकारा से गुंज रहा है शिवरीनारायण

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com







परात्पर ब्रह्म, अखिल ब्रह्मांड नायक संपूर्ण जगत के स्वामी भगवान श्री शिवरीनारायण जी की पावन धारा में माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे बड़े मेले का शुभारंभ हो गया है, सुबह 4:00 बजे से ही लोगों की लंबी कतारें भगवान की एक झलक प्राप्त करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**सुबह 3:30 पहुंचे राजेश्री महन्त जी बावा घाट**-महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज माघी पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 3:30 बजे स्नान ध्यान के लिए चित्रोत्पला गंगा के त्रिवेणी संगम तट पर स्थित बावा घाट पहुंचे, यहां उन्होंने स्नान ध्यान के पश्चात दीपदान कर लोक कल्याण की कामनाएं की।

**4:30 बजे पट खुला भगवान का**-राजेश्री महन्त जी महाराज 4:15 बजे श्री नर -नारायण मंदिर में उपस्थित हुए जहां पहले से ही भगवान का श्रृंगार करके आरती प्रारंभ करने की प्रतीक्षारत पुजारी प्रियांशु तिवारी एवं हिमांशु तिवारी ने भगवान की पूजा अर्चना प्रारंभ की, विजयघण्ट, घंटी नगाड़े एवं शंख की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया 4:30 बजे भगवान का पट खुल और आम दर्शनार्थियों के लिए दर्शन सुलभ हो गया।

**श्रद्धालुओं ने की स्तुति गान-भये प्रकट कृपाला दीन दयाला-** जैसे ही भगवान शिवरीनारायण की मंगल श्रृंगार आरती संपन्न हुई उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने भगवान जगन्नाथ जी की जय -जयकार करते हुए स्तुति गान प्रारंभ किया -"भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी, हर्षित महतारी मुनि मनहारी अद्भुत रूप निहारी।"- श्री रामचंद्र कृपालु भजमन हरण भव भय दारुणं। नव कंज लोचन कंज मुख कर कंज पद कंजरुणाम।। भगवान का दर्शन लाभ प्राप्त कर लोगों ने अपना जीवन धन्य बनाया।

**सुबह 4:00 बजे से पहले लगी लंबी कतारें दर्शनार्थियों की**-माघी पूर्णिमा के अवसर पर भगवान जगन्नाथ जी का दर्शन लाभ प्राप्त करने के लिए लोगों की लंबी कतारें सुबह 4:00 बजे से पहले ही मंदिर के बाहर लगी हुई थी। लोग भगवान का भजन कीर्तन एवं जय- जयकार करते हुए अपनी-अपनी बारी का बड़े श्रद्धा भक्ति पूर्वक प्रतीक्षा कर रहे थे। पुलिस प्रशासन व्यवस्था को सुचारू रूप प्रदान करने में लगी हुई थी।

**जगदीश मंदिर में की गई पूजा अर्चना**-नर- नारायण मंदिर में पूजा अर्चना संपन्न होने के पश्चात राजेश्री महन्त महाराज मठ मंदिर में स्थित भगवान जगदीश की सेवा में उपस्थित हुए यहां विधिवथ आरती पूजन संपन्न होने के पश्चात उन्होंने उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को अपने हाथों से तुलसी दल का प्रसाद वितरण किया, जगदीश मंदिर के पुजारी त्यागी जी महाराज यहां पूजा में उनका सहयोग कर रहे थे।

**जगन्नाथ जी के खिचड़ी प्रसाद का वितरण**-नगर के सेवाभावी अग्रवाल परिवार के द्वारा माघी पूर्णिमा के अवसर पर शिवरीनारायण मठ प्रांगण में भगवान जगन्नाथ जी के खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था प्रत्येक वर्ष की तरह सभी दर्शनार्थियों के लिए की गई थी, सुबह 5:30 बजे भगवान को भोग लगाने के पश्चात लोगों को अपने हाथों से खिचड़ी प्रसाद वितरण प्रारंभ किया।

**शाही स्नान की परंपरा का निर्वाह**-शाही स्नान की परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्वाह्न 11बजे मठ मंदिर से गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए त्रिवेणी संगम बावा घाट पहुंचा। यहां सभी संत महात्माओं ने विधिवत पूजा अर्चना करके त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर पूण्य लाभ अर्जित किया। इस शोभायात्रा में देश के अनेक स्थानों से आए हुए संत महात्माओं के अतिरिक्त शबरी माता राम रथ यात्रा जबलपुर मध्य प्रदेश से (कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) रविकरण साहू जी सपरिवार अपने सहयोगियों सहित सम्मिलित हुए।

**महानदी का जल कलश भेंट किया रवि करण को**-शाही स्नान के पश्चात राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष साहू को महानदी का जल कलश भेंट किया वे इसे ले जाकर अयोध्या के सरयू नदी में तिरोहित करेंगे।

**रामनामी पंथ के लोगों ने राजेश्री महन्त जी से किया मुलाकात-** माघी पूर्णिमा के अवसर पर राज्य के दूर-दूर से आए हुए श्रद्धालु भक्त गणों ने राजेश्री महन्त महाराज से सौजन्य भेंट मुलाकात किया इसमें विशेष कर रामनामी पंथ के लोगों ने राम भजन गाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। राजेश्री महन्त महाराज ने उन्हें अपने हाथों से भगवान जगन्नाथ जी का खिचड़ी प्रसाद वितरित किया। समाचार लिखे जाने तक लोगों का भीड़ मेले में उमड़ रहा है, सांध्यकालीन बेला में लोग चित्तोत्पला गंगा महाआरती की भी प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# तेलंगाना जाना था, लेकिन दूर से आए अतिथियों को मुख्यमंत्री ने दिया समय

## अतिथि देवो भव: की परंपरा को निभाते हैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत में अतिथि देवो भवः की महान परंपरा रही है। अतिथि का तात्पर्य ही है जो बिना तिथि, समय आपसे मिलने आए और उन्हें ईश्वर के समान माना गया है। एक सुंदर प्रसंग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अस्थाई निवास पहुना में देखने को मिला। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुबह ही दिल्ली प्रवास से लौटे और 40 मिनट के अल्प विश्राम के बाद ही उन्हें तेलंगाना राज्य के प्रवास पर निकलना था। इसी बीच उन्हें जानकारी मिली कि जशपुर जिले के दुलदुला क्षेत्र से कुछ ग्रामीण उनसे मिलने निवास गेट के बाहर खड़े हैं। मुख्यमंत्री स्वयं जशपुर जिले से हैं और जानते हैं कि यह इलाका राजधानी से दूर है और लंबी यात्रा करके सभी यहां पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री के मन में अतिथि देवो भवः का यही भाव आया होगा और उन्होंने तत्काल सभी को अंदर बुलाया और मुलाकात करने की हामी भरी। चूंकि मुख्यमंत्री के सभी कार्यक्रम पूर्व निर्धारित होते हैं और अति व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद अपनों से मिलने की मुख्यमंत्री की आतुरता ने इस मौके को और खास बना दिया। जशपुर जिले के दुलदुला से आए सभी ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनका आभार जताया। इस दौरान युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमलचंद्र भंजदेव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे सभी ग्रामीणों का धन्यवाद दिया और कहा कि आप लोग आते हैं, तो ऐसा लगता है परिवार का कोई आया है। आप लोगों के असीम स्नेह का हमेशा ऋणी रहूंगा। आप लोगों के स्नेह से मेरी ऊर्जा बढ़ती है और मैं अपनी जिम्मेदारियां के प्रति दृढ़ संकल्पित हो जाता हूं। मेरी कोशिश है कि प्रदेशवासियों की बेहतरी के लिए अनवरत काम करता रहूं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि शीघ्र ही आप सभी से वापस मुलाकात होगी। दुलदुला से आए सभी ग्रामीणों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का व्यवहार हमेशा ही सरल, सहज और आत्मीय रहा है। हमने उन्हें हमेशा अपने सुख-दुख के साझेदार के रूप देखा है। अपनी बातें उनके सामने रखते आए है। साय से मिलने में हमें कभी संकोच नहीं हुआ और मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे उतनी ही आत्मीयता से हमसे मिले, हालचाल पूछा, क्षेत्र के बारे में जानकारी ली और बोले आप सभी से जल्द ही मिलूंगा। ग्रामीणों ने बताया कि हम पहुना गेट में खड़े थे और उनसे मिलना चाहते थे, लेकिन जब पता चला कि अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे राज्य से बाहर जा रहे है, तो हमें लगा कि शायद उनसे मुलाकात नहीं हो पाएगी। इसी बीच जानकारी मिली कि उन्होंने हमें तत्काल बुलाया है। हम अपने मुखिया से मिले और हमेशा की तरह वही आत्मीयता, वही व्यवहार देखकर सभी बड़े खुश हुए। उन्होंने बताया कि हम अपने मुखिया को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे थे। इस मौके पर जशपुर जिले के दुलदुला से आये गणेश मिश्रा, लखन राम, नीलाम्बर राम, जगदीश सिंह, रंजीत सिंह, देवनारायण सिंह, पंतू राम, प्रेम कुमार यादव, भागीरथी सिंह, शिव कुमार राम सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जन्म से बोलने में असमर्थ दो साल के मासूम रेहान का होगा निःशुल्क इलाज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री कैंप बगिया के निर्देश पर जशपुर जिला प्रशासन ने 2 साल के मासूम रेहान तिर्की के निःशुल्क इलाज की लिए पहल की है। मुख्यमंत्री के गृह जिला जशपुर के कांसाबेल ब्लाक के ग्राम पंचायत कोगाबहरी के आश्रित ग्राम नरियरडांड़ निवासी रिहान के पिता ईश्वर तिर्की ने अपने बेटे के इलाज में सहायता के लिए मुख्यमंत्री कैम्प में आयोजित जनदर्शन में सहायता मांगी थी। ईश्वर तिर्की ने बताया कि उसके बेटे के मुंह में जन्म से ही समस्या है। इस कारण वह बोल पाने में असमर्थ है। स्थानीय स्तर पर उन्होनें बहुत इलाज कराया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। डाक्टरों ने उसे इलाज के लिए बड़े अस्पताल में दिखाने की सलाह दी थी। उन्होंने रायपुर के एक निजी अस्पताल मे उसका इलाज कराया फिर भी रेहान बोल नहीं पाया। मुख्यमंत्री कैम्प बगिया से निर्देश मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम ने रेहान की जांच की है। टीम ने 2 साल के रेहान को क्लिफ्ट लिप पैलेट नामक बीमारी से पीड़ित के रूप में चिन्हाकिंत किया है। चिरायु टीम के प्रभारी डॉ अरविन्द रात्रे ने बताया कि रेहान का रायपुर में इलाज कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि रेहान का इलाज रायपुर के निजी चिकित्सालय मे निःशुल्क कराया जाएगा। रेहान जल्द ही अपने परिजनों और चिरायु टीम के साथ रायपुर भेजा जाएगा। जहां उसका इलाज किया जाएगा।

**मेडिकल कॉलेज रायपुर से इलाज करा, वापस घर लौटी सुकान्ति :** भोजन पकाने के दौरान,दुर्घटनावश आग से झुलस कर,दिव्यांगता का शिकार हुई श्रीमती सुकांति चौहान पति नंदकुमार चौहान,रायपुर के डीकेएस अस्पताल में उपचार के बाद वापस अपने घर आ गई है। आग में सुकांति का दोनों पैर बुरी तरह से झुलस गया था। स्थानीय अस्पताल में इलाज के बाद वह स्वस्थ तो हो गई थी,लेकिन चल फिर नहीं पा रही थी। 3 फरवरी को सुकांति और उसके पति नंदकुमार चौहान ने इलाज में सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुकांति को एंबुलेंस से रायपुर ले जा कर डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।यहां चिकित्सकों ने सुकांति के पैरों का सफल आपरेशन किया है। आपरेशन के बाद 15 दिनों तक सुकांति डाक्टरों की निगरानी में रही। अब वह वापस अपने घर पहुंच कर आराम कर रही है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही वह सामान्य लोगों की तरह चल फिर सकेगी। मेडिकल कालेज में उपचार की व्यवस्था के लिए सुकांति और उसके पति नंदकुमार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों बगिया में सीएम कैम्प कार्यालय के लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फोन पर डीकेएस अस्पताल मे उपचार के दौरान सुकान्ति से बात की थी और उसका हालचाल पूछ कर, जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनायें दी थी।

**अब तक 105 जरूरतमंदो को मिली सहायता** - मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बगिया में मुख्यमंत्री कैंप बनने के बाद से सहायता की उम्मीद लेकर जशपुर सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से पहुँचे 105 जरूरतमंदो को सहायता पहुंचाई जा चुकी है। इनमें इलाज के लिये सहायता के साथ सड़क दुर्घटना मे घायलो को एम्बुलेंस उपलब्ध कराना,शव वाहन उपलब्ध कराना जैसे कई मामले शामिल हैं।

# एस के रायपुर मैराथन 3 मार्च को रायपुर में जबरदस्त उत्साह, फीमेलस और यूथ के लिए फ्री रजिस्ट्रेशन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईआईइएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मेनेजमेंट द्वारा एस के फाइनेंस के साथ एसके रायपुर मैराथन के प्रथम संस्करण जो की 3 मार्च को आयोजन किया जायेगा को लेकर रायपुर में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। मरीन ड्राइव, अलग-अलग गार्डेंस में इसको लेकर तैयॉरियां शुरू हो चुकी है, रविवार एक प्रोमो रन भी इसको लेकर आयोजित किया गया जिसमे बड़ी संख्या में लोग जुटे। एस के मैराथन के आयोजक मुकेश मिश्रा ने बताया कि इस मैराथन दौड़ को बॉलीवुड सेलेब्रिटी महिमा चौधरी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेगी। कुल तीन केटेगरी में हजारों की संख्या में लोग मोर रायपुर, स्वच्छ, सुन्दर और स्वस्थ रायपुर बनाने के लिए दौड़ेंगे। एस के रायपुर मेराथन पहला संस्करण विमेंस की हेल्थ को लेकर डेडीकेट होगा, जिसमें एक स्पेशल केटेगरी रन फॉर हर रखी गयी है, जिसमें फीमेलस और यूथ का रजिस्ट्रेशन निःशुल्क होगा, इसके लिए 9829687996 पर संपर्क किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 28 फरवरी है।

## महतारी वंदन योजना : पात्र हितग्राहियों की अनंतिम सूची जारी

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना के हितग्राही अब अपने आवेदन की स्थिति और उस पर की गई कार्यवाही के बारे में जान सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा हितग्राहियों के लिए महतारी वंदन योजना के ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन पत्र की स्थिति ज्ञात करने की सुविधा प्रदान की गई है।

# श्रीराजीव लोचन का प्रकट्य उत्सव पर भक्तों ने किया दिव्यरूप का दर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



माघ पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्री राजीव लोचन के प्रकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रम्हमुहूर्त में मंदिर के पट खुल गया। मंदिर पुजारी समिति के अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने बताया कि भगवान श्री राजीव लोचन को दूध, दही, घी, शक्कर से बने पंचामृत और मीठे फलां के रस से अभिषेक कराया गया। इसके पश्चात् बहुत ही सुंदर श्रृंगार किया गया। जिसमें स्वर्ण मुकुट, माला मूंग, (नवरत्न) कर्ण, मकराकृत कुंडल चक्र, पैजब चूड़ा, बाजुबंध, पीतांबरी से सुसज्जित किया गया। श्रृंगार होने के बाद भगवान श्री राजीव लोचन अत्यंत ही मनमोहक नजर आ रहे हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया कि दोपहर में मुकुट को बदलकर पगड़ी पहनाते है। आज के दिन मंदिर पूरा समय श्रध्दालुओ के दर्शन के लिए मंदिर खुला रहता है। रात में आरती प्रसादी-भोग के बाद शयन के समय वृध्द पोषाक पहनाते है। भगवान को रिझाने और आशीर्वाद पाने के लिए प्यारी गाते है। मंदिर के पूजारी ने बताया कि आज के दिन भगवान जगन्नाथ मंदिर का पट बंद रहता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ स्वयं यहां उपस्थित होते है। यहां की प्रतिमा गजेन्द्र मोक्ष हरि अवतार है। भगवान के शयन के लिए प्रतिदिन दोपहर में दो घंटे के लिए एवं रात में पट खुलने तक बिस्तर लगाया जाता है। भगवान श्री राजीवलोचन का गर्भगृह और मंदिर के महामण्डप में दो क्विंटल से अधिक गेंदा फूल से खंभे एवं दीवाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया हैं, जो कि बहुत ही आकर्षक दिखाई दे रहा है। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालु इसकी भव्यता और सुन्दरता को देखकर अति प्रसन्न हो रहें है। इस बार माघ पूर्णिमा से ही श्रध्दालुओं की भीड़ देखने को मिली। श्री कुलेश्वर नाथ मंदिर में कतारबध्द होकर अपने बारी का इंतजार करते रहें। संगम में हर-हर गंगे, हर-हर महादेव, जय राजीव लोचन शब्द से जयकारा होती रहीं। नारियल धूप अगरबत्ती फूल आदि चढ़ाकर श्रध्दा सुमन अर्पित करते रहें।

# एम्स के नव नियुक्त निर्देशक जिंदल का सेना अधिकारियों ने किया स्वागत



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com


एम्स के नवनियुक्त निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) और ब्रिगेडियर अमन आनंद कमांडर कोसा को सेना के सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचाररियों द्वारा एनसीसी ऑफिसर मेस में स्वागत किया गया।




# 'लेट्स कोलैब छत्तीसगढ़' क्रिएटर्स मीट अप कार्यक्रम में क्रिएटर्स ने दिखाया जोश

## सुशासन की स्थापना में सोशल मीडिया के बेहतर उपयोग पर चर्चा के लिए एक दिवसीय मीटअप का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के जनसंपर्क विभाग के द्वारा नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन के ऑडिटोरियम में 'लेट्स कोलैब छत्तीसगढ़' क्रिएटर्स मीट अप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के जाने-माने सैकड़ों क्रिएटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव, आईएएस डॉ अय्याज फकीरभाई तंबोली ने किया। कार्यक्रम में 270 से अधिक से क्रिएटरों ने भाग लिया। जनसंपर्क विभाग के द्वारा अलग-अलग कटेगरी में बेहतर कंटेंट के लिए 15 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हए जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि इस मीटअप का उदेश्य एक सेतु पुल बनाना है खासतौर से क्रियेटिव लोगों के बीच। हम लोगों ने क्रिएटर मीट अप आयोजन इसलिए किए है क्योंकि आप लोगों के पास भी उपाय होते हैं। आप लोगों के पास भी तरीके पता है कि हम प्रशासन को बहुत आम आदमी तक ऐसे इलाकों में जहां पर प्रशासन नहीं पहुंच पाते है, वहां तक भी हम लोग कैसे पहुंच सकते हैं और कितनी तेजी से पहुंचा सकते हैं। मीट अप में सुशासन की स्थापना में सोशल मीडिया का महत्व, नई सरकार से युवाओं की उम्मीदें, सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर राय शुमारी की गई। कार्यक्रम में आईएएस डॉ अय्याज फकीरभाई तंबोली ने सोशल मीडिया की भूमिका पर चर्चा की। कार्यक्रम में आईपीएस अंकिता शर्मा ने कहा कि कभी भी किसी फर्जी वेबसाइट और ऐसे लोगों के विश्वास में न आए। अगर आपके साथ कोई फ्राड या समस्या या कोई आपको किसी कारण से ब्लैकमेल करे तो घबराएं नहीं, पुलिस से संपर्क करें। अगर आपके साथ कोई धोखे से धन ले लिया या कोई फ्राड हो गया तो जल्दी से जल्दी भारत सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर पर अपनी समस्या अंकित कराएं। अपने मोबाइल को लॉक रखे और एप को भी लॉक रखें, जिससे आपके निजी जानकारी या चित्र या कोई डाटा चोरी न कर पाए। कार्यक्रम को आईपीएस संतोष सिंग, एएसपी पिताम्बर पटेल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पैनल डिस्क्सन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आदर्श मिश्रा, हीन शेख, कृती शर्मा, मिनेंद्र चंद्राकर, रवींद्र सिंग उपस्थित थे।

## सात साल की नन्ही क्रिएटर ने जीता सबका दिल



जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित कॉलेब करहू का क्रिएटर मीटअप में, सोशल मीडिया और यूट्यूब के विभिन्न पेज और चैनलों के क्रिएटर्स ने भाग लिया। इसी बीच एक नन्ही क्रिएटर विनीता भी इस मीटअप का हिस्सा बनी। क्रिएटर मीटअप में हर उम्र के कलाकारों ने हिस्सा लिया जिसमें सबसे कम उम्र की क्रिएटर रही सात साल की विनीता। अपनी अद्वितीय प्रतिभा के साथ उन्होंने सभी का मन मोह लिया। मीटअप के दौरान, विनीता ने 'श्री राम आए है..' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी प्रतिभा ने सभी को आकर्षित किया और ऑडिटोरियम तालियों के शोर से गूंज उठा। विनीता की प्रस्तुति देख कर जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने उनकी प्रशंसा की और विनीता को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, विनीता की परफॉर्मेंस ने सबका मन मोह लिया है और उनकी उपस्थिति ने इस मीटअप को यादगार बना दिया है। वहां उपस्थित अन्य क्रिएटर्स भी ने उनकी प्रस्तुति की सराहना की। विनीता ने यूट्यूब चैनल के माध्यम से अपनी पहचान बनाई है। उनकी प्रस्तुति ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि जब बात अद्वितीयता और प्रतिभा की हो तो उम्र की कोई सीमा नहीं होती।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403